4 रायपुर संभाग
डराने धमकाने की राजनीति कर रही भाजपा : दीपक बैज

6 संपादकीय
पूजास्थल कानून पर विचार

09 छत्तीसगढ़
शिक्षक ने किया नाबालिग का दैहिक शोषण, गिरफ्तार

10 छत्तीसगढ़
भाजपा का कमल खिलाकर नगर को विकसित बनाने का समय...



रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित    हमेशा सच के साथ    RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com    रायपुर, बुधवार 05 फरवरी 2025    पृष्ठ-12    वर्ष-09, अंक-165    मूल्य 3.00 ₹


# हमने गरीबों को मजबूत बनाने का काम किया : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह गरीबी को जानते हैं और गरीब का दर्द समझते हैं, इसलिए उनकी सरकार ने गरीबी की समस्या के समाधान की कई योजनाएं बनाई हैं और गरीबों को फायदा पहुंचाने का काम पारदर्शी तरीके से किया है। मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दो दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार न सिर्फ गरीबों के हित के लिए काम कर रही है बल्कि पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक पैसे की बचत कर रही है और उस पैसे का इस्तेमाल विकास के काम में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों की समस्या के समाधान के लिए स्वास्थ्य कार्ड, शौचालय, हर में नल से जल, मृदा स्वास्थ्य कार्ड से न केवल गरीब लोगों के जीवन आसान हुआ है बल्कि उन्हें हजारों करोड़ रुपए की बचत हो रही है। डिजीटली प्रौद्योगिकी के जरिए कल्याणकारी योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में डालकर लोगों को उसका पूरा लाभ मिला है साथ ही करोड़ों की संख्या में फर्जी लाभार्थियों की छंटाई हुई है। मोदी ने कहा कि पहले गांव में महिलाएं खुले में शौच जाने के लिए सूर्योदय से उठ जाती थीं और उनकी सरकार ने इन लोगों की समस्याओं को करीबी से समझा है उनके लिए 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय का निर्माण कर उनकी समस्या का समाधान करने का प्रयास किया है। कुछ नेताओं का फोकस घरों पर स्टाइलिस्ट सावर आदि पर होता है, लेकिन हमारा फोकस हर घर जल पहुंचाने का रहा है। हमारी सरकार ने पांच साल में 12 करोड़ घरों में नल से जल देने का काम किया है और वह काम तेजी से आगे भी बढ़ रहा है। हमने गरीबों केहितों के लिए काम किया है और यही वजह है कि राष्ट्रपति ने अपने भाषण में इसकी चर्चा की है। उन्होंने नाम लिए बिना विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला किया और कहा कि कुछ लोग गरीब के घरों पर फोटो सेशन करवा कर अपना मनोरंजन करते हैं इसलिए उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगती है। पिछले दस साल में उनकी सरकार का प्रयास समस्या के समाधान का रहा है और इसीलिए वह समर्पित होकर काम भी करते हैं। उनका कहना था कि एक पूर्व प्रधानमंत्री ने देश में भ्रष्टाचार की समस्या को पहचाना इसलिए उन्होंने कहा कि दिल्ली से एक रुपया जाता है तो गांव तक 15 पैसा ही पहुंचता है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने इस समस्या का समाधान निकालने के लिए मॉडल तैयार किया और जनता का पैसा जनता के लिए हो, गरीब को सीधे लाभ मिले और जो पैसा केंद्र से गरीब को मिलता है वह सीधे उसके खाते में जाए इसकी डिजिटल व्यवस्था की गई जिसके तहत देश के गरीब के खाते में सीधे लाखों करोड़ रुपए पहुंचे हैं। सरकार ने गरीबों को सीधा लाभ देने के साथ ही फर्जी तरीकों से गरीबों की योजनाओं को खाने वाले को डिजिटलीकरण के जरिए बाहर कर गरीब को उनका हक देने का काम किया है। मोदी ने कहा कि उनके स्वच्छता अभियान का मजाक उड़ाया जाता था, लेकिन हालात यह है कि स्वच्छता अभियान के तहत सरकारी दफ्तरों से कबाड़ बेचकर सरकार के खाते में 2300 करोड रुपए आये हैं। यह कमाई उसी स्वच्छता योजना से हुई जिसका पहले कुछ लोग मजाक उड़ाते थे।

# अरुण देव गौतम को मिला छत्तीसगढ़ के डीजीपी का प्रभार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन ने आईपीएस अरुण देव गौतम को छत्तीसगढ़ का प्रभारी डीजीपी बनाया है। बता दें कि आईपीएस अशोक जुनेजा डीजीपी पद से सेवानिवृत्त हो गए। उनके एक्सटेंशन को आगे नहीं बढ़ाया गया। फिलहाल पुलिस विभाग की कमान आईपीएस अरूण देव गौतम को सौंप दी गई है। अरुण देव गौतम छत्तीसगढ़ के 12वें डीजीपी होंगे।

## जीपी सिंह बने डीजी



रायपुर। कैट के रास्ते सेवा बहाली के बाद आईपीएस जीपी सिंह एडीजी से डीजी प्रमोट हो गए हैं। अशोक जुनेजा के रिटायर होते ही डीजी का एक पद रिक्त होने पर डीपीसी की बैठक हुई। इसमें एडीजी जीपी सिंह को डीजी प्रमोट करने की अनुशंसा की गई। इस संबंध में आधिकारिक आदेश जल्द जारी किया जा सकता है। राज्य में डीजी के दो कैडर और दो एक्स कैडर पोस्ट हैं, इनमें अशोक जुनेजा, पवन देव, अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता थे। जीपी सिंह की बहाली के बाद इस बात पर संशय की स्थिति बन गई थी कि उनको प्रमोशन कैसे दिया जाए। बहरहाल जीपी सिंह डीजी प्रमोट हो गए हैं।

## क्विक न्यूज़

### आईईडी ब्लास्ट में तीन सीआरपीएफ जवान घायल

**दंतेवाड़ा।** जवानों को नुकसान पहुंचाने नक्सली लगातार आईईडी प्लांट कर रहे हैं। पुरंगेल के जंगल में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से सीआरपीएफ के 3 जवान घायल हो गए। इसकी पुष्टि बस्तर रेंज आईजी पी सुंदरराज ने की है। घायल जवानों को इलाज के लिए रायपुर लाया गया है। जानकारी के मुताबिक, संयुक्त टीम के साथ ही सीआरपीएफ 231 बटालियन के जवान सर्चिंग पर निकले थे। किरंदुल थाना क्षेत्रान्तर्गत पुरंगेल गांव के जंगलों में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया। जिसकी चपेट में आने से एक जवान बुरी तरह से घायल हो गया। साथ ही दो और जवानों को मामूली चोट आई हैं। घायल जवान प्रमोद कुमार का पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है। क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है।

### राष्ट्रीय खेलों का समापन करेंगे अमित शाह



**नैनीताल।** उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। शाह हल्द्वानी में होने वाले समापन समारोह में शामिल होंगे। उत्तराखंड में इन दिनों पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 28 जनवरी को राजधानी देहरादून में इन खेलों का भव्य शुभारंभ किया। आगामी 14 फरवरी को इन खेलों का विधिवत समापन होना है। हल्द्वानी स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में समापन समारोह होगा। पुष्कर सिंह धामी सरकार के लिए राष्ट्रीय खेलों को सफलतापूर्वक संपन्न कराना बड़ी बात मानी जा रही है। इसलिए प्रदेश सरकार इस पल को ऐतिहासिक बनाना चाहती है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार शाह समापन समारोह के साक्षी होंगे। समापन समारोह शाम को चार से पांच बजे के मध्य होगा और प्राप्त जानकारी के अनुसार गृहमंत्री 14 फरवरी को हल्द्वानी पहुंचेंगे।

### लोगों को मतदान करने से रोकने की साजिश रच रही है आप : सचदेवा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी पर वैश्य समुदाय, ब्राह्मण समुदाय और पूर्वांचल के लोगों का वोट कटवाने या डालने से रोकने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, आप के नेताओं ने लगभग 50 विधानसभाओं के चुनाव अधिकारियों को हजारों पूर्वांचलियों, वैश्य और ब्रह्मण समुदाय के वोटरों की सूची दी हैं और कहा है कि यह बताये गये पत्ते पर नहीं रहते या मृत हैं, इसलिए इनको वोट ना डालने दिया जाये। इस दौरान भाजपा नेता एवं अधिवक्ता संकेत गुप्ता और प्रवीण शर्मा आदि उपस्थित थे।

# किसी भी महामारी से निपटने के लिए भारत पूरी तरह तैयार : नड्डा

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि देश अब किसी भी महामारी से निटपने के लिए पूरी तरह से तैयार है और विषाणुजनित बीमारियों का त्वरित पता लगाने की भी पूरी व्यवस्था है। नड्डा ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि नेशनल सेंटर फॉर डिजिज कंट्रोल के साथ ही एकीकृत निगरानी व्यवस्था और त्वरित कार्यवाही दल बनाया गया है, जो महामारी की निगरानी करता है और त्वरित पहल करता है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बाद ऐसी व्यवस्था की गयी, जिससे रियल टाइम रिपोर्टिंग होती है और किसी भी तरह की महामारी पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) अभी देश में 100 लैब से विभिन्न बीमारियों या महामारी से निपटने के लिए शोध करता है।

# निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारी तत्परता से कार्य करें : अजय सिंह

**रायपुर।** आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने जगदलपुर के धरमपुरा स्थित मॉडल कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कमिशनिंग की तिथि, सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकाय चुनाव हेतु ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग प्रक्रिया तथा मशीनों के परिवहन की व्यवस्था का भी संज्ञान लिया।

# राष्ट्र हित के मामलों में गैर जिम्मेदाराना राजनीति कर रहे हैं राहुल : राजनाथ

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर राष्ट्रीय हित के मामलों में गैर जिम्मेदाराना राजनीति करने का आरोप लगाया है। सिंह ने गांधी के भारत चीन सीमा के बारे में सेना प्रमुख के हवाले से दिए गए बयान पर खेद जताया है और कहा है कि गांधी ने संसद में अपने भाषण में भारत-चीन सीमा पर स्थिति पर सेना प्रमुख के बयान के बारे में झूठे आरोप लगाए हैं। रक्षा मंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, सेना प्रमुख की टिप्पणी में केवल दोनों पक्षों द्वारा पारंपरिक गश्त में व्यवधान का उल्लेख था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में हुई सैन्य वापसी के हिस्से के रूप में इन प्रथाओं को उनके पारंपरिक स्वरूप में बहाल किया गया है। सरकार ने संसद में ये विवरण साझा किए हैं। गांधी द्वारा सेना प्रमुख के लिए कहे गए शब्द कभी भी उनके द्वारा नहीं बोले गए थे।

# उच्चतम न्यायालय ने केंद्र और राज्यों को बिना क्षतिपूर्ति उपाय किए हुए वन क्षेत्रों को कम करने से रोका

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी कर केंद्र और राज्य सरकारों को बिना क्षतिपूर्ति उपाय किए हुए वन क्षेत्रों को कम करने से रोका। न्यायमूर्ति बी आर गवाई और के विनोद चंद्रन की पीठ 2023 के वन संरक्षण कानून में संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने जोर देकर कहा, हम ऐसी किसी भी चीज की अनुमति नहीं देंगे जिससे वन क्षेत्र में कमी आए। अगले आदेश तक, केंद्र या किसी भी राज्य द्वारा ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा जिससे ऐसी कमी हो, जब तक कि क्षतिपूर्ति भूमि प्रदान नहीं की जाती। केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाली अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को आश्वासन दिया कि चार मार्च को अगली सुनवाई से पहले स्थिति रिपोर्ट के साथ तीन सप्ताह के अंदर आवेदनों का जवाब दाखिल किया जाएगा। संशोधनों में भूमि को या तो जंगल के रूप में अधिसूचित करने या सरकारी दस्तावेजों में दर्ज करने की आवश्यकता करके वन की कानूनी परिभाषा को सीमित कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि यह लगभग 1.99 लाख वर्ग किलोमीटर वन भूमि को संरक्षण सुरक्षा उपायों से बाहर करता है। पिछले अंतरिम आदेश में, अदालत ने आदेश दिया था कि संरक्षित क्षेत्रों के बाहर वन भूमि पर चिड़ियाघर या सफारी स्थापित करने के किसी भी प्रस्ताव को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी की आवश्यकता होगी। अदालत ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे केंद्र सरकार को वन भूमि विवरण प्रदान करें, जिसे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय प्रकाशित करेगा। पीठ ने टी एन गोदावर्मन थिरुमुलपाद बनाम भारत संघ मामले में 1996 के ऐतिहासिक फैसले में वन परिभाषा के पालन पर बल दिया।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा को सेवानिवृत्ति पर दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मंत्रालय में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने सेवानिवृत्ति के अवसर पर जुनेजा को शुभकामनाएं दीं और उनकी दीर्घकालिक सेवा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि अशोक जुनेजा ने अपनी दीर्घ सेवाअवधि के दौरान पुलिस बल को अधिक सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमित गुप्ता और मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत उपस्थित थे।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियां पूरी, राष्ट्रपति को सौंपी मतदाता सूचना पर्ची

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली विधानसभा चुनाव की 70 सीटों पर बुधवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से बनाए रखने के सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं और आज दोपहर से सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के कर्मचारी ड्यूटी के लिए रवाना हो चुके हैं। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और उन्हें दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी मतदाता सूचना पर्ची सौंपी। श्री वाज के साथ नयी दिल्ली जिला निर्वाचन अधिकारी सनी कुमार सिंह और बूथ लेवल अधिकारी सुरेश गिरी थे। उन्होंने राष्ट्रपति को चुनाव आयोग के मतदाता जागरूकता और सुविधा प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

# किसानों की आय बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : शिवराज

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में कहा कि किसानों की आय बढ़ाना प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है। चौहान ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि किसानों की आय बढ़ाना प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नारियल उत्पादन में भारत दुनिया में शीर्ष देश है और हम बहुत ही कम समय में नारियल उत्पादन को 140 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 153 लाख मीट्रिक टन करने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने मिलिंग कोपरा (तेल पेराई वाला नारियल) और बॉल कोपरा (घरों में इस्तेमाल होने वाला नारियल) के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के बाद किसानों को मिलिंग कोपरा के लिए 11,582 रुपये प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 12,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एमएसपी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 में मिलिंग कोपरा के लिए किसानों को 5,250 रुपये प्रति क्विंटल की एमएसपी दी जाती थी जबकि बॉल कोपरा के मामले में यह दर 5,500 रुपये प्रति क्विंटल थी। उन्होंने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि आंध्र प्रदेश में नारियल का उत्पादन बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं, जिन पर काम किया जा रहा है। नारियल क्षेत्र का विस्तार किया गया है, जिससे किसानों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि नारियल के उपर अलग अलग तरह की जो बीमारी आती है उस पर निपटने के लिए अनेक उपाय किये गये हैं। किसानों का नुकसान हो तो उसकी भरपाई हो जाए, यह सरकार की प्राथमिकता है।

## एक रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से दी गयी यह जानकारी

# अवैध प्रवासी भारतीयों को लेकर रवाना हुआ अमेरिकी सैन्य विमान

एजेंसी < वाशिंगटन
www.dailypioneer.com




अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त सामूहिक निर्वासन अभियान के तहत एक अमेरिकी सैन्य सी-17 विमान अवैध प्रवासी भारतीयों को लेकर भारत के लिए रवाना हो गया है। पश्चिमी मीडिया की ओर से जारी एक रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी गयी। उसने बताया कि अमेरिकी सैन्य विमान प्रवासियों को लेकर भारत के लिए रवाना हो गया है, जो कम से कम 24 घंटे के बाद पहुंचेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पिछले महीने वाशिंगटन में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक के दौरान 'अनियमित प्रवास' पर चिंता व्यक्त की थी। इसी कड़ी में ट्रंप प्रशासन ने अवैध प्रवासियों को उनके देशों में वापस भेजना शुरू कर दिया है और प्रवासियों को वापस भेजने के लिए सैन्य विमानों का उपयोग कर रहा है। साथ ही प्रवासियों को रखने के लिए सैन्य अड्डे खोल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब तक अमेरिकी सैन्य विमानों ने प्रवासियों को ग्वाटेमाला, पेरू और होंडुरास पहुंचाया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 या 13 फरवरी को अमेरिका का दौरा करने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने के कार्यक्रम के बीच अवैध भारतीय प्रवासियों को भारत वापस भेजने की बात सामने आयी है। अमेरिकी विदेश मंत्री और डॉ. जयशंकर के बीच 21 जनवरी को हुई बैठक के बारे में अमेरिका की ओर से जारी बयान में कहा गया कि रुबियो ने बातचीत के दौरान आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने और अनियमित प्रवास से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए भारत के साथ काम करने की ट्रंप प्रशासन की इच्छा पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने हाल ही में मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह बताने से इनकार कर दिया कि कितने भारतीय अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं। उन्होंने कहा, हम अवैध आव्रजन के खिलाफ हैं, खासकर इसलिए क्योंकि यह संगठित अपराध के कई रूपों से जुड़ा हुआ है। भारतीयों के लिए, न केवल अमेरिका में बल्कि दुनिया में कहीं भी, अगर वे भारतीय नागरिक हैं, और वे तय समय से अधिक समय तक रह रहे हैं या वे उचित दस्तावेजों के बिना किसी विशेष देश में हैं, तो हम उन्हें वापस ले लेंगे, बशर्ते कि वे हमारे साथ दस्तावेज साझा करें ताकि हम उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि कर सकें कि वे वास्तव में भारतीय हैं। अगर ऐसा होता है, तो हम भारत वापसी की सुविधा प्रदान करेंगे।÷ उन्होंने कहा, भारत-अमेरिका प्रवास और गतिशीलता सहयोग के हिस्से के रूप में, दोनों पक्ष अवैध प्रवास को रोकने की प्रक्रिया में लगे हुए हैं, साथ ही भारत से अमेरिका में कानूनी प्रवास के लिए और अधिक रास्ते भी बना रहे हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ खुला मोर्चा, मेला से बाहर करने की अपील

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुए हादसे को लेकर ज्योतिर्मठ पीठ के महंत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा सरकार की आलोचना और मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग करने के बाद उनके खिलाफ तीखे हमले शुरु हो गये हैं और मुख्यमंत्री को खून से पत्र लिखकर उन्हें मेला से बाहर करने की अपील की गई है। श्री कृष्णा जन्मभूमि संघर्ष न्यास (मथुरा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश फलाहारी ने सेक्टर पांच में हरिशचंद्र मार्ग स्थित अपने शिविर में बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने खून से पत्र लिख कर स्वामी अविन्मुतेश्वरानंद सरस्वती को कुंभ से बाहर करने के अपील की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी राजनीतिक पार्टियों से मिलकर कथित कथित शंकराचार्य दिव्य महाकुंभ में अफवाह फैला रहे हैं। वह चांदी के सिंहासन पर बैठकर सरकारी सुविधा लेकर विपक्षी पार्टियों की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 56 इस्लामिक राष्ट्र और विपक्षी पार्टियां मिलकर कुंभ को बदनाम करने में लगी हुई है। सभी 13 अखाड़ों ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का विरोध करना शुरू कर दिया है। योगी आदित्यनाथ हिंदुओं के हृदय सम्राट है । उनको इस्तीफा नहीं देने देंगे। कथित शंकराचार्य ने तब इस्तीफा नहीं मांगा जब राम भक्तों पर गोलियां चलाई गई थी, हिंदुओं के आराध्य भगवान श्री राम को काल्पनिक बताया गया उनसे इस्तीफा क्यों नहीं मांगा। जब तक योगी महराज हैं तब तक ही हिंदू सुरक्षित है, हम इनको खोना नहीं चाहते हैं। गौरतलब है कि यह वही दिनेश फलाहारी हैं जिन्होंने संकल्प दिया था कि जब तक कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से ईदगाह मस्जिद नहीं हट जाती तब तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अनशन पर हैं।

# शिक्षित बेरोजगारों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विक्रमजीत सिंह साहनी ने राज्यसभा में शिक्षित बेरोजगारी का मुद्दा उठाया और सरकारी शिक्षण संस्थानों में जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरने की मांग की। साहनी ने सदन में शून्यकाल के दौरान 'सभापति की अनुमति से उठाए गए मामले' के अंतर्गत कहा कि शिक्षण संस्थानों में लाखों पद रिक्त पड़े हैं, जबकि एक अध्ययन के अनुसार पिछले साल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) के निकले 40 प्रतिशत छात्रों को उचित रोजगार नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षण संस्थानों में रिक्त पदों को शीघ्र भरना चाहिए, जिससे शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत भी ऋण राशि बढ़ाई जानी चाहिए, क्योंकि 50 हजार रुपए में कोई भी सम्मानजनक उद्योग शुरू नहीं हो सकता। भारतीय जनता पार्टी के बृजलाल ने गिद्धों की घटती संख्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि गिद्ध प्रजाति के पक्षी प्राकृतिक रूप से सफाई कर्मी होते हैं और वह मरे हुए पशुओं का निराकरण करते हैं। उन्होंने कहा कि गिद्धों का संरक्षण किया जाना चाहिए जिससे प्रकृति का यह चक्र सुचारू रूप से काम करता रहे। बीजू जनता दल के शुभाशीष खूंटिया ने पुरी में भगवान जगन्नाथ मंदिर के समीप फ्लाईओवर सेतु के निर्माण को शीघ्र पूरा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे लाखों श्रद्धालुओं को लाभ होगा।

# महाकुंभ का वैभव देख अभिभूत हुए भूटान नरेश

पायनियर संवाददाता < महाकुंभ
www.dailypioneer.com



भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई और महाकुंभ का वैभव देख अभिभूत हुए। भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भी गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में 'पुण्य की डुबकी' लगाने मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। पुरोहितों ने मुख्यमंत्री और भूटान नरेश का विधिविधान से पूजन संपन्न कराया। मुख्यमंत्री और भूटान नरेश में गंगा मां को दुग्ध और माला अर्पित किया। दोनों महानुभावों ने मां गंगा की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से भूटान नरेश को छोटा चांदी का कलश सौंपा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भूटान के राजा जिम्मे खेसर नामग्ययाल वांगचुक ने गंगा की जलधारा पर कलरव कर रहे साइबेरिया पक्षियों को अपने हाथों में पीले रंग की बास्केट में दाना रखकर चुगाया। संगम में स्नान-ध्यान के उपरांत भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान मंदिर के नजदीक बने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र पहुंचकर महाकुम्भ के दिव्य-भव्य और डिजिटल स्वरूप का भी अवलोकन किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत-भूटान मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महाकुम्भ नगर में भूटान नरेश की आध्यात्मिक यात्रा के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ के महंत जगद्गुरू संतोष दास (सतुआ बाबा) सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। गौरतलब है कि भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहीं नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

## कौशल शिक्षा देकर छात्रों को कुशल बना रही है राजस्थान सरकार : दिलावर

**जयपुर।** राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने विश्वविद्यालय कॉमर्स कॉलेज ग्राउंड परिसर में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्किल एग्जिबिशन कम कंपीटिशन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर दिलावर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए छात्रों और युवाओं को कौशल शिक्षा देने पर जोर दिया हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए राजस्थान सरकार भी स्कूलों में व्यावसायिक और कौशल शिक्षा देने पर विशेष जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 4155 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा का संचालन करते हुए राजस्थान के विद्यार्थियों को कुशल बना कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प साकार कर रही है। वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक है। नौकरी सबको नहीं मिल सकती। एक ही रास्ता है कि हम शिक्षा के मध्यम से खुद रोजगार देने वाले बने। उन्होंने कहा कि राजस्थान का विद्यार्थी प्रतिभा और कुशलता के मामले में किसी अन्य राज्य के विद्यार्थी से पीछे नहीं है। जरूरत इस बात की है कि इनकी प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाए। इसी उद्देश्य से सरकार ने 75 हजार से अधिक व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को घर के लिए कौशल विकास सामग्री का वितरण किया है।

# चुनाव आयोग के एसटीएफ ने कपड़ों का स्टॉक किया जब्त

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




दिल्ली में चुनाव आयोग के एक विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के अनुपालन के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए इंद्रपुरी इलाके में एक वाहन को पकड़ कर उसमें कपड़ों (सूट) का स्टॉक जब्त किया है जो संभवत मतदाताओं को बांटकर चुनाव को प्रभावित करने के लिए ले जाया जा रहा था। यह जानकारी आयोग ने एक बयान में दी। आयोग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह कार्यवाही पुलिस की सूचना पर की गई। पकड़े गए माल का ब्यौरा नहीं दिया गया है। पुलिस ने एक वाहन में संदिग्ध सूट (कपड़े) ले जाने की घटना की सूचना दी थी। उस पर कदम उठाते हुए एफएसटी की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। वाहन को पीएस इंद्रपुरी ले जाया गया और मानदंडों के अनुसार सूट (कपड़े) जब्त किए जाने की कार्यवाही शुरू की गई। आयोग ने कहा है कि इस मामले में जनप्रतिनिधित्व (आरपी) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एक औपचारिक शिकायत भी दर्ज की गई है। आयोग ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए चुनाव मशीनरी सतर्क रहती है। नागरिक सीविजिल ऐप का उपयोग करके वास्तविक समय में एमसीसी उल्लंघन की रिपोर्ट भी कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि जनता की सतर्कता लोकतंत्र को मजबूत बनाती है।

## त्रिशक्ति कोर ने युद्धाभ्यास में रण कौशल और ताकत का प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** सेना की त्रिशक्ति कोर ने युद्ध तत्परता, तीव्र तैनाती और सटीक हमला क्षमताओं को प्रमाणित करते हुए सफलतापूर्वक 'लाइव फायर' अभ्यास किया है। सेना के अनुसार कोर के सैनिकों ने अभ्यास के दौरान विशेष रूप से सिक्किम के अत्याधिक ऊंचाई वाले पहाड़ों में युद्ध की तैयारी की जो विभिन्न परिस्थितियों में अनुकूलनशीलता और तत्परता को प्रदर्शित करती है। सैनिकों ने समन्वित फायरपावर और सटीक जुड़ाव के माध्यम से विभिन्न प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयारी का प्रदर्शन किया, जिसमें उच्च-ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों की चुनौतियाँ भी शामिल हैं। यह अभ्यास किसी भी तरह के भू भाग में सेना की दक्षता, चपलता और मिशन तत्परता के उच्च मानकों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# दो मालगाड़ियों में टक्कर

एजेंसी < फतेहपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के खागा रेलवे स्टेशन के निकट दो मालगाड़ियों की भिड़ंत एक ट्रेन का इंजन और एक कोच बेपटरी हो गया। हालांकि इस हादसे से हावड़ा दिल्ली रेलमार्ग पर यात्री गाड़ियों के परिचालन में कोई फर्क नहीं पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर रेलवे लाइन पर दो माल गाड़ियों की हुई टक्कर से पूरा ट्रैक जाम हो गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इंजन और गार्ड का डिब्बा पटरी से उतर गया। जिस ट्रैक पर हादसा हुआ है उस पर केवल मालगाड़ियां ही चलती हैं। हादसे में दोनों माल गाड़ियों के लोको पायलट घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हादसे के बाद रेलवे व सुरक्षा के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। डेडीकेटेड फ्रंट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया की ओर से बनाए गए ट्रैक पर सुबह एक मालगाड़ी खड़ी थी। सिग्नल रेड था कि इस दौरान कानपुर-फतेहपुर के बीच खागा के पास पंभीपुर केमें पीछे से तेजी से आकर दूसरी मालगाड़ी ने टक्कर मारी दी। टक्कर इतनी तेज थी कि खड़ी मालगाड़ी का इंजन और गार्ड का डिब्बा में पटरी गिरकर रेलवे के किनारे पहुंच गए। इस हादसे के बाद पैसेंजर ट्रेनों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि यह कॉरिडोर सिर्फ गुड्स ट्रेनों के लिए ही है।

# बॉम्बे उच्च न्यायालय ने महामारी खिचड़ी घोटाले के आरोपी सूरज चव्हाण को दी जमानत

एजेंसी < मुम्बई
www.dailypioneer.com

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने शिवसेना (यूबीटी) के पदाधिकारी सूरज चव्हाण को जमानत दे दी, जिन्हें पिछले साल की शुरुआत में कोविड-19 महामारी के दौरान प्रवासी श्रमिकों के बीच खिचड़ी वितरण से संबंधित 6.37 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव ने जमानत देते हुए निर्देश दिया कि आरोपी को तत्काल एक लाख रुपये की अनंतिम नकद जमानत पर रिहा किया जाए। इसके अलावा आरोपी चव्हाण को रिहाई के चार सप्ताह के भीतर उतनी ही राशि के एक या दो जमानत देने की अनुमति दी गई है। अदालत ने शर्तों के तहत जमानत देते हुए चव्हाण से कहा कि वह निचली अदालत की अनुमति के बिना महाराष्ट्र छोड़कर न जाएं और किसी गवाह को प्रभावित करने या साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ से बचें। उन्हें अपने वर्तमान संपर्क विवरणों के बारे में प्रवर्तन निदेशालय को सूचित करने का भी आदेश दिया गया है। न्यायमूर्ति जाधव ने अपने आदेश में कहा कि चव्हाण को निर्धारित तारीखों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय में जांच अधिकारी को रिपोर्ट करना होगा और उन्हें ट्रायल के दौरान सहयोग करना होगा, साथ ही बिना वजह की स्थगन याचिकाएं नहीं करनी चाहिए। ईडी के अनुसार, चव्हाण पर कोविड-19 महामारी के दौरान बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) द्वारा प्रवासी श्रमिकों को 'खिचड़ी' वितरण से संबंधित वित्तीय गड़बड़ियों में संलिप्त होने का संदेह था। उन्होंने कहा कि चव्हाण को गिरफ्तार किया गया क्योंकि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। अपनी जमानत याचिका में चव्हाण ने अदालत को बताया था कि केंद्रीय एजेंसी की नीति चुनिंदा लोगों को चुनने की है, क्योंकि कार्य आदेश पाने वाली कंपनी फोर्स वन मल्टी सर्विसेज के मालिक को अधिक प्रभाव होने के बावजूद गिरफ्तार नहीं किया गया। अधिवक्ता हर्षद भदभड़े के माध्यम से दायर उनकी याचिका में आगे दावा किया गया कि उन्हें उनकी गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित नहीं किया गया था और उन्हें कभी नहीं बताया गया था कि एजेंसी के पास यह मानने के लिए क्या कारण थे कि उन्होंने कोई अपराध किया है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि मजिस्ट्रेट के सामने ऐसा कोई कारण नहीं दिखाया गया, जिसने चव्हाण को ईडी की हिरासत में भेज दिया। शिवसेना (यूबीटी) नेता चव्हाण ने अपनी याचिका में दावा किया कि उन्हें शिवसेना (यूबीटी) से जुड़ा होने के कारण गलत तरीके से फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि ईडी ने सभी आरोपियों में से केवल उन्हें गिरफ्तार करने के लिए चुना। ईडी ने चव्हाण की याचिका का विरोध किया और कहा कि गिरफ्तार करने वाले अधिकारी ने अपराध के विवरण को प्रस्तुत किया था, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत जांच शुरू की गई।

## एसीबी ने जनवरी में भ्रष्टाचार से संबंधित 19 मामले किए दर्ज

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने हैदराबाद में इस वर्ष जनवरी में कई सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार को लक्षित करते हुए 19 मामले दर्ज किए। एसीबी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनसुार शिक्षा, राजस्व, गृह, वित्त, पशुपालन और स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण जैसे विभागों में जाल बिछाकर अधिकारियों ने रिश्वत की 1,45,000 रुपये की रकम जब्त की। आदिवासी कल्याण विभाग में आय से अधिक संपत्ति के एक महत्वपूर्ण मामले में 65.5 लाख रुपये की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति का पता चला। एसीबी ने ये मामले सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार को लक्षित करके दर्ज किए हैं। यह कदम भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद है।

# तेलंगाना विस में सामाजिक, आर्थिक, रोजगार, शिक्षा, राजनीतिक और जाति सर्वेक्षण 2024 की रिपोर्ट पेश

एजेंसी < हैदराबाद
www.dailypioneer.com


तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने विधानसभा में सामाजिक, आर्थिक, रोजगार, शिक्षा, राजनीतिक और जाति सर्वेक्षण 2024 की रिपोर्ट प्रस्तुत की। रेड्डी ने सदन में अपने बयान में देश में कमजोर वर्गों के बारे में विश्वसनीय आंकड़ों की कमी पर जोर दिया, जिससे आरक्षण लागू करने में चुनौतियां प्रबल हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1931 से भारत में कमजोर वर्गों की संख्या का निर्धारण नहीं किया गया है। उनके आंकड़े जनगणना में भी शामिल नहीं किए गए हैं। इस अंतर ने नीति निर्माण को मुश्किल बना दिया है। उन्होंने याद किया कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो' यात्रा के दौरान जाति जनगणना करने का वादा किया था। इस वादे को पूरा करते हुए, नयी सरकार ने विधानसभा में सर्वेक्षण करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया, जो कि सत्ता में आने के तुरंत बाद किया गया था। रेड्डी ने कहा, हमने अब जाति जनगणना पूरी कर ली है और सदन में रिपोर्ट प्रस्तुत की। गणनाकारों ने प्रत्येक गांव और थांडा से विस्तृत आंकड़े एक संरचित तरीके से एकत्र किए। प्रत्येक 150 घरों की इकाई को सटीकता सुनिश्चित करने के लिए एक गणनाकार सौंपा गया था। कुल 76,000 डेटा एंट्री ऑपरेटरों ने 36 दिनों तक इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए निरंतर काम किया। रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि पिछड़े वर्ग राज्य की आबादी का 56 प्रतिशत हिस्सा हैं और सरकार ने उन्हें उचित मान्यता देने के लिए यह पहल की है। उन्होंने कहा, मैं उन सभी लोगों को बधाई देता हूं जिन्होंने इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत की, जो पूरे देश के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगी। सर्वेक्षण को पूरा करने में 160 करोड़ रुपये खर्च हुए और कैबिनेट की मंजूरी के बाद, इसे पूर्ण कानूनी मान्यता सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा में पेश किया गया।

## सिल्क टूरिज्म के रूप में विकसित होगा मढ़ई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सिल्क टूरिज्म के विकास से रेशम का व्यापक प्रचार प्रसार होगा और लोग रेशम का उपयोग करने के लिए प्रेरित होंगे। रेशम को बढ़ावा देकर आम लोगों में रेशम के वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ाया जाएगा। पर्यटन स्थलों पर आने वाले टूरिस्ट को भी रेशम वस्त्र की जानकारी दी जाएगी। उन्हें रेशम के वस्त्र खरीदने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जायसवाल ने कहा कि नर्मदापुरम जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मढ़ई में स्थित रेशम उत्पादन केन्द्र को 'मॉडल सिल्क टूरिज्म स्पॉट' के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने रेशम केंद्र का शुभारंभ एवं निरीक्षण कर सिल्क टूरिज्म के लिये विकास की सभी संभावनाओं का जायजा लिया और इसे सिल्क टूरिज्म के लिये एक अनुकूल स्थान पाया। उन्होंने कहा कि यहां शीघ्र ही सिल्क टूरिज्म प्रारंभ किया जाएगा। पर्यटकों की सुविधा के लिये जरूरी सुविधाओं और आवश्यकतानुसार विकास के कार्य कराये जायेंगे। उन्होंने मढ़ई रेशम उत्पादन केन्द्र के प्रांगण में पौध-रोपण भी किया। जायसवाल ने कहा कि मढ़ई में जल्द ही सिल्क टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। सिल्क को प्रमोट किया जाएगा। वर्तमान में जो कार्य चल रहे हैं वह भी बहुत ही बेहतर तरीके से चल रहे हैं, इसे और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने सिल्क टूरिज्म केंद्र की सराहना की। उन्होंने कामठी में प्राकृतिक शोरूम का शुभारंभ भी किया।

# मिलावटी भोजन करने से 181 बाराती बीमार

एजेंसी < बुलंदशहर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र में मिलावटी पनीर से युक्त भोजन करने से 181 बाराती बीमार हो गये। सभी की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुये चिकित्सकों की टीम ने क्षेत्र के रामगढ़ी गांव में डेरा डाल दिया है। मुख्य चिकित्साधिकारी बारातियों का इलाज कर रहे हैं जिनमें कई की हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया गया है जबकि 21 का इलाज अस्पताल में चल रहा है वहीं चार मरीजों को हायर मेडिकल सेंटर रेफर किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंजू अग्रवाल ने बताया कि जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव रामगढ़ी से सोमवार शाम आठ बजे एक बारात तहसील स्याना क्षेत्र के गांव सांची रसूलपुर के लिए रवाना हुई थी। सभी रस्में एवं भोजन करने के बाद बारात दुल्हन लेकर रात में ही गांव लौट आई। थोड़ी देर बाद बारातियों को उल्टियां तथा दस्त शुरू हो गऐ। पेट खराब की शिकायत भी लोगों ने की। कुल मिलाकर 181 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए हैं। एक एक कर लगातार लोगों के बीमार पड़ने से गांव वालों में हड़कंप मच गया। ग्रामीण फूड पॉइजनिंग का शिकार लोगों को जहांगीराबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उनका उपचार कर ज्यादातर लोगों को छुट्टी दे दी गई। आनन-फानन में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को भी सूचना दी। आला अफसरों के निर्देश पर गांव में स्वास्थ्य कैंप लगाकर बारातियों की जांच कराई गई। डा अग्रवाल ने बताया कि विभाग के 18 डॉक्टर्स, फार्मासिस्ट और नर्स की मदद से 181 मरीजों की जांच कराई गई है। 21 लोग अभी भी एडमिट हैं, 4 मरीजों को हायर मेडिकल सेंटर रेफर किया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सीएमओ ने बताया कि बारात में जो पनीर की सब्जी दी गई थी वह पनीर मिलावटी था। फूड सेफ्टी विभाग की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। जिला फूड सेफ्टी अधिकारी विनीत कुमार ने बताया कि फूड पॉइजनिंग की शिकायत पर फूड सेफ्टी टीम को भेजा गया है। फिलहाल, जांच कराई जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# मध्यप्रदेश में चालीस लाख हेक्टेयर क्षेत्र में नर्मदा जल से सिंचाई होती है : यादव

पायनियर संवाददाता < हरदा
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रदेश के हरदा जिले में 316 करोड़ रुपयों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। डॉ यादव ने कहा कि मां नर्मदा की धारा चैतन्य है, इसके दर्शन मात्र से ही सभी धन्य हो जाते हैं। प्रदेश का सिंचाई रकबा 48 लाख हेक्टेयर से अधिक है, जिसमें से 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मां नर्मदा के जल से सिंचाई होती है। मुख्यमंत्री ने नर्मदा जयंती के अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों को नर्मदा जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने हरदा जिले के छीपानेर में नर्मदा किनारे 'वेदगर्भा घाट' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने 316 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण/ भूमि पूजन भी किया। डॉ यादव ने हरदा जिले में एक नई आईटीआई संस्था स्वीकृत करने तथा गोंदागांव में सरकारी खर्चे पर सर्वसुविधा युक्त गौशाला स्वीकृत करने की घोषणा की। कार्यक्रम में डारा इंजीनियरिंग प्रायवेट लिमिटेड के मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पप्पू राम विश्नोई ने इस अवसर पर वेदिक विद्या पीठम् चिचोट के विकास के लिये 1 करोड़ रूपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रदेश के सहकारिता तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री व हरदा जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई के रकबे का तेजी से विस्तार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से प्रदेश में केन बेतवा और पार्वती काली सिंध चंबल नदी जोड़ो परियोजनाएं प्रारंभ हुई है, जिनके परिणाम स्वरुप हम 1 करोड़ हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लक्ष्य को पूरा कर पाएंगे। इन दोनों परियोजनाओं में प्रदेश को लगभग 1 लाख 75 हजार करोड़ रुपए की राशि प्राप्त होगी। यह प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग के कल्याण के लिए गरीब महिला किसान और युवा कल्याण मिशन प्रारंभ किए गए हैं। युवा कल्याण मिशन के माध्यम से हम वर्ष 2028 तक प्रदेश के 70 प्रतिशत युवाओं को स्वावलंबी बनाएंगे। गरीबों को भी समय पर इलाज मिले इसके लिए प्रदेश में एयर एंबुलेंस सेवा प्रारंभ की गई है। इसके माध्यम से गंभीर मरीजों को अस्पताल तक के जाने के लिए निःशुल्क हवाईजहाज/ हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जाती है। डॉ यादव ने यहां 316.20 करोड़ रूपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया, जिनमें 130.32 करोड़ रूपये लागत 21 कार्यों का भूमि पूजन तथा 185.87 करोड़ रूपये लागत के 97 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

# रेलवे, रक्षा, डाक, शिक्षा के राष्ट्रीय महासंघों ने बिजली के निजीकरण का विरोध किया : एआईपीईएफ

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

रेलवे, रक्षा, डाक और शिक्षा क्षेत्र के महासंघों सहित विभिन्न राष्ट्रीय महासंघों ने उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में बिजली के निजीकरण का विरोध किया और विरोध प्रदर्शन कर रहे बिजली कर्मचारियों को अपना पूरा समर्थन दिया है। सभी महासंघ ऑल इंडिया फोरम अगेंस्ट प्राइवेटाइजेशन (एआईपीईएफ) की ऑनलाइन बैठक में भाग ले रहे थे। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फे डरेशन (एआईपीईएफ) अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे और ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्प्लॉइज महासचिव मोहन शर्मा दो मुख्य वक्ताओं ने अन्य ट्रेड यूनियन नेताओं से भी बात की जिनमें संपत देसाई, विजय कुमार बंधु, सी. श्रीकुमार, इंदर सिंह बदाना, जे.एन. शाह शामिल थे। एआईपीईएफके प्रवक्ता वी के गुप्ता ने बताया कि एआईएफएपी के डॉ. मैथ्यू द्वारा आयोजित ऑनलाइन बैठक में मुख्य संरक्षक पदमजीत सिंह, पीएसईबीईए के महासचिव अजयपाल सिंह अटवाल सहित लगभग 300 ट्रेड यूनियन नेताओं ने भाग लिया। दुबे ने चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और देश के अन्य राज्यों के निजीकरण की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि बिजली विभागों के निजीकरण की प्रक्रिया कोविड के समय में शुरू हुई। दादरा, नगर हवेली का निजीकरण कर उसे टोरेंट को सौंप दिया गया। चंडीगढ़ बिजली विभाग अब एक फरवरी से एमिनेंट इलेक्ट्रिक कंपनी (आरपीजी ग्रुप) को सौंप दिया गया है, जबकि इस क्षेत्र में इसका टैरिफ सबसे कम है और यह एक लाभ कमाने वाला विभाग है। प्रशासन ने आधे कर्मचारियों को वीआरएस लेने के लिए मजबूर किया। दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कुल 75 जिलों में से 42 को निजी क्षेत्र को सौंपने का प्रस्ताव है। सरकार कर्मचारियों और इंजीनियरों के साथ अपने स्वयं के लिखित समझौतों का सम्मान नहीं कर रही है कि कोई निजीकरण नहीं किया जाएगा और किसी भी सुधार प्रक्रिया पर उनसे परामर्श किया जाएगा। विभिन्न सरकारी उपभोक्ताओं और अन्य लोगों के लंबित बकाया 1,23000 करोड़ रुपये हैं, जबकि सरकार ने 110000 करोड़ रुपये के असंतुलित घाटे का दावा किया है। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्ड पर है कि जहां भी फ्रेंचाइजी शुरू की गई, निजी कंपनी ने बिजली विभाग को कोई लंबित बकाया नहीं दिया, बल्कि एकत्र किए गए धन को अपने पास रख लिया। सभी 27 लाख बिजली क्षेत्र के कर्मचारी बिजली क्षेत्र के निजीकरण के हर कदम का विरोध करेंगे। शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र में स्मार्ट मीटर लगाने से लगभग 50000 कर्मचारियों की नौकरी चली जाएगी।

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी : डॉ. केशव

## कैंसर रोग के बचाव हेतु नर्सिंग छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से लोगों को दी जानकारी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




जिला चिकित्सालय के ओपीडी हॉल में 04 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. बी.एल. राज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ. केशव ध्रुव सिविल सर्जन की अध्यक्षता में किया गया। इसमें डॉ. जितेन्द्र वर्मा (आरएमओ), डॉ. हर्षित टुवानी (एनसीडी कैंसर जिला नोडल अधिकारी), डॉ. अर्पित यादव (शल्यरोग), डॉ. अनामिका पटेल, डॉ. रोशनी पटेल (दंत रोग), डॉ. अन्जू सोनवानी और बालाराम साहू (रेडक्रास राज्य प्रतिनिधि) ने उपस्थित लोगों को कैंसर के बचाव के बारे में जानकारी दी।

सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव ने कहा कि हर साल 4 फरवरी को पूरे विश्व में विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस बीमारी से लड़ने के लिए वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करने का एक अहम अवसर है। आज कैंसर, दुनिया में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है, और इसके बढ़ते मामलों को देखते हुए इस दिन का महत्व और भी अधिक हो जाता है। उन्होंने आगे बताया कि कैंसर की रोकथाम, उपचार और इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए यह प्रयास बेहद जरूरी हैं। डॉ. जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि यदि कैंसर का इलाज प्रारंभिक अवस्था में किया जाए तो इसे ठीक किया जा सकता है, लेकिन अधिकतर मामलों में लोगों को इसके लक्षणों के बारे में जानकारी नहीं होती, जिसके कारण यह बीमारी अगली अवस्था में पहुंच जाती है और इलाज कठिन हो जाता है। डॉ. हर्षित टुवानी ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस का महत्व इस कारण बढ़ जाता है क्योंकि यह बीमारी लाखों लोगों की जान ले चुकी है और अब भी इसके मामलों में वृद्धि हो रही है। जिला चिकित्सालय कबीरधाम में कीमोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध है और अब तक 60 से ज्यादा किमोथैरेपी 27 कैंसर मरीजों को दी जा चुकी है। कार्यक्रम में डॉ. अर्पित यादव ने स्तन कैंसर और शरीर में होने वाले बदलावों, गांठों की समय पर जांच, लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी दी। डॉ. अनामिका पटेल ने महिला स्वास्थ्य और डॉ. रोशनी पटेल ने मुख कैंसर के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर 'स्व. सुधादेवी नर्सिंग कॉलेज' की छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से मुख कैंसर, सर्विकल कैंसर, फेफड़े का कैंसर और ब्लड कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाई। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान गणेश साहू ने कैंसर से बचने के उपायों के बारे में बताया और साझा किया कि कैसे वे कैंसर के इलाज के बाद स्वस्थ हो गए।

### कैंसर की बचाव के उपाय

तंबाकू और शराब का सेवन न करें, हेल्दी डाइट अपनाएं - फल, सब्जियां और साबुत अनाज से भरपूर आहार लें, रेगुलर एक्सरसाइज करें और शारीरिक गतिविधि को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं, खासकर अगर परिवार में कैंसर का इतिहास हो, सूरज की किरणों से बचाव करें और सनस्क्रीन का उपयोग करें। कार्यक्रम में सभी ने कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

# बर्ड फ्लू को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, रैपिड रिस्पांस टीम का गठन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




रायगढ़ जिले में बर्ड फ्लू के प्रकरण सामने आने के बाद राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जा रही है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में पशुधन विकास विभाग द्वारा रोग की रोकथाम और नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस दिशा में जिला स्तर पर आपातकालीन बैठक आयोजित कर बर्ड फ्लू से बचाव हेतु जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही जिला एवं खंड स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीमों का गठन किया गया है और विभिन्न स्थानों पर चेक पोस्ट भी स्थापित किए गए हैं, ताकि संदिग्ध मामलों की त्वरित पहचान और नियंत्रण किया जा सके। साथ ही जिले के पोल्ट्री फार्मों का समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के चार निजी पोल्ट्री फार्मों का निरीक्षण विशेषज्ञों की टीम द्वारा किया गया, जिसमें ग्राम मुलमुला, चिपावंड, सिंघनपुर, मालगांव, फरसगांव विकासखंड के सिरपुर और जैतपुरी के पोल्ट्री फार्म शामिल है। जिला प्रशासन ने पोल्ट्री फार्म संचालकों और आम जनता से अपील की है कि वे बर्ड फ्लू के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा जानकारी दी गई की बर्ड फ्लू का वायरस मुर्गियों से मनुष्य में भी फैल सकता है। अभी तक जिले में बर्ड फ्लू का कोई भी प्रकरण सामने नही आया है लेकिन किसी भी संदिग्ध स्थिति में तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सा केंद्र या रैपिड रिस्पांस टीम को सूचित करें, ताकि जिले में बर्ड फ्लू के संक्रमण को रोका जा सके। साथ ही जिला स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र नाग को मोबाइल नंबर 9893518810 पर सूचना दी जा सकती है।

# मतदाताओं को जागरूक करने चलाया जा रहा जागो वोटर अभियान



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए जागव बोटर कार्यक्रम के तहत व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज कोंडागांव के एनसीसी ग्राउंड में मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान मतदाताओं को एक ही ईव्हीएम से अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। नगरीय निकायों में आगामी 11 फरवरी को अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है।

# महाविद्यालय में गांधी फेलोशिप पर कैरियर गाइडेंस सेमिनार आयोजित

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल के निर्देशन में महाविद्यालय की कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ तथा पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गांधी फेलोशिप पर एक कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन सोमवार को किया गया। स्वागत उद्बोधन में कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. देवाशीष हालदार ने इस सेमिनार के जरिए कोंडागांव जिले से गांधी फेलोशिप प्राप्त करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदीप राव थे। फेलोशिप के माध्यम से आप न केवल शिक्षा, स्वास्थ्य और जल प्रबंधन के क्षेत्र में काम करने का अनुभव प्राप्त करेंगे, बल्कि नेतृत्व, प्रबंधन और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण कौशल भी विकसित कर पाएंगे। यह आपके व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए एक सुनहरा अवसर है। अन्य वक्ता के रूप में यास्मीन मेमन ने बताया गांधी फेलोशिप न केवल एक शैक्षणिक या रोजगार का अवसर है, बल्कि यह युवाओं को देश के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त माध्यम भी है। अन्य वक्ता ऋचा गुप्ता ने न केवल कार्यक्रम के उद्देश्यों और लाभों पर चर्चा की, बल्कि आवेदन प्रक्रिया, चयन मानदंड और फेलोशिप के दौरान आने वाली चुनौतियों व अवसरों के बारे में भी विस्तार से समझाया और प्रश्न उत्तर के माध्यम से छात्रों की जिज्ञासाएं शांत की। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. आकाश वासनीकर और आभार प्रदर्शन करते हुए प्राध्यापक नसीर अहमद ने बताया कि महाविद्यालय की कैरियर गाइडेंस इकाई के द्वारा लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं, जिसके ज़रिए छात्रों को न सिर्फ जानकारी मिलती है बल्कि महाविद्यालय के छात्र विभिन्न स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की नौकरियां भी हासिल कर पाते हैं।

# गन्ना विक्रेता किसानों के खाते में 10.09 करोड़ रुपए का भुगतान जारी



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखण्ड में संचालित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्क र कारखाना मर्यादित द्वारा किसानों को 10.09 करोड़ रुपए का भुगतान जारी किया गया है। कारखाना के प्रबंध संचालक उत्तर कुमार कौशिक ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 में 7,739 शेयरधारक किसानों को शेष गन्ना रिकवरी राशि 5.94 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। इस प्रकार, पेराई सत्र 2023-24 की कुल रिकवरी राशि 31.19 करोड़ रुपए का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है। पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना विक्रेता किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य 315.10 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गन्ना खरीदी जारी है। अधिक से अधिक किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 24 नवंबर 2024 से 7 दिसंबर 2024 तक के गन्ना विक्रेता किसानों को 150 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 4.15 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है, और शेष राशि का भुगतान शीघ्र किया जाएगा। इस प्रकार, पेराई सत्र 2024-25 प्रारंभ होने के बाद 4 फरवरी 2025 तक कुल 27.29 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका है।

# सत्ता पक्ष के खिलाफ वोट कर पिछड़ा वर्ग विरोधी भाजपा सरकार का बहिस्कार करें : तरुण धाकड़

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग की बैठक संभाग अध्यक्ष तरुण धाकड़ के अध्यक्षता मे शीतला माता मंदिर प्रांगण कोंडागांव मे सम्पन्न हुई। जिसमे पिछड़ा वर्ग आरक्षण मे हुए कटौती के विषय मे सत्ता पक्ष के खिलाफ मौजूद लोगों ने जमकर भड़ास निकाली कहा जो हमारे आरक्षण को खत्म कर रहा हैं हमारा वर्ग उनके खिलाफ रहेगा। पहला झटका के रूप मे अभी होने जा रही नगरीय निकाय चुनाव त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे सत्ता पक्ष समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ वोट करने सामाजिक जनों से अपील करेगा समाज, साथ ही पॉम्पलेट बांट वार्ड वार्ड गांव गांव बैठक कर पिछड़ा वर्ग आरक्षण विरोधी सत्ता पक्ष भाजपा के खिलाफ सामाजिक जनों से वोट अपील करेगा। भाजपा सरकार पिछड़ा वर्ग आरक्षण को खत्म कर पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व समाप्त करना चाहती है जो की समाज कतई बर्दास्त नहीं करेगा। संभागीय अध्यक्ष तरुण धाकड़ ने कहा कि, हमारी लड़ाई इसके बाद भी जारी रहेगी चुनाव आचार संहिता खत्म होने के तत्काल बाद संभाग स्तरीय वृहद प्रदर्शन किया जायेगा। इस बैठक के दौरान संभाग अध्यक्ष तरुण धाकड, जिलाध्यक्ष कांकेर माधेश्वर जैन, जिलाध्यक्ष कोंडागांव रितेश पटेल, कोषाध्यक्ष आई सी निषाद, उपाध्यक्ष मनोज देवांगन, संरक्षक बिरस साहू, संभागीय उपाध्यक्ष फूलचंद दीवान, प्रवक्ता देवलाल सोनवंशी, अधिवक्ता तिलक पांडे।

# पांडातराई नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस-भाजपा आमने सामने

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




नगरीय निकायों की चुनावी मुद्दा हावी है। नगर पंचायत पांडातराई में अध्यक्ष के लिए पिछड़ा वर्ग महिला आरक्षित सीट हैं जिसके चलते कांग्रेस और भाजपा की सीधा मुकाबला दिखाई दे रहा है। एक निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं जो इन दोनों दलों से असंतुष्ट लोगो को साधने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है। दरअसल इस बार अध्यक्ष का भी चुनाव मतदाता कर रहे हैं इसलिए मुकाबला रोचक हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अपने सत्ता और विधायक का भरोसे पर हैं तो वहीं क्ह्य ांग्रेस उम्मीदवार अपने पारिवारिक संबंध और व्यवहार कुशलता को लेकर चुनावी मैदान पर हैं। पांडातराई नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड हैं जिसमें से अधिकांश वार्डो में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों का सीधा मुकाबला है। कुछ वार्डो में त्रिकोणीय मुकाबला भी दिखाई दे रहा है। उम्मीदवारों में पोस्टर वार भी चल रहा है। मतदाता मौन हैं कुछ कहने से परहेज कर रहे हैं। नगर पंचायत पांडातराई में भारतीय जनता पार्टी की ओर से क्षेत्रीय विधायक लगातार लोगो के संपर्क में लगे हुए हैं और जन संपर्क भी जारी है लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार अपने वार्ड पार्षद के उम्मीदवारों को साथ लेकर लगातार घर घर जाकर मतदाताओं से आशीर्वाद ले रही हैं। निर्दलीय उम्मीदवार भी अपने अनुसार संपर्क बनाए हुए है। भारतीय जनता पार्टी से दर्जन भर लोगों ने दावेदारी पेश किया था जिसमें साहु , चंद्रवंशी , जायसवाल , गोस्वामी समाज शामिल थे लेकिन सोनी समाज से सरिता रामकुमार सोनी को अपना उम्मीदवार बनाया है। टिकट से वंचित दावेदार असंतुष्ट दिखाई दे रहे है जिसके चलते भीतर घात होने की संभावना है। वही कांग्रेस सत्ता से दूर होने के कारण दावेदारों की संख्या नहीं के बराबर था जिसके चलते सविता पाटस्कार के ऊपर सभी का समर्थन होने के कारण प्रत्याशी घोषित कर दिया है। भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के द्वारा अपने अपने अंदाज में मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें कांग्रेस की स्थिति मजबूत दिखाई दे रहा है। 5 फरवरी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव सभा को संबोधित करते हुए। कांग्रेस को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता कार्यक्रम

# हार जीत प्रतियोगिता का हिस्सा होता है : कलेक्टर हरीश एस

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com




राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत छात्रों को विज्ञान गणित और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आविष्कार करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रतियोगिता कार्यक्रम में कलेक्टर हरीश एसऔर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के निर्देशन में यह कार्यक्रम ज्ञान गुड्डी केंद्र धरमपुरा के विज्ञान सभागार में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में संकुल स्तर और विकासखंड स्तर से चयनित कक्षा नवमी से 12वीं तक के प्रत्येक विकास खंड से दो-दो प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कलेक्टर हरीश एस ने अपने उद्बोधन भाषण में कहा की हार जीत प्रतियोगिता का एक हिस्सा है आपको इसका लाभ लेते हुए आगे बढ़ाना है अपनी कमजोरी को पहचाने से पूर्ण तैयारी कर आगे बड़ते जाएं . जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर. बचेल ने कहा कि आपलोग पूरे जिले के 33000 छात्रों में से चयनित होकर इस मुकाम पर पहुंचे है इससे आप के आत्म विश्वास में वृद्धि होगी जिससे आपको सफल होने में कोई रोक नहीं सकता। इस प्रतियोगता में सेजस बस्तर प्रथम, हाटगुडा और कलचा स्कूल को दितीय और सेजस लोहनीगुड़ा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में बीके डोंगरे प्रकाश सारथी जितेश देशमुख, सचिन कारेकर जय नारायण पानीग्राही दुर्दानंद पांडे का योगदान था कार्यक्रम का संचालन जयनारायण पानीगाही और मनीष अहीर ने किया।

# प्रथम नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निराकरण पर जोर दिया गया

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में माननीय उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव की अध्यक्षता में आगामी नेशनल लोक अदालत 8 के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक प्रबंधक, विद्युत विभाग के कर्मचारी, नगर पालिका के कर्मचारी एवं भारत संचार निगम लिमिटेड के कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को सुनिश्चित करना और विभिन्न विभागों के सहयोग से लंबित मामलों के त्वरित समाधान की रणनीति बनाना था। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी संबंधित कर्मचारियों से लोक अदालत में लंबित मामलों की जानकारी ली और उन्हें जल्द से जल्द निपटाने के लिए कहा। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार साझा किए और लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने यह भी निर्देश दिए कि सभी पक्षकारों को समय से सूचना पहुंचाई जाए और लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को समय पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव में जमा करने हेतु निर्देशित दिया गया।

# डराने धमकाने की राजनीति कर रही भाजपा : दीपक बैज

## पुरानी मंडी प्रांगण में आयोजित चुनावी सभा को पूर्व सांसद एवं कांग्रेस सुप्रीमों दीपक बैज ने किया सम्बोधित

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com





नगर के पुरानी मंडी में आयोजित चुनावी सभा को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार सालभर में ही फैल हो चुकी है। इस सरकार से हर वर्ग नाराज चल रहा है। भाजपा को इसका खामियाजा नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में जरूर भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस सुप्रीमों दोपहर 12 बजे हाई स्कूल हेलीपेड में हेलिकॉप्टर से उतरे जहां स्थानीय विधायक चातुरी नंद, कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी वृंदा भोई के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और पार्षद प्रत्याशियों ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। पुरानी मंडी पहुंचने से पहले कांग्रेस नेता नसीब खान के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और अतिथियों को फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज और अन्य अतिथियों ने भारत माता और महापुरुषों के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा ने चुनाव से पहले प्रत्येक महिला को महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रुपए देने का वादा किया था लेकिन सरकार में आते ही नियम बनाकर आधे से ज्यादा महिलाओं को इस योजना से अपात्र घोषित कर दिया। भाजपा की डबल इंजन सरकार में नगरीय क्षेत्रों में आज भी बिजली, पानी, सड़क, नाली की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिए यह सरकार राशि जारी नहीं कर पा रही है यह सरकार पूर्व में जारी राशि को भी वापस ले रही है। प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है। इस सरकार में बलौदाबाजार कांड हुआ है जो प्रदेश के इतिहास में काला दिन के रूप में दर्ज है। लाचार कानून व्यवस्था के चलते ऐसी घटना हुई जो पूरे देश में कही नहीं घटित हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा हार से डरी हुई है और कांग्रेस प्रत्याशियों को डराने धमकाने का काम कर रही है। धमतरी ननि में गलत तरीके से कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया गया है। कांग्रेस प्रत्याशियों को डरा धमका रही है। प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने बसना में अध्यक्ष प्रत्याशी की नाम वापसी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि बसना में बड़ी डील हुई है जिसका जल्द खुलासा किया जाएगा। सभा को कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी एकजुटता के साथ लड़ रही है और इस चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने जा रही है। सरायपाली की चुनावी सभा को क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस गौरव पथ के लिए कांग्रेस शासनकाल में राशि जारी की गई थी परंतु भाजपा राज में यह गौरव पथ भ्रष्टाचार की पहचान बन गया है। अब तक गौरव पथ के भ्रष्ट निर्माण को लेकर दो अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है। विधायक नंद ने कहा कि अमृत जल जीवन मिशन की स्वीकृति कांग्रेस ने दी थी परंतु भाजपा शासनकाल में अब तक राशि जारी नहीं की गई है जिससे शहरवासी पानी के लिए तरस रहे है। चुनावी सभा को पूर्व विधायक राजा देवेंद्र बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने भाजपा की वादाखिलाफी पर उन्हें घेरा। कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, शहर अध्यक्ष आर एन आदित्य, ग्रामीण अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, नपा के पूर्व अध्यक्ष अमृत पटेल, पूर्व पार्षद सुरेश भोई, तेजराम पटेल, जयंत चौधरी, मिथलेश अग्रवाल, पार्षद प्रत्याशी भरत मेश्राम, माधो दास, रेखा यादव, वीरेंद्र यादव, रमीज रज़ा, नीला नायक, राजकुमार प्रजापति, कृष्णा सेठ, शाहजहां, तबस्सुम, कोमल अग्रवाल, पंकज मरकाम, महत्तरीन बाई चौहान, कांग्रेस नेता प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, निर्मल बढ़ई, घनश्याम पटेल, सुरेश पटेल, पिंगल गार्डिया, केशव चौधरी, बाल्मीकि मेहर, नसीब खान, अंजोर यादव, गोपाल अग्रवाल, अरमान हुसैन, अनस खान, अनस हुसैन, मोहसिन मेमन, पंकज बीसी, दीपांजलि बारीक, पूजा तिवारी, संतलाल बारीक, रमेश पटेल, दिलकिशोर प्रधान, बिरंची बेताल, अनिल पटेल, दीपक साहू, विनय पटेल, तन्मय पंडा, केशव अग्रवाल, विजय यादव, राजेंद्र यादव, गिरवर वारे, मुकेश तांडी, मनोरमा नंद, मोहित नंद, विभिषण चौहान, जयंत यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में विशेष रूप से

# कलेक्टर नें मतदान दलों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी मंगलवार को नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण पर भाटापारा पहुंचे। उन्होंनें यहां पंचम दीवान स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहे मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और संजीदगी से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। उन्होंने ईव्ही एम का हैंडसऑन प्रशिक्षण देने के साथ ही बारीकी समझाने एवं शांकओ का समाधान करने मास्टर ट्रैनर को निर्देशित किया। कलेक्टर सोनी नें कहा कि सभी मतदान अधिकारी ई व्ही एम से मतदान प्रक्रिया को भली-भांति समझ लें। किसी प्रकार की शंका हो तो दूर कर लें। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदान के लिए महिला कर्मचारियों की ही ड्यूटी लगाई गई है। 10 फ़रवरी को मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। सभी मतदान अधिकारी लगभग प्रातः 10 बजे सामग्री वितरण स्थल पहुंचेंगे। मतदान कर्मियों के ठहरने के लिए स्थल तय किये गये हैं। इस दौरान आवश्यक सहयोग के लिए एक- एक सहायक की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। सभी बेहतर प्रशिक्षण लेकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। कलेक्टर नें इसके पश्चात् मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय का भी निरीक्षण कर व्यस्थाओं का जायजा लिया और जरुरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार में मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और जरुरी निर्देश दिए। बताया गया कि नगर पालिका परिषद भाटापारा में अध्यक्ष व पार्षद के चुनाव के लिए 21 वार्डो में 61 मतदान केंद्र बनाए गये हैं तथा मतदान कराने के लिए रिजर्व सहित कुल 300 मतदानकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसीतरह नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में अध्यक्ष एवं पार्षद के चुनाव के लिए 21 वार्डो में मतदान के लिए 30 मतदान केंद्र बनाए गये हैं तथा रिजर्व सहित कुल 148 मतदानकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी भाटापारा अभिषेक गुप्ता, रिटर्निंग अधिकारी बलौदाबाजार सुदीप्ती गौते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा परिणाम

## दंतेश्वरी स्कूल में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

माँ दन्तेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा, धमतरी में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय में प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य लक्ष्मी रावटे, शिक्षिका लीला साहू, मोहन साहू, नुरेन्द्र साहू, वीणा साहू, वर्षा देवांगन, पूर्वी सोनकर, शारदा भुसाखरे, सरिता नेताम, ज्योति रामटेके, लोपिता पिद्दा, रूपा यादव, प्रियंका यादव, भेमिन साहू, भुखिन ध्रुव सहित सभी छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

# एसबीआई शाखा बसना में पेंशनर्स लोगों का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय स्टेट बैंक शाखा बसना जिला महासमुंद में पेंशनर्स सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना करने के पश्चात प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपेंद्र वर्मा मुख्य प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय बलौदा बाजार, विशिष्ठ अतिथि पेंशनधारी कल्याण संघ के तहसील अध्यक्ष भगवान प्रसाद सेठ, उपाध्यक्ष कमल लोचन प्रधान एवं रवि लाल पटेल, सचिव रास बिहारी प्रधान, प्रेस क्लब बसना के अध्यक्ष नंदलाल मिश्रा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। भारतीय स्टेट बैंक शाखा बसना में आयोजित पेंशनर्स सम्मान समारोह कार्यक्रम में एसबीआई एवं अन्य बैंक के लगभग 60 पेंशनर्स सम्मिलित हुये । यह कार्यक्रम अपने आप में एक अनोखा कार्यक्रम था। जो कि पहली बार बसना क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय स्टेट बैंक शाखा बसना के प्रबंधक मोहम्मद शेख आदिल ने पेंशनरों को साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी के साथ ही साथ हमारी जमा एवं ऋण योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। तथा उन्होने साइबर ठगी से बचाव के तरीके भी बताये। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय कार्यालय बलोदा बाजार के मुख्य प्रबंधक दीपेंद्र वर्मा ने इस एसबीआई के द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं पेंशनर लोन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम को अध्यक्ष भगवान प्रसाद सेठ, कमल लोचन प्रधान, रास बिहार प्रधान, रवि लाल प्रधान, नंदलाल मिश्रा ने भी संबोधित किया। सम्मान समारोह में उपस्थित पेंशनर्स अपने-अपने समस्याओं को खेतड़ी प्रबंधक एवं बसना शाखा प्रबंधक को बताया साथ ही साथ त्वरित निवारण करने का अनुरोध किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित पेंशनर्स यूनियन तहसील शाखा बसना के पदाधिकारी सहित सभी पेंशनरों ने भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा सम्मान समारोह की सराहना करते हुए आगामी दिनों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहने की सलाह दी। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि ऐसा पेंशनरों का सम्मान आज तक किसी भी अन्य बैंकों के द्वारा नहीं किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक शाखा बसना कि यह सराहनी पहला से पेंशनर्स काफी प्रसन्न नजर आए। तथा भारतीय स्टेट बैंक शाखा बसना के शाखा प्रबंधक मोहम्मद शेख आदिल की काफी सराहना की गई। कार्यक्रम में अन्य बैंक के पेंशनर्स, एस बी आई की सेवा देखते हुए अपना पेंशन अकाउंट एस बी आई में शिफ्ट करने हेतु इच्छुक दिखे। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय से मुख्य प्रबंधक दीपेन्द्र वर्मा, मोहम्मद इस्माइल, गुलाल किशोर स्वर्णकार, सज्जाद हसन दानी, के सी साहू, भोपाल ताँडी, बद्री प्रसाद पुरोहित, वैष्णव पात्र, आर बी भोई, आनंद विलास दास,गणेशराम जगत, वृंदावन सतपथी सहित अनेक पेंशनरों की सहभागिता रही।

# स्वच्छ धमतरी की ओर कदम–गौ पालकों ने शुल्क पटाकर करवाया गोबर निस्तारण, निगम ने किया सम्मान




पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में लाल बगीचा वार्ड में गौ पालकों ने नगर निगम से सहयोग करते हुए गोबर निस्तारण के लिए शुल्क अदा किया, जिसके बाद निगम द्वारा गोबर का उठाव किया गया। इस पहल की सराहना करते हुए निगम द्वारा गौ पालकों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया। निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने अन्य वार्डों के गौ पालकों से भी अपील की कि वे भी नगर निगम से शुल्क अदा कर गोबर निस्तारण में सहयोग करें, जिससे स्वच्छता बनी रहे और शहर का सौंदर्यीकरण हो। उन्होंने कहा कि गौ पालकों के सहयोग से नगर को स्वच्छ बनाए रखना आसान होगा और इससे स्वच्छता अभियान को नई गति मिलेगी। आयुक्त ने बताया कि गोबर निस्तारण के लिए शुल्क अदा करने से न केवल सफाई व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि शहर में दुर्गंध और बीमारियों की संभावना भी कम होगी। निगम ने सभी गौ पालकों और नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में निगम का सहयोग करें और धमतरी को स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर बनाने में अपना योगदान दें। इस पहल से शहर में सफाई को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और अन्य वार्डों के गौ पालक भी इससे प्रेरणा लेकर निगम से जुड़ रहे हैं। नगर निगम की यह पहल धमतरी को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस ने सभी वार्डों मे बनाया प्रभारी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com




नगर निगम चुनाव मे नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। प्रत्याशी डोर टू डोर जनसंपर्क कर रहे है। चुनावी प्रचार प्रसार को गति प्रदान करने जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने निगम के सभी वार्डो में प्रभारियों की नियुक्ति किया है जिसमे हटकेश्वर वार्ड के प्रभारी अम्बर चन्द्राकर, चैनसिंग साहू, रानी मीनपाल, शीतलापारा वार्ड हितेश गंगवीर, अशोक कुर्रे, वीरू महाजन, लालबगीचा राहूल बख्तानी, प्रवीण साहू, कुलप्रित सिंह अजमानी, महेन्द्र साकेत, नागेन्द्र साहू, सुन्दरगंज वार्ड लक्की जैन, आदिल कुछावा, देवेन्द्र देवांगन, सरदार वल्लभाई पटेल वार्ड लुकेश्वरी साहू, टोपेश्वर देवांगन, बठेना वार्ड ज्ञानचंद सिन्हा, अर्जुन निर्मलकर, आशुतोष शर्मा, औद्योगिक वार्ड संतोष साहू, हेमन्त जगबेहड़ा, नवागांव वार्ड सकिल अहमद गुड्डा, दिनेश साहू, सोनू नवरंग, मकेश्वर वार्ड सलीम तिगाला, अरूण ध्रुव, नमन बंजारे, आमापारा वार्ड रामू वाधवानी, विजय पटेल, जावेद रजा, महंत घासीदास वार्ड संजय डागौर, गीतराम सिन्हा, साल्हेवार पारा हकीम, मुकेश नागेश, दिपक गिलहरे, सदर उत्तर वार्ड तनीवर कुरैशी, जैनुन्दीन रिजवी, अशोक पटेल, ब्राम्हणपारा वार्ड संदीप वर्मा, रवि देवांगन, कोष्टापारा देवेन्द्र देवांगन, कुणाल यादव, नारायण यादव, रूद्रा साहू, जालमपुर वार्ड ज्योति वाल्मिकी, बिट्टू सिन्हा, किर्ती सेन, अमित वाल्मिकी, यशवन्त पटेल, विंध्यवासिनी वार्ड यश दुबे, विजय यादव, दानीटोला अनिल कुर्रे, विक्की वाल्मिकी, त्रिलोक साहू, महात्मा गांधी वार्ड कैलाश सोनकर, हेमलाल निर्मलकर, मिथलेश साहू, महिमासागर वार्ड सुरेन्द्र सोनकर, वीरू साहू, रामपुर वार्ड राजा देवांगन, राकेश दिवान, कैलाश सोनकर, पियुष पाण्डेय, पुरण सोनी, गोकुलपुर वार्ड विजय यादव, अमित हल्बा, सदर दक्षिण वार्ड बॉबी पवार, गुड्डा पेंदरिया, भोला खापर्डे, बांसपारा वार्ड प्रवीण नामदेव, कविता पवार, मराठापारा वार्ड सुर्याराव पवार, आलोक जाधव, पोस्टआफिस वार्ड राजेश ठाकुर, महेश रजक, सलीम रिजवी, धर्मेन्द्र पटेल, बनियापारा ममता शर्मा, घनाराम सोनी, मोटर स्टैण्ड वार्ड नरेश जसूजा, ममता शर्मा, जय गिदवानी, रिसाईपारा पूर्व रूपेश राजपुत, शंकर ग्वाल, आदित्य शर्मा, रामसागर पारा वार्ड गुड्डा दिवान, विभा शर्मा, घनाराम सोनी, नयापारा वार्ड घनश्याम पटवा, सागर निर्मलकर, टिकरापारा वार्ड अनुराग मसीह, अम्बेडकर वार्ड होरीलाल साहू, विक्रांत पवार, तारिक रजा कादरी, सुरज पासवान, सोरिद वार्ड कुलेश्वर देवांगन, रमेश देवांगन, रामनाथ यादव, जोधापुर वार्ड कुशल देवांगन, कृष्णा मरकाम, स्वामी विवेकानंद वार्ड अरविंद दोषी, होरीलाल साहू, डाकबंग्ला वार्ड दिनेश रामटेके, गोविंद साहू, रिसाईपारा पश्चिम विशाल शर्मा, सुमित जैन, सुभाष नगर वार्ड नारद राम, गोवर्धन देवांगन, जितेन्द्र नाग को बनाया गया है।

# अधिकारी पर महिलाओं ने लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



सरकार महिलाओं के आत्म सुरक्षा और उनके सम्मान को बरकरार रखने के उद्देश्य से समय समय पर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को आदेश निर्देश देती रही है। महिलाओं के साथ होने वाले अभद्र व्यवहार से संबंधित शिकायतों को लेकर किसी किस्म की लापरवाही नहीं किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। लेकिन बड़े दुर्भाग्य के साथ यह कहना पड़ रहा है कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के साथ संबंधित अधिकारी अपने पद का दुरूपयोग करते हुए यहां कार्यरत महिलाओं के साथ निम्न स्तर की घटिया हरकतें कर उनके मान-सम्मान को ठेस पहुंचा रहा है जिससे दुखित होकर महिलाओं ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर कर उक्त अधिकारी के विरूद्ध जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी को मई 2024 में शिकायत की है। लेकिन संबंधित विभाग के आला अधिकारी इस गंभीर शिकायत को रद्दी की टोकरी में डालकर उक्त अधिकारी को प्रश्रय दे रहे हैं जिससे जिले की अन्य महिला कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि ग्राम अछोटा में संचालित शासन की योजनाओं में कार्यरत महिलाएं अपने जिम्मे मिले हुए कार्य को आराम से और पूरी ईमानदारी से करते रहती हैं। लेकिन इनके कार्य में उक्त अधिकारी दखल देते हुए जान बूझकर उन्हें प्रताड़ित करने के उद्देश्य से उनके द्वारा किये जा रहे अच्छे खासे कार्य में त्रुटि निकालकर उन्हें प्रताड़ित करते आ रहे हैं। यही नहीं उक्त अधिकारी द्वारा यहां कार्यरत महिलाओं के कार्यक्षेत्र में आकर गंदे-गंदे गाली गलौज, अभद्र व्यवहार किया जाता है। हद तो यह है कि किसी भी महिला को उसके शारीरिक बनावट पर टिप्पणी करने से ये बाज नहीं आते और उनसे बे.. जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर उन्हें संबोधित करते हैं। इसे लेकर यहां कार्यरत महिलाएं लंबे समय से इस अधिकारी की आपत्तिजनक बातों, व्यवहारों को लेकर मन मसोसकर रह जाती। लेकिन इनकी यह गैर कानूनी और आपत्तिजनक कार्य बढ़ते ही जा रही है। यदि कोई महिला इसका विरोध करती है तो उनसे किसी न किसी बात को लेकर उससे संबंधित कार्य के लिये राशि जमा करने के रूप में पैसे की मांग की जाती है। इसी तरह महिलाओं को मिलने वाले पारिश्रमिक में भी कटौति कर अधिकारी के साथ मिलकर महिलाओं के अधिकार का हनन करते हुए राशि डकार लिया जाता है। जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी को अपनी शिकायत में ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं ने यह भी बताया कि हमें उक्त अधिकारी शारीरिक एवं मानसिक रूप से हानि पहुंचाने कुछ न कुछ आपत्तिजनक कार्य करते रहते हैं। इतने गंभीर शिकायतों को 31.5.2024 के बाद से अब तक रद्दी की टोकरी में डालकर उक्त अधिकारी पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे न सिर्फ यहां कार्यरत महिलाओं में अपितु जिले में कार्यरत शासकीय महिला कर्मियों में भी उक्त अधिकारी के खिलाफ काफी नाराजगी देखी जा रही है। ऐसे अधिकारी की शिकायत जिले के जिम्मेदार अधिकारी को करने के बाद भी नहीं हटाया जाना अनेक संदेहों को जन्म देता है। इन महिलाओं का कहना था कि एक तरफ सरकार महिलाओं के आत्मसम्मान को बचाये रखने का निर्देश देती है वहीं उक्त अधिकारी द्वारा महिलाओं के साथ लगातार अभद्र व्यवहार किया जा रहा है, जिस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इस अधिकारी के बारे में पता चला है कि इस पर वरिष्ठ अधिकारियों का वरदहस्त प्राप्त है जिसके कारण उक्त मुंहलगे अधिकारी पर अनेक शिकायतों के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय कांकेर में 2014 में हुई घटना के पश्चात जितने भी पुरूष प्रभारी थे, उन्हें समूचे प्रदेश से हटाया था। उनके स्थान पर महिलाओं को इसका प्रभार दिया गया था। यही नहीं शासकीय कार्यालयों में पदस्थ महिलाओं की सुरक्षा हेतु संबंधित जिले के कलेक्टरों को यह भी निर्देश दिया था कि किसी भी शासकीय महिला कर्मी को अपने आवास में नहीं बुलाया जाये जिससे समूचे प्रदेश सहित धमतरी जिले के महिलाओं में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई और शासन के इस आदेश की भूरि-भूरि प्रशंसा की। लेकिन आज 11 वर्षों बाद एक बार फिर महिलाओं के साथ कथित अधिकारी द्वारा अभद्र टिप्पणी, आपत्तिजनक व्यवहार किया जा रहा है जिसकी शिकायत एक वरिष्ठ अधिकारी को वर्ष 2024 में उक्त पीड़ित महिलाओं के द्वारा लिखित में किया गया। लेकिन अफसोस कि उक्त वरिष्ठ अधिकारी द्वारा 12 महिलाओं की शिकायत को गंभीरता से न लेते हुए संबंधित अधिकारी पर कोई कार्यवाही नहीं की है जिसे लेकर महिलाओं के परिवारजनों में भी बेहद नाराजगी है जिन्होंने सरकार से इस अधिकारी को यहां से तत्काल अन्यत्र जिला स्थानांतरित करने की मांग की है।

# मनोज कैवर्त का नामांकन निरस्त करने व छेड़छाड़ मामले में कार्रवाई की मांग तेज

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के तहसील लवन से 7 किलोमीटर की दूरी पर बसा ग्राम पंचायत तिल्दा है।जहां मनोज पिता रामलाल कैवर्त द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बना लिया है।आपको बताते चलें कि जिस जगह पर मनोज कैवर्त मकान बनाया है वह जगह बच्चों एवं युवाओं का खेल खेलने का मैदान होता था जिसको अतिक्रमण कर मनोज कैवर्त ने खेल मैदान पर ग्रहण लगा दिया गया है।जिसकी शिकायत ग्रामीण कम्पनी कैवर्त के द्वारा न्यायालय नायाब तहसीलदार लवन एवं जिला कलेक्टर बलौदाबाजार में दिसम्बर माह सत्र2024 में किये जिस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर बलौदाबाजार ने कार्रवाई का आदेश नायाब तहसीलदार को दिये थे जिस पर बिना देरी किये नायाब तहसीलदार लवन ने प्रकरण दर्ज कर सुनवाई तिथि घोषित कर आगे की कार्रवाई की तैयारी में है।इसके अलावा यह मामला भी पुलिस विभाग एस डी ओ पी कार्यालय कसडोल से जानकारी प्राप्त हुआ है कि मनोज कैवर्त के विरुद्ध उसी गॉव के किसी महिला ने घर घुसकर छेड़छाड़ किये जाने की शिकायत किये गए हैं जिस पर जांच हो चुकी है कार्रवाई शेष है जो एक दो दिन में लगभग छेड़छाड़ मामले में भी कार्रवाई देखने को मिलेगा।मनोज कैवर्त के विरुद्ध खनिज विभाग बलौदाबाजार में रेत अवैध परिवहन एवं निकासी का अनगिनत मामले दर्ज होने की जानकारी खनिज विभाग से प्राप्त हुआ है। ग्रामीणों ने मांग किये हैं जिला प्रशासन ,जिला निर्वाचन अधिकारी ,रिटर्निंग अधिकारी से उनके द्वारा ग्राम पंचायत तिल्दा के वार्ड क्रमांक 05 पंच पद की नामांकन पत्र को निरस्त करने सहित पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार ,एस डी ओ पी कसडोल से अपराध दर्ज कर अविलंब गिरफ्तारी की मांग किये गए हैं।

# डीएवी जांता में बसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



डी ए वी एम पब्लिक स्कूल जांता में बसंत पंचमी के पावन पर्व को भव्य व धूमधाम और उमंग के साथ मनाया। इस शानदार आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में अभिभावकगण उपस्थित रहे व कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संस्था के प्राचार्य पी एल जायसवाल के मार्गदर्शन में विद्यालय में वैदिक हवन यज्ञ का भव्य आयोजन हुए वैदिक हवन यज्ञ के साथ अपने प्रेरणादायक संबोधन में जायसवाल ने कहा- बढ़ती प्रतियोगिता और बदलती शिक्षण पद्धति में शिक्षक और शिक्षार्थी दोनों को पारंपरिक अनुशासन अपनाते हुए नई तकनीकी के साथ पूरी तैयारी से अपने क्षेत्र में प्रवेश करना होगा। वर्तमान में एक पक्षीय गुणवत्ता आपको दिन- प्रति दिन पीछे धकेलती चली जाएगी। समय के साथ चलना हो तो नवाचार अपना होगा, शैक्षिणिक ज्ञान में विकास करते हुए सामायिकी ज्ञान को प्रतिदिन जारी रखना होगा तभी हम विकसित भारत में अपनी दमदार- चमकदार भूमिका निभा पाएंगे। साथ ही बसंत पंचमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि यह ज्ञान, विद्या, और सृजनात्मकता का प्रतीक पर्व है। उन्होंने माँ सरस्वती की पूजा और वेदों, उपनिषदों में उनके महत्व को उजागर करते हुए बताया कि यह दिन विद्यार्थियों को नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि बसंत पंचमी का पर्व जीवन में ज्ञान के प्रति समर्पण और सकारात्मक्ता को बढ़ावा देने का समय है। इस दिन को विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। उन्होंने छात्रों को सफ्लता की दिशा में निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास रखने के लिए प्रोत्साहित किया, बसंत पंचमी का पर्व हमें अपने जीवन में नए लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। प्राचार्य जायसवाल ने आगे बताया कि बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्यालय में नए बच्चों को हवन यज्ञ में शामिल कर मुह मीठा व प्रसाद खिलाकर प्रवेषित दिलाए हैं साथ ही बताया कि सी बी एस ई के अनुसार एक कक्षा में 80 व एक सेक्शन में 40 बच्चे ही ले सकते हैं हमारे दो सेक्शन हैं जिसमें हमारे सभी कक्षाओ में 65 से 70 बच्चे अध्यनरत हैं शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए प्रत्येक कक्षा में हम केवल 10 से 15 बच्चों को ही हम प्रवेश दे पाएंगे। इसलिए समय रहते तत्काल प्रवेश लेने हेतु प्राचार्य ने लोगों को अपील भी किए जिससे आसपास के लोगो को सी बी एस ई व वैदिक संस्थान में बच्चे को शिक्षा मिल सके, प्राचार्य ने बताया कि बेमेतरा जिला में 9 लाख के जनसंख्या में एक मात्र डी ए वी जांता वैदिक संस्थान हैं जिसका लाभ लेने हेतु अभिभावकगण विद्यालय पहुँच रहे हैं। बसंत पंचमी में प्रमुख रूप से विद्यार्थियों ने सफल और प्रेरणादायक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर बसंत पंचमी के इस पर्व को उल्लास, आनंद और शिक्षा के महत्व के साथ मनाया। राजा तंतुवाय, छोटु राम साहू व भागवत चंद्राकर ने सुरमयी संगीत से बच्चों को भजन के माध्यम से हर्षित किए। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षकगण ललित देवांगन, अनिल चन्द्रवंशी, कैलाश सिंह ,राजा तन्तुवेय, छोटू राम साहू, निशु गुप्ता, आयुषी जैन,मनीषा सोनी, रितिका साहू, रेणुका पटेल, सरिता साहू, दीपिका वर्मा, अभिषेक दुबे, नम्रता चतुर्वेदी, मधुस्मिता, विमल साहू, कुसुम साहू,देवीका जैन, सुखदेव, विजय, नरेश, रुकमणी, रामेश्वरी, युवराज़ आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाए।

# निकाय चुनाव हेतु ईवीएम का वार्डों में प्रदर्शन, लोगों मे दिखा उत्साह

## नागरिको ने कहा हम उत्साह के साथ वोट देने 11 फरवरी को अवश्य जाएंगे

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत निगम चुनाव में इस बार ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा। ईवीएम को लेकर मतदाताओं के मन में तमाम जिज्ञासाओं को शांत करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की ओर से शहर क्षेत्र के हर वार्ड में प्रतिदिन,आज शहर क्षेत्र के 4 वार्डो में शिविर लगाकर मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम के विभिन्न हिस्सों और उनके कार्यो का विस्तार से परिचय कराया। उन्होंने बताया कि कैसे मशीन से चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाया जाता है।मास्टर ट्रेनर ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचा जा सके। इस दौरान लोगो ने ईवीएम मशीन को जाना. स्थानीय निवासी ललित पटेल ने कहा कि ईवीएम मशीन से वोट देने की प्रक्रिया की जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया।साधना ढीमर ने कहा कि ईवीएम मशीन से वोट देना आसान है और समय भी कम लगेगा.वही प्रमिला यादव ने बताया कि हम सभी बहुत खुश है कि चुनावी त्योहार है, हम बहुत उत्साह के साथ वोट देने 11 फरवरी को अवश्य जाएंगे। इसी क्रम में 5 फरवरी को वार्ड 57 उरला, वार्ड 17 औधोगिक नगर, वार्ड 21 तितुरडीह वार्ड 27 पोलसायपारा, वार्ड 9 स्वामी विवेकानंद वार्ड, वार्ड 4 मठ पारा, वार्ड 36 गंज पारा, वार्ड 29 अस्पताल वार्ड, वार्ड 40 सुराना कालेज, वार्ड 45 पद्मनाभपुर, वार्ड 50 बोरसी भाठा, वार्ड 55 पुलगांव के अलावा 6 फरवरी को वार्ड 2 राजीव नगर, वार्ड 33 चण्डी मंदिर, वार्ड 31 लंगुरवीर मंदिर, वार्ड 41 केलाबाड़ी, वार्ड 46 पद्मनाभपुर, वार्ड 51 बोरसी बस्ती, वार्ड 19 शहीद भगत सिंह,वार्ड 58 उरला, वार्ड 18 औद्योगिक नगर, वार्ड 23 दीपक नगर, वार्ड 13 मोहन नगर के अलावा वार्ड 7 किल्ला मंदिर वार्ड में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

# सेल-एनटीपीसी ने यूथ हॉस्टल को दी एंबुलेंस, छत्तीसगढ़ इकाई ने जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com




यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफइंडिया (वायएचएआई) राउरकेला यूनिट को एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी लिमिटेड (एनएसपीसीएल) से एक एम्बुलेंस प्रदान की गई है। बसंत पंचमी के अवसर पर निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) तहत यह पहल की गई है। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई ने एनएसपीसीएल की पहल का स्वागत करते हुए इसे अनुकरणीय बताया है। वायएचएआई छत्तीसगढ़ इकाई की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक राउरकेला इकाई के अध्यक्ष प्रताप कुमार स्वैन, उपाध्यक्ष जी.एन. श्रीलवास्तव और संगठन सचिव सरोज पटनायक ने यह एम्बुलेंस प्राप्त की। जिसमें वायएचएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज जौहरी और ओडिशा राज्य अध्यक्ष पी.एन.दवे का विशेष सहयोग व मार्गदर्शन रहा। वाईएचएआई छत्तीसगढ़ राज्य शाखा अध्यक्ष सुनील विश्नोई, उपाध्यक्षसतीश शुक्ला, हुकुमचंद जैन, शैलेश शुक्ला, कोषाध्यक्षवरुण जैन, चेयरमैन-संदीप सेठ, सचिवके.सुब्रमण्यम एवं भिलाई इकाई के अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी, चेयरमैनके.सुब्रमण्यम, सचिवसुबोध देवांगन एवं अन्य सदस्यों ने सेल-एनटीपीसी की इस पहल पर आभार जताया है। वाईएचएआई पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में छत्तीसगढ़ इकाई के लोक महत्व से जुड़े कार्यक्रमों में भी सेल-बीएसपी और एनटीपीसी प्रबंधन का सहयोग अवश्य मिलेगा। छत्तीसगढ़ राज्य शाखा एवं भिलाई इकाई राउरकेला यूनिट को इस सराहनीय कार्य के लिए बहुत साधुवाद प्रेषित किया है।

# दिव्यांग व वंचित समुदाय के बच्चों के लिए जीई फाउंडेशन का काम सराहनीय : चक्रवर्ती

## जीई फाउंडेशन की स्मारिका का विमोचन किया ईडी एमएम ने सामाजिक कार्यों की सराहना की

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की वार्षिक स्मारिका का विमोचन भिलाई स्टील प्लांट के कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ए. के. चक्रवर्ती ने मंगलवार को अपने कार्यालय में एक संक्षिप्त समारोह में की। शुरुआत में जीई फाउंडेशन की ओर से संयोजक प्रदीप पिल्लई ने अपने स्वागत भाषण में संस्था के हाल के प्रमुख कार्यों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। विमोचन के उपरांत ईडी एमएम ए के चक्रवर्ती ने कहा कि भिलाई स्टील प्लांट के ही कुछ कर्मियों ने दिव्यांग व वंचित समुदाय के बच्चों के लिए स्वेच्छा से जो पहल की, वह बेहद अनुकरणीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जीई फाउंडेशन का कार्य भविष्य में देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाएगा। इस अवसर पर रिफ्रैक्ट्रीज इंजीनियरिंग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक प्रसनजीत दास, सामग्री प्रबंधन विभाग के के मुख्य महाप्रबंधक ए.के. मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक मंजु शुक्ला और जीई फाउंडेशन की ओर से जावेद खान, के वी विनोद, तारिक खान और अजीत सिंह भी उपस्थित थे।

# सरपंच पद के प्रत्याशी सोनिया थानेश्वर यदु ने विशाल रैली के साथ नामांकन दाखिल किया

पायनियर संवाददाता ◀ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com





जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खम्हारिया के सरपंच पद के प्रत्याशी सोनिया थानेश्वर यदु ने विशाल रैली के साथ नामांकन दाखिल किया है। आपको बता दें लगातार ग्रामीणों के द्वारा सोनिया यदु को प्रोत्साहित किया गया समर्थन दिया गया लोगों के आह्वान पर ही सरपंच पद के प्रत्याशी बनी यदु ।

सरपंच प्रत्याशी के पति थानेश्वर यदु ने मीडिया को जानकारी शेयर करते हुए कहा कि ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है उन्हीं के आह्वान पर ही मेरे धर्मपत्नी को सरपंच पद के प्रत्याशी बनाया गया है। निश्चित ही सबका आशीर्वाद मिलेगा और हम लोग चुनाव जीतेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा गांव में किए गए विकास कार्य को लेकर के जनता के बीच जाएंगे साथ ही जनता के मूलभूत सुविधा के लिए काम करेंगे और शासन की योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# मोनू साहू का धुंआधार प्रचार प्रसार कर रहे है डोर टू डोर जनसंपर्क



पायनियर संवाददाता ◀ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com

अमलेश्वर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सहित 18 पार्षदों के चुनाव का बिगुल बज चुका है। कांग्रेस की ओर जिला पंचायत के पूर्व सभापति रहे मोनू(मोरध्वज साहू) नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी है। मोनू साहू को कांग्रेस प्रत्यासी घोषित करते ही जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष उमेश साहू ने भी अपना नामांकन वापस लेकर अब मोनू साहू व कांग्रेस प्रत्याशियों के लिये जमकर मेहनत कर रहे है वही मोनू साहू भी जनता से आशीर्वाद मांगने डोर टू डोर पहुंच रहे है। मोनू साहू कांग्रेस प्रत्याशी व कार्यकर्त्ताओ के साथ प्रचार कर रहे है। मोनू साहू ने कहा कि हमें भरोसा है कि कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। 5 वर्ष के भूपेश सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा जा रहा है। जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है, बड़ी संख्या में जीत हासिल कर नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में अध्यक्ष और पार्षदों के सभी पदों पर कब्जा करेंगे।

# मरका बगीचा में श्री मद् भागवत ज्ञान यज्ञ एवं विराट मेला की तैयारी, एस एस पी ने की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने मरका बगीचा में आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ समारोह और विराट मेला के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु महत्वपूर्ण चर्चा की। मरका बगीचा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 04 फरवरी से 12 फरवरी तक श्री मद् भागवत ज्ञान यज्ञ एवं विराट मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचल से महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस मौके पर, शम्भूपुरी सत्संग समिति एवं ग्रामवासी मरका के प्रतिनिधियों, जिनमें नरेन्द्र कुमार साहू और अन्य शामिल थे, ने पुलिस कार्यालय में एसएसपी साहू से मुलाकात कर आयोजन के लिए आमंत्रण दिया और पुलिस बल की आवश्यकताओं पर चर्चा की। एसएसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि समारोह के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखना प्राथमिकता होगी। उन्होंने मेला स्थल और उसके आस-पास के ग्रामों की सुरक्षा का जायजा लेते हुए उचित पुलिस बल तैनात करने का आश्वासन दिया। इस आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि शांति एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद उठा सकें। आगामी श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ समारोह और विराट मेला जिले का एक प्रमुख धार्मिक आयोजन होने के साथ-साथ सामुदायिक एकजुटता का प्रतीक भी है, और इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से तैयार है।

# अश्लील गाली गलौज कर हमला करने के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




अश्लील गाली गलौज कर हमला करने के मामले में पुलिस ने 02 आरोपी गिरफ्तार किया गया और प्रकरण में फरार अन्य दो आरोपियो की पतातलाश जारी है इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 03.11.2024 को प्रार्थी पवन साहू पिता खेलू साहू उम्र 21 साल वार्ड 1 साजा थाना साजा जिला बेमेतरा ने आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 02.11.2024 को दोपहर करीबन 2.00 बजे गुप्ता किराना दुकान के पास 5-6 लोग खड़े थे उसी समय सुभम वर्मा, मोनू साहू व 02 अन्य आये और मेरे साथी के कालर को पकडकर जबरदस्ती अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया उसी समय अरुण यादव तथा मित्र पंकज साहू तथा राकेश, पिंटू के द्वारा छुडाने का कोसिस करने पर योगेश साहू द्वारा चाकू से अरुण यादव को मारा गया, जिससे अरूण यादव के पिठ में चोट लगा, जिसे ईलाज के लिए शासकीय अस्पताल साजा में लाकर भर्ती किये डा. साहब द्वारा रिफर करने पर बेमेतरा ले गये फिर बेमेतरा से अस्पताल से रिफर करने पर मेकाहारा हस्पिटल रायपुर में भर्ती कर ईलाज चल रहा है कि रिपोर्ट पर थाना साजा में आरोपी के विरूद्ध अपराध सदर धारा बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया।

जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने तत्काल आरोपी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना दौरान मुर्तजरर का ईलाज संबधित दस्तावेज प्राप्त होने पर डॉक्टर साहब द्वारा ईलाज संबंधी दस्तावेज का क्युरी कराया गया क्युरी रिपोर्ट में गंभीर चोट व मृत्यु होना संभावित होना लेख किये है। प्रकरण में धारा 109 बीएनएस जोडी गई हैं। प्रकरण में आरोपी 1. सुभम वर्मा पिता स्व. कृष्णा वर्मा उम्र 19 साल साकिन साजा थाना साजा, 2. ओमप्रकाश साहू ऊर्फ मोनू साहू पिता रामप्रसाद साहू उम्र 23 साल साकिन भरतपुर थाना साजा जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से 03.02.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## रोड़ पर कचरा फेंकते पकड़े गए तो देना पड़ सकता है 100 से 500 रुपए तक जुर्माना

# सड़क पर कचरा फेंकते पकड़े गए, निगम प्रशासन ने लगाया जुर्माना

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम।स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सड़क पर कचरा फेंकने पर जुर्माना लगाएगा।जिला कलेक्टर/निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी व आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर आज सुबह मठ पारा में दुकानदार व महिला द्वारा घर के अंदर से सड़क पर कचरा फेंकते पकड़े जाने पर स्वच्छता निरीक्षक सुरेश भारती व कपीस द्वारा उन पर जुर्माना की कार्रवाही की गई। बता दे कि शहर में जहां- तहां कूड़ा/कचरा फेंकना दुकानदारों एवं शहरवासियों को महंगा पड़ सकता है।इतना ही एक बार से अधिक सड़क पर कूड़ा फेकते पकड़े जाने पर अर्थदंड के साथ ही कड़ी कार्रवाही भी की जा सकती है। सड़क पर कचरा फेंकते पकड़े गए तो देना पड़ सकता है 100 से 500 रुपए तक जुर्माना, शहर में नाली और सड़क पर कचरा फेंकने वालों को समझाइश नहीं दी जाएगी सीधा जुर्माना की कार्रवाही होगी। इस संबंध में नगर निगम प्रशासन घूम-घूमकर प्रचार- प्रसार भी कर रहा है, ताकि लोग जागरूक हो सके।निगम प्रशासन आम लोगों से अपील किया है कि आप कूड़ा-कचरा अपने घर के कूड़ादान रखे। जिसे सुबह निगम के कचरा गाड़ी में दे।इसके साथ ही दुकानदारों को अपने दुकान के सामने कचरा का डब्बा रखने को कहा गया है।उन्हें अपना कचरा जमा करके रखना होगा। सुबह जब आपके घर दरवाजे के पास नगर निगम की कचरा लेने वाली गाड़ी आएगी तो वे उसमें कूड़ा कचरा डालेंगे। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा स्वास्थ्य विभाग अमला व स्वच्छता निरीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे अपने- अपने इलाकों में घूमते रहे और सड़क पर कचरा फेंकने वालों को चिहित कर आर्थिक जुर्माना लगाएं, क्योंकि नगर निगम प्रशासन घर -घर जाकर कूड़ा संग्रह कर रही है। ताकि कूडा लोग सड़कों में न फेंके। इसके लिए शहरवासियों को नीला एवं हरा डब्बा दिया गया है। नीला डब्बा में सूख कूड़ा एवं हरा डब्बा में गीला कचरा रखना है।नगर निगम प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि सड़क पर कूड़ा- कचरा फेंकने वाले पर आर्थिक दंड लगाया जाए। दुकानदारों को अपने दुकान के आगे डस्टबिन रखने का निर्देश दिया गया है।कचरा किसी भी सूरत में निगम द्वारा रखे कूड़ादान में डाला जाए सभी के सहयोग से स्वच्छ एवं सुदंर दुर्ग हो सकेंगा।

# भाजपा प्रत्यासियो के पक्ष में मतदान करने की अपील

बेमेतरा। भारतीय जनता पार्टी भिंभौरी कुसमी और बेरला नगर पंचायत में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर का चुनावी आमसभा का आयोजन तीनो नगर पंचायतो में बाजार चौक में किया गया ।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION: 20-02-2025 TIME: 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE: THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS: https://egold.auctiontiger.net
Contact Number: 9099013705/6351896640

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site.

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS
BAGBAHARA: 75240000483490, KORBA: 63240000617207

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur Sd/-
Date: 05-02-2025 Authorized Signatory

## संपादकीय

# केंद्रीय बजट मध्य वर्ग को राहत

**कर रियायतें**, कृषि क्षेत्र को बढ़ावा तथा 'गिग वर्कर्स' को सहायता केन्द्रीय बजट, 2025 की विशेषतायें हैं, पर आर्थिक वृद्धि के बारे में चिन्तायें बनी हुई हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी, 2025 को केन्द्रीय बजट पेश किया जिसमें आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा, मध्य वर्ग की सहायता तथा कृषि उत्पादकता बढ़ाने को केन्द्र में रखा गया है। केन्द्रीय बजट 2025-26 में कुल खर्च 50,65,345 करोड़ रखा गया है जिसमें आर्थिक वृद्धि, मध्य वर्ग को राहत तथा कृषि विकास पर ध्यान दिया गया है। ढांचागत संरचना के मोर्चे पर भी पूंजीगत खर्च में थोड़ी बढ़ोत्तरी कर विकास को गति देने का प्रयास किया गया है, हालांकि इसके विस्तृत विवरण नहीं दिए गए हैं। इस बीच वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे के जीडीपी के 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, बजट में विभिन्न क्षेत्रों को गति देने की महत्वाकांक्षी योजना पेश की गई है, पर इसकी प्रभावशीलता प्रभावी क्रियान्वयन तथा अन्य आर्थिक स्थितियों पर निर्भर करेगी। आयकर सीमा बढ़ाने से मध्यवर्ग को बड़ी राहत मिली है। बजट में आयकर छूट की सीमा प्रति वर्ष 12.75 लाख कर मध्य वर्ग को कापी कर राहत दी गई है। इस प्रकार एक लाख रुपये की औसत मासिक आय वाले लोगों को प्रभावी रूप से कोई आयकर नहीं देना पड़ेगा। इस कदम का लक्ष्य घरेलू बचतों और उपभोग को बढ़ावा देना है।

दालों और बहुत लंबे रेशे वाली कपास के उत्पादन को बढ़ावा देने तथा किसानों की सहायता के लिए एक छः-वर्षीय कार्यक्रम की घोषणा की गई



है। सरकार गारंटीशुदा मूल्यों पर दालें खरीद कर तथा कपास की उपज बढ़ाने के लिए शोध एवं विकास-आरएंडडी में निवेश कर किसानों को समर्थन के माध्यम से इनके आयात पर निर्भरता घटाना चाहती है। बजट ने ई-श्रम पोर्टल पर एक करोड़ 'गिग वर्कर्स' के पंजीकरण का प्रस्ताव किया है। इस पहल के माध्यम से 'गिग अर्थव्यवस्था कार्यबल' औपचारिक रूप प्राप्त करेगा तथा स्वास्थ्यरक्षा व अन्य कल्याणकारी योजनाओं तक उसकी पहुंच बढ़ेगी। पूंजीगत खर्च के लिए 11.21 लाख करोड़ रुपये का आबंटन तय किया गया है जो पिछले साल की तुलना में थोड़ी वृद्धि है। इस निवेश का लक्ष्य ढांचागत विकास और आर्थिक वृद्धि को गति देना है। 'मूडी रेटिंग्स' समेत कुछ विश्लेषकों ने चिन्ता प्रकट की है कि मध्य वर्ग को कर राहत का समग्र आर्थिक वृद्धि पर केवल सीमित प्रभाव पड़ेगा। उपभोग तथा निवेश बढ़ाने में इन कदमों की प्रभावशीलता अनिश्चित है। बजट में पूंजीगत खर्च में थोड़ी वृद्धि की गई है जो ढांचागत विकास और आर्थिक विस्तार का इच्छित स्तर प्राप्त करने के लिए शायद कापी न हो। हालांकि, बजट में महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों की रूपरेखा पेश की गई है, पर इनकी प्रभावशीलता जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन पर आधारित होगी। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अतीत की चुनौतियां इच्छित परिणाम प्राप्त करने के रास्ते में बाधा बन सकती हैं। केन्द्रीय बजट 2025-26 मध्य वर्ग व कृषि को समर्थन देने के उल्लेखनीय उपाय पेश करता है, पर इसके व्यापक आर्थिक वृद्धि पर संभावित प्रभाव तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन पर नजर रखनी होगी। हालांकि, बजट में की गई विभिन्न पहलें बहुत आकर्षक हैं, पर देश की आर्थिक वृद्धि तथा इन पहलों के सफल जमीनी क्रियान्वयन पर प्रभाव के बारे में चिन्तायें बनी हुई हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है, इसलिए भावी आर्थिक प्रगति पर बदलती भू-राजनीतिक स्थितियों का भी प्रभाव पड़ना अवश्यंभावी है।

# पूजास्थल कानून पर विचार

सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अदालतों को पूजास्थलों संबंधी मामले सुनने पर अंतरिम प्रतिबंध लगा दिया है। इससे पूजास्थल कानून, 1991 पर बहस पुनः तेज हो गई है।



**स्मृतिका केसरी**
(लेखिका, दिल्ली में वकील हैं।)



**प्रधान न्यायाधीश** जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की एक विशेष पीठ ने 12 दिसंबर, 2024 को सभी सिविल अदालतों द्वारा पूजास्थलों से संबंधित नए मामलों पर विचार करने पर प्रतिबंध का अंतरिम आदेश दिया। हालांकि, अभी उसने पूजास्थल कानून, 1991 की संवैधानिक वैधता को दी गई चुनौतियों पर विचार नहीं किया है। पूजास्थल कानून उन धार्मिक विवादों को रोकने के विधायी उपाय के रूप में लाया गया था जो पूजास्थलों पर धार्मिक विवाद उठा रहे थे। इसमें पूजास्थलों की प्रकृति बदलने तथा इनका धार्मिक चरित्र उसी स्थिति में बनाए रखने का प्राविधान किया गया है जिसमें वे 15 अगस्त, 1947 में थे। इस कानून में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को अपवाद स्वरूप अलग रखा गया था क्योंकि उस समय न्यायालय इस पर विचार कर रहा था। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से न्यायिक समीक्षा तथा कानून के शासन का विषय सामने आता है। संसद ने पूजास्थलों से संबंधित याचिकाओं और अन्य कानूनी कार्यवाहियों का निपटाना 1991 में एक विधायी उपाय के माध्यम से करने का प्रयास किया था। लेकिन यह कदम इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण व अन्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कानून के शासन तथा न्यायिक समीक्षा संबंधी मूल संरचना के नियम के विपरीत था। भारत तथा अन्य संसदीय लोकतंत्रों में अक्सर सदस्यों के माध्यम से व्यक्त संसद के दृष्टिकोण को 'जनता की इच्छा' के रूप में पेश किया जाता है जो सभी प्रकार की विकृतियों से मुक्त माना जाता है। लेकिन यह दृष्टिकोण उचित नहीं है। यह न केवल हमारे गणतंत्र में लोकतांत्रिक और संवैधानिक विचारों के विपरीत है, बल्कि यह दार्शनिक रूप से भी अपनी मूल अवधारणा से अलग लगता है। संसद द्वारा पास कानून के माध्यम से कुछ कानूनी विवादों को निष्प्रभावी किया गया है। लेकिन यह इस गलत अवधारणा पर आधारित है कि संसद निरंतर 'लोगों की इच्छा' का प्रतिनिधित्व करने वाला संस्थान है और इस प्रकार वह अदालतों के प्रति जवाबदेह नहीं है। लेकिन भारतीय संविधान संविधान की सर्वोच्चता का सिद्धान्त स्थापित करता है जो संसद की बेलगाम संप्रभुता के खिलाफ है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद संसद के कानून न्यायिक समीक्षा के दायरे में आते हैं। इसका संबंध अनुच्छेद 13-2 से है जिसके अनुसार संसदीय कानून उन मूलाधिकारों का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं जिनकी गारंटी संविधान ने दी है और वे संवैधानिक सीमाओं तथा न्यायिक समीक्षा का विषय बने रहते हैं। इसलिए संसद द्वारा पास कोई कानून, वर्तमान मामले में पूजास्थल कानून अनुच्छेद 25 एवं 26 के अंतर्गत नागरिकों के पूजा करने की स्वतंत्रता तथा संविधान की प्रस्तावना के पाठ का उल्लंघन नहीं कर सकता है।

**पूजास्थल कानून द्वारा लागू अतार्किक वर्गीकरण पूजास्थलों संबंधी विभिन्न विवादों से जुड़े लोगों को गंभीर समीक्षा के लिए अदालतों के दरवाजे खटखटाने से रोकता है। लिखित संविधान के आधार पर स्थापित किसी भी कारगर लोकतंत्र में गलत कार्यों से पीड़ित लोगों के लिए अदालतों के दरवाजे हमेशा खुले रहने चाहिए। लेकिन इसके बावजूद वर्तमान चरण में पूरे कानून को असंवैधानिक घोषित करना ज्यादा व्यावहारिक नहीं होगा।**

असमान चीजों के साथ समान व्यवहार करना विधिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है, लेकिन पूजास्थल कानून ऐसा ही करता है। रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को इसकी धारा 5 से अलग करने से एक खास स्थल को विशेष महत्व मिलता है जबकि लगभग ऐसी ही स्थिति वाले अन्य मंदिर बाहर कर दिए जाते हैं। इनमें खासकर काशी विश्वनाथ तथा कृष्ण जन्मभूमि मंदिर शामिल हैं जो विशिष्ट स्थलों पर मौजूद अन्य संरचनाओं के कारण विवाद का विषय बने हुए हैं। इस प्रकार संसद द्वारा पास पूजास्थल कानून, 1991 संविधान के अनुच्छेद 14 की भावना के खिलाफ एक मनमाना और अतार्किक वर्गीकरण करता है जिसके माध्यम से रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को अपने आप में एक अलग व विशिष्ट विवाद के रूप में परिभाषित कर दिया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने रायप्पा के मामले में परिभाषित किया है कि 'समानता मनमानेपन की विरोधी है।' वास्तव में समानता और मनमानेपन का दृष्टिकोण एक दूसरे के घोर शत्रु हैं। इनमें से एक का संबंध कानून के शासन से है, जबकि दूसरे का संबंध एक संपूर्ण या स्वेच्छाचारी शासक की सनक या घृणा से है। जब कोई कानून मनमाने ढंग से बनाया जाता है तो यह राजनीतिक तर्क तथा संवैधानिक विधि, दोनों के विरोध में होता है। इस प्रकार का कोई कानून संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है। इसके साथ ही संविधान के अनुच्छेद 14 का प्रभाव बहुत व्यापक है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसकी व्यापकता पर अनवर अली सरकार मामले में विचार किया था। इस मामले में उसने संविधान के अनुच्छेद 14 की व्याख्या करते हुए स्पष्ट रूप से कहा था कि अलग-अलग आधार पर लोगों को लाभ या हानि पहुंचाने वाला कोई विधायन संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करने के कारण असंवैधानिक होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने इसके लिए दो आधार परिभाषित किए हैं। 1. यदि वर्गीकरण के आधार में कोई बुद्धिमानीपूर्ण या तर्कसंगत अंतर नहीं किया गया है जो इससे अलग रखने वाली चीजों को एक समूह के रूप में परिभाषित करता हो, तथा 2. यदि इस अंतर का तार्किक आधार संबंधित विधायन द्वारा प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्य के अनुरूप न हो। ऐसी उपरोक्त स्थितियों में किया गया कोई वर्गीकरण दो प्रमुख कारणों से असंवैधानिक होगा। अनवर अली सरकार मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संविधान के अनुच्छेद 14 की व्यापक व्याख्या तथा उसके आधार पर विधानों की संवैधानिकता या असंवैधानिकता का निर्धारण संसद द्वारा पास पूजास्थल कानून, 1991 पर भी लागू होता है।

इसके दो कारण हैं। पहला, रामजन्मभूमि को अपवाद स्वरूप अलग रखने का अर्थ यह है कि इसका संबंध लोगों के अधिकारों से था। इस प्रकार अयोध्या विवाद इसी प्रकार अन्य धार्मिक स्थलों के संबंध में लोगों के पूजा करने के अधिकारों के समान है। इनमें काशी में काशी विश्वनाथ मंदिर तथा मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर शामिल हैं। दूसरा, पूजास्थल कानून द्वारा किए इस वर्गीकरण का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है। यह केवल इस सोच पर आधारित है कि रामजन्मभूमि के अलावा अन्य धार्मिक स्थलों को प्राप्त करने की विधिक कार्यवाहियों से देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा होगा। यदि इस सोच को मान भी लिया जाए तो कानून-व्यवस्था की कोई स्थिति संवैधानिक अधिकारों को खारिज करने का आधार नहीं बन सकती है। इस प्रकार पूजास्थल कानून द्वारा लागू अतार्किक वर्गीकरण पूजास्थलों संबंधी विभिन्न विवादों से जुड़े लोगों को गंभीर समीक्षा के लिए अदालतों के दरवाजे खटखटाने से रोकता है। लिखित संविधान के आधार पर स्थापित किसी भी कारगर लोकतंत्र में गलत कार्यों से पीड़ित लोगों के लिए अदालतों के दरवाजे हमेशा खुले रहने चाहिए। लेकिन इसके बावजूद वर्तमान चरण में पूरे कानून को असंवैधानिक घोषित करना ज्यादा व्यावहारिक नहीं होगा। ऐसी स्थिति में किसी उचित चीज को शून्य घोषित करने के बजाय प्रभावी बनाने के प्रयास होने चाहिए। इस प्रकार रामजन्मभूमि मामले को अपवाद घोषित करने वाली कानून की धारा 5 का विस्तार ऐसे ही मंदिर संबंधी अन्य विवादों, खासकर काशी और मथुरा के लिए किया जाना चाहिए। यह पूरे पूजास्थल कानून, 1991 को असंवैधानिक घोषित करने की तुलना में बेहतर विकल्प होगा।

# योग मुद्राओं का विज्ञान

**रवि वलूरी**
(लेखक, आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े हैं)



"पाँच तत्वों, पाँच प्राणों और तीन दोषों में निहित, मुद्राओं में चिकित्सीय गुण होते हैं।"

**भगवद्गीता** में भगवान कृष्ण कहते हैं, ज्ञान से अधिक पवित्र कुछ भी नहीं है। ज्ञान को मानव मन द्वारा समर्पण, दृढ़ संकल्प, गतिशीलता, भक्ति, अनुशासन और विनम्रता के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। मुद्राओं का विज्ञान, योग के गूढ़ ज्ञान से आंतरिक रूप से जुड़ा हुआ है और जिसे आगे पाँच तत्वों, पाँच जीवन शक्तियों (या ऊर्जा की सूक्ष्म शक्तियों जिन्हें प्राण कहा जाता है) और तीन दोषों में विभाजित किया जा सकता है। पाँच तत्व हैं - आकाश (ईथर या स्पेस), वायु (वायु), अग्नि (आग), जल (पानी) और पृथ्वी (पृथ्वी); पाँच जीवन शक्तियाँ या प्राण प्राण, उदान, समान, अपान और व्यान हैं और तीन दोष वात, कफ और पित्त हैं। मनुष्य अनजाने में मुद्राओं का अभ्यास करते हैं। उदाहरण के लिए, नमस्ते मुद्रा या एक छोटा बच्चा अपने अंगूठे को ऊपर उठाकर चलना सीखना शुरू करता है जिसे मेरु दंड मुद्रा कहा जाता है। एक शिशु गहरी नींद में भी, उसकी तर्जनी उंगली अनजाने में अंगूठे को छूती है और बाकी तीन उंगलियां हथेली के आधार पर होती हैं (चिन्मय मुद्रा)। ब्रह्मांड अपने ऑटो-मोड में इन प्रक्रियाओं को होने देता है और हम इस घटना से अनजान होते हैं। कुछ अन्य मुद्राएँ जिनका अभ्यास करने की आवश्यकता है।

(ए) ज्ञान मुद्रा: यह मस्तिष्क की शक्ति बढ़ाने, याददाश्त में सुधार करने और नकारात्मक विचारों को दूर करने के लिए किया जाता है। जिससे व्यक्ति को शांति और आनंद की प्राप्ति होती है।

(बी) पृथ्वी मुद्रा: यह पाँच इंद्रियों को संतुलित करने में मदद करती है, रक्त परिसंचरण में सुधार करती है और हमारे ऊर्जा स्तर को बढ़ाती है। इस मुद्रा का अभ्यास हमारी सतर्कता बढ़ाने में सहायता करता है।

(सी) अपान मुद्रा: यह एक बेहतर



उन्मूलन प्रक्रिया की सुविधा प्रदान करती है, पाचन तंत्र को पुनर्जीवित करती है, मसूड़ों में सुधार करती है और प्रतिरक्षा को मजबूत करती है।

(डी) प्राण मुद्रा: यह मुद्रा थकान की समस्या को दूर करती है; यह मानव शरीर की सहनशक्ति और शक्ति बढ़ाने के अलावा शरीर को आवश्यक विटामिन भी प्रदान करता है। यह हमारी आँखों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी मदद करता है।

(ई) ध्यान मुद्रा- अनिवार्य रूप से, यह मुद्रा हमें सचेत और जागृत बनाने में मदद करती है और हम खुद के साथ शांति में रहते हैं। एक समय के बाद, हम मन की शांति प्राप्त करते हैं।

(एफ) शून्य वायु मुद्रा- इस मुद्रा का अभ्यास पेट फूलने और गैस्ट्रिक रोगों की समस्याओं से निपटने में मदद करता है। आंत में हमारा सौर जाल होता है, जिसे दूसरा मस्तिष्क भी कहा जाता है। हमें अपने पेट की पर्याप्त देखभाल करने की आवश्यकता है क्योंकि अधिकांश मानव बीमारियाँ शरीर के इसी हिस्से से उत्पन्न होती हैं। इसलिए, कहावत में बहुत अधिक योग्यता है, स्वास्थ्य आपके हाथों में है।

सुदर्शन क्रिया- सुदर्शन क्रिया की अनूठी साँस लेने की तकनीक आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस प्रोग्राम का आधार है। सु का अर्थ है उचित, दर्शन का अर्थ है दृष्टि और क्रिया एक शुद्ध करने वाली क्रिया है। अपनी सांसों की क्रियाओं के माध्यम से, हम अपने बारे में उचित दृष्टि की सराहना करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि प्रकृति एक लय पर चलती है। उदाहरण के लिए, सूर्य एक निश्चित समय पर उदय और अस्त होता है, इसी तरह, ऋतुएँ पूर्वनिर्धारित समय पर आती और जाती हैं। मनुष्य को निश्चित समय पर भूख या नींद लगती है। हमारी भावनाएँ, संवेदनाएँ और विचार सभी लय की सिम्फनी में ढले हुए हैं। हम जीवन की इस उन्मत्त गति में कर्कशता और सिम्फनी के बीच अंतर करने में असमर्थ हैं, जो असंख्य विचारों, निरंतर क्रिया और शोर से भरी हुई है। जब ध्वनियों को सोहम के शब्दांश द्वारा सुसंगत बनाया जाता है, तो हम इसे जादुई संगीत कह सकते हैं। आत्मज्ञान कुछ भी दैवीय रूप से प्राप्त करना नहीं है, बल्कि हमारे पूरे अस्तित्व को लयबद्ध रूप से सुसंगत बनाना है। सांस लेने की प्रक्रिया के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न संवेदनाएँ, भावनाएँ, झुनझुनी, हँसी, रोना आदि महसूस होते हैं। इस अद्भुत ज्ञान और बुद्धि ने मानवता को तब खिलने के लिए प्रेरित किया है जब हर कोशिका ऊर्जावान होती है।

## आप की बात

### ट्रम्प धैर्य का परिचय दें

**राष्ट्रपति की** शपथ लेने से पूर्व डोनॉल्ड ट्रम्प ने विश्व-शान्ति बनाये रखने की बात कही थी एवं सभी देशों में जहाँ युद्धात्मक स्थिति चल रही है वहां भी शान्ति के प्रयास करने पर जोर दिया था। अमेरिका दुनिया का सर्वसम्पन्न देश है और अब चूँकि डोनॉल्ड ट्रम्प उस देश के साथ ही दुनिया के सम्मानित राष्ट्रपति हैं तब उन्हें कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए क्योंकि आवेश में लिए गए निर्णय से वैचारिक उथल-पुथल की स्थिति बन सकती है। हाल ही में टैरिफ लगाने की बात पर भी कुछ देशों नाराजगी व्यक्त की है. क्योंकि इसका सीधा असर उनके आयत-निर्यात पर पड़ना स्वाभाविक है। हालांकि वैधानिक रूप से बाहरी नागरिक अमेरिका में रह रहे हैं वो तो ठीक है किन्तु अवैध रूप से रह रहे नागरिकों को अपने देश से जाने का निर्णय कानूनन सही है। परन्तु उसकी समय-सीमा तय करनी चाहिए। अमेरिका में बाहरी लोगों के बच्चों के जन्म पर अर्थात फरवरी 2025 तक जन्में बच्चों को अमेरिकी नागरिकता मिलेगी और बाद में जन्मे बच्चों को नहीं। यह निर्णय भी आपाधापी वाला ही है। इसकी भी व्यवहारिक समय-सीमा होनी चाहिए, कहने का तात्पर्य यह है कि अमरीकी राष्ट्रपति को अपने देश के हित में निर्णय लेना चाहिए किन्तु पुरानी व्यवस्थाओं की त्रुटियों को एकदम या अचानक सुधारने में जल्दबाजी की बजाय व्यवहारिक समय देकर ही सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

-**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### दिल्ली में चुनाव

**दिल्ली विधानसभा** का चुनाव कोई भी राजनीतिक दल जीते किन्तु गत 11 वर्षों में केन्द्र और दिल्ली राज्य के मध्य ऐसी कटुता, ऐसा अविश्वास और किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा अरविन्द केजरीवाल जैसी अराजकता और असहयोग का ऐसा आचरण होना लोकतंत्र और विकास के लिए बाधा ही सिद्ध होंगे। संभवत: अरविन्द केजरीवाल भारत के ऐसे एकमात्र मुख्यमंत्री होंगे जो भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोपों के कारण जेल गए तो भी मुख्यमंत्री पद से चिपके रहे। केजरीवाल अकेले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनके पास कोई एक भी विभाग नहीं रहा। आम आदमी पार्टी मुफ्तखोरी के वीभत्स रूप को कार्यरूप देने वाली संभवत: सबसे निकृष्ट पार्टी है जिसने राज्यों में मतदाताओं में मुफ्तखोरी का ऐसा संचार किया है जो राज्यों की प्रगति और अर्थव्यवस्था के लिए अत्यन्त हानिकारक हैं। पंजाब की अर्थव्यवस्था हमारे सामने है - मुफ्तखोरी और उसका विज्ञापन ही जैसे पंजाब सरकार का एकमात्र क्रियाकलाप हैं। टीवी चैनलों में पंजाब सरकार के विज्ञापन वो भी ऐसी स्थिति में जबकि पंजाब के पास जो भी राजकोष है वो सब उधार और उस उधार का ब्याज चुकाने की भी अवस्था पंजाब सरकार की नहीं है। कब तक चलेगी ऐसी व्यवस्था?

-**डॉ. जय प्रकाश गुप्त**, अम्बाला छावनी

### क्रूरता की पराकाष्ठा

**उत्तर प्रदेश** के अयोध्या जिले में एक दलित लड़की के साथ क्रूरता पराकाष्ठा देखने को मिली है। भागवत कथा सुनने के लिए गई एक दलित लड़की जो तीन दिन से गायब थी, उसका शव नाले में मिला था। ऐसा बताया जाता है कि लड़की का शव भी टुकड़ों में मिला था एवं आंखें फोड़ दी गई थी। यह सभ्य समाज को शर्मसार कर देने वाली घटना है। जब दिल्ली में निर्भया का केस हुआ था तब देश भर आंदोलन हुआ था। महिला सुरक्षा के लिए कानून भी बनाया गया था लेकिन ऐसी घटनाएं देश के हर कोने में हो रही हैं और विशेष कर दलित समाज की महिलाओं के साथ ऐसी घटनाएं बड़े पैमाने पर समाचार पत्रों में पढ़ने को मिलती हैं। विपक्ष ने जहां सरकार को इस मुद्दे पर घेरा है वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है लेकिन उस परिवार के दुखों का कोई अंत नहीं होगा, चाहे कितना ही मुआवजा दे दिया जाए। ऐसी दर्दनाक एवं क्रू रता पूर्ण घटनाओं को कैसे रोका जाए, यह सभी राज्य सरकार, केंद्र सरकार और समाजशास्त्रियों को सोचना होगा। हमारे देश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए और कठोर कानून बनाए जाने चाहिए और उससे भी महत्वपूर्ण है कि इन कानूनों का क्रियान्वयन सही रूप में हो ताकि दोषियों को कठोर दंड दिया जा सके।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### आवारा कुत्तों पर लगाम लगे

**आवारा कुत्तों** द्वारा हमले की खबर आए दिन अखबारों में पढ़ने को आती है। देखा गया कि सुबह टहलने के लिए एवं रात में गाड़ी के पीछे कुत्ते दौड़ते हैं। यदि अकेले रात में जा रहे हो तो आवारा कुत्ते पीछे दौड़कर राहगीर को घायल कर देते हैं। चार पहिया वाले तो बच जाते हैं लेकिन दुपहिया वाहन चालक फंस जाते हैं। जससे भय का माहौल हो जाता। साथ ही यदि व्यक्ति को कुत्ते काट लेते तो यह शंका रहती है कि कहीं कुत्ता पागल तो नहीं था। इसके बाद अस्पताल की दौड़ लगाओं और रैबीज के इंजेक्शन लगवाना पड़ता है। देखा जाए तो भारत में पालतू कुत्तों के लिये आज हर घर में रोटी रखी जाती रही है। खेतों में, घरों में सुरक्षा हेतु असुरक्षा के खतरों से अवगत करने हेतु पाला जाता है। सर्वप्रथम कुत्तों के मालिकों को सबसे पहले उनकी बेहतर देखभाल करने पर एवं उनकी निगरानी पर ध्यान देना होगा ताकि हमारी सुरक्षा के आधार मजबूत बन सके। आवारा कुत्तों पर कड़ी निगरानी रख कर दूसरों को परेशानी ना उठाना पड़े ऐसी व्यवस्था की जाना चाहिए। साथ ही अस्पतालों में रेबीज के टीकों की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

-**संजय वर्मा दृष्टि**, धार

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# भाजपा प्रत्याशी प्रतिभा के पास साढ़े 40 लाख की सोना चांदी तो पद्मिनी के पास 3.20 लाख की, संपत्ति के मामले में पद्मिनी से धनवान हैं प्रतिभा

## भाजपा के तोरण के पास 16.40 तो कांग्रेस के रवि के पास 36.40 लाख2 नगद और बैंक खाते में जमा






पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

आयोग में दाखिल किए गए हलफनामे के अनुसार बालोद नगर पालिका की भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी प्रतिभा चौधरी के पास नगद व बैंक खाते में जमा कुल 39 लाख 40 हजार और साढ़े 40 लाख रुपये के सोना चांदी है। कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी पद्मिनी साहू के पास नगद और बैंक खातों में 45 हजार तथा 3 लाख 20 हजार रुपये के सोना चांदी है। यानि नगद, बैंक में जमा राशि व गोल्ड के मामले में पद्मिनी से प्रतिभा आगे हैं। वही जमीन जायदाद में पद्मिनी के पास 3 करोड़ की प्रॉपर्टी है, हालांकि इसमें पद्मिनी साहू के पति और उनके भाई की सयुंक्त प्रॉपटी है। वही प्रतिभा के पास 1 करोड़ 25 लाख की प्रॉपर्टी है। दल्लीराजहरा नपा के भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी तोरण साहू कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी रवि जायसवाल से चल अचल सम्पत्तियों के मामले में आगे है। तोरण ने कुल 75 लाख 90 हजार तो रवि जायसवाल ने 44 लाख 80 हजार की कुल से संपत्ति का ब्यौरा का उल्लेख किया हैं। अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस की दोनों नगरपालिका बालोद व दल्लीराजहरा प्रत्याशियों ने अपने अपने शहर के वार्डों में धुआंधार प्रचार शुरू कर दिया है। प्रत्याशियों का वार्ड-वार्ड दौरा चल रहा है। वाडों में अपनी-अपनी पार्टी कार्यालय भी जा रहे है और वहां प्रचार भी कर रहें हैं। इस दौरान दोनों नगर पालिका के प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों की चुनाव आयोग में जमा की गई संपत्ति का ब्यौरा सामने आया। प्रतिभा संगठन के कई प्रमुख पदों पर रही है,तो पद्मिनी दो बार पार्षद निर्वाचित हुई है, जिसमे एक बार उन्हें नगरपालिका उपाध्यक्ष बनने का भी मौका मिला है।

### प्रतिभा के पास डेढ़ लाख नगद तो पद्मिनी के पास 5 हजार

बालोद नपा से भाजपा प्रत्याशी प्रतिभा चौधरी के शपथ पत्र अनुसार स्वंय के पास नगद डेढ़ लाख और पति के पास 60 हजार रुपये, एक बैंक खाते में स्वंय के पास 16 लाख और एक बैंक खाते में 3 लाख 80 हजार व पति के एक बैंक खाते में साढ़े 13 लाख रुपये हैं एवं अन्य दो बैंक खाते में कुल 4 लाख है। एक किया कंपनी की 15 लाख की कार है। स्वंय के पास 40 तोला सोना व 5 किलो चांदी एवं पति के पास 5 तोला सोना जिसका कुल मूल्य साढ़े 40 लाख रुपये हैं। स्वंय के पास सवा 24 लाख की 4,784 वर्ग फीट की कृषि भूमि, 11 लाख 10 हजार का 2,075 वर्ग फीट गैर कृषि भूमि तथा पति के पास गैर कृषि भूमि 80 लाख की भूमि और भिलाई के तालपुरी में सवा 4 लाख का फ्लैट हैं। कांग्रेस प्रत्याशी पद्मिनी साहू के शपथ पत्र अनुसार स्वंय के पास नगद 5 हजार और पति के पास नगद 20 हजार है, बैंक खाते में स्वंय की जमा राशि निरंक व पति के खाते में 20 हजार रुपये है। स्वंय के पास कोई भी वाहन नही है, पति के पास एक 6 पहिया और एक 10 पहिया वाहन है। स्वंय के पास 40 ग्राम सोना और 500 ग्राम चांदी है, जिसका कुल मूल्य 3 लाख 20 हजार है। पति और भाई के सयुंक्त नाम पर 50 लाख की कृषि भूमि, पति और भाई के सयुंक्त नाम पर 2 करोड़ की गैर कृषि भूमि तथा भाई के सयुंक्त नाम पर 50 लाख का प्लॉट है। स्वंय के नाम पर भूमि नही है।

### तोरण के पास ढाई लाख तो रवि के पास 4.90 लाख के सोना चांदी

जिले के सबसे बड़े निकाय दल्लीराजहरा नपा से भाजपा प्रत्याशी तोरण साहू के शपथ पत्र के अनुसार उनके स्वंय कर पास नगद 25 हजार और पत्नी के पास 15 हजार बैंक खाते में पति- पत्नी दोनों के पास 8-8 लाख यानि 16 लाख रुपये, हुंडई कंपनी की आई 10 कार, 5 तोला सोना व 5 ग्राम जेवरात ढाई लाख रुपये के तथा 50 लाख रुपये की कृषि भूमि व 7 लाख मूल्य का 2200 वर्ग फीट का प्लाट हैं। वही कांग्रेस प्रत्याशी रवि जायसवाल के शपथ पत्र अनुसार इनके स्वंय के पास नगद राशि निरंक है, वही पत्नी के पास 50 हजार नगद, बैंक खाते में स्वंय के पास 23 लाख 20 हजार व पत्नी के बैंक खाते में 12 लाख 70 हजार रुपये है। एक बेलोनो कार है। स्वंय के पास साढ़े 3 लाख मूल्य का 50 ग्राम सोना व पत्नी के पास एक लाख 40 हजार रुपये का 20 ग्राम सोना मौजूद है। वही दल्लीराजहरा में 4 लाख मूल्य का स्वंय का प्लाट है।

# जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष कविता साहू ने भी किया नामांकरण पत्र दाखिल



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के प्रथम अध्यक्ष कविता साहू ने भी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके साथ ही यह क्षेत्र रोचक के साथ-साथ कांटे के संघर्ष होने की संभावना व्यक्त किया जा रहा है, क्योकि यह क्षेत्र कविता साहू का परंपरागत पुराना क्षेत्र है, जहां पर इस बार उन्हें कांग्रेस के द्वारा अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किया जा सका। बल्कि नए प्रत्याशी को वहां पर कांग्रेस पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। जबकि भाजपा के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के भाई का नाम वहां पर चुनाव में पहले से घोषित हो गई है। कविता साहू के आने से यहां पर मुकाबला सीधा ना होकर त्रिकोणी होने की संभावना भी इनकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल अभी तो जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया जा रहा है। भविष्य में इसमें और भी राजनीतिक समीकरण बनते की भी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# बेमेतरा में कांग्रेस का नगरी निकाय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका में हो रहे चुनाव को लेकर कांग्रेस कमेटी ने पुराना बस स्टैंड बेमेतरा में अपना चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया है चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन विजय जांगिड़ एवं पूर्व संसदीय सचिव गुरदयाल बंजारे तथा पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा विनोद चंद्राकर ने किया इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा कि बेमेतरा में लोग एक वर्ष में ही भाजपा शासन से त्रस्त हो चुके हैं। लोगों के एकमात्र आशा की किरण कांग्रेस ही रह गई है, ऐसे में हम सब का दायित्व है कि लोगों के सेवा के काम आए। आम जनता जो कांग्रेस से जुड़ी हुई है उनकी समस्याओं को हल करने के लिए हमें आगे होना होगा। नगर विकास पिछले एक वर्षो से पीछे हो चुका है, जब से भाजपा का शासन आया, इसने नगरी निकायों से आय के समस्त साधन छीन लिया है और बेमेतरा में जिस तरह की चर्चा है। भाजपा द्वारा चुनाव टिकट आधे-आधे की बात करके प्रत्याशी खड़ा किया गया है। जिसे बेहतर तरीके से समझा जा सकता है कि यहां नगर विकास के नाम पर जनता को किस तरह लूटा जाने वाला है। लोग कांग्रेस की ओर देख रहे हैं और कांग्रेस को विजय बनाने के लिए हम सबको एकजुट होना होगा। एक-एक घरों में जाना होगा लोगों की समस्याओं को सुनना तो उसे समझना होगा और उन्हें कांग्रेस की रीति नीति से अवगत कराना होगा। निश्चित रूप से हम सब की एकजुट इस चुनाव में कांग्रेस को विजय दिलाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी विजय जांगिड़ तथा पूर्व संसदीय सचिव गुरदयाल बंजारे ने भी कांग्रेस जनों को संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर पालिका कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी सुमन गोस्वामी सहित वार्ड पार्षदों के प्रत्याशी व विजय बघेल ललित विश्वकर्मा अवनीश राघव शकुंतला मंगत साहू शत्रुघ्न साहू ललित लुकेश वर्मा टी आर जनार्दन सहित उपस्थित कांग्रेस अधिकृत पार्षद प्रत्याशी एवं ब्लॉक संगठन कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अर्जुन्दा में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन, एकजुट का परिचय देते हुए कार्यकर्ता हुए शामिल






पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी अर्जुंदा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन अर्जुन्दा नगर के वार्ड क्रमांक 4 में संपन्न हुआ। जहां बड़ी मात्रा में कार्यकर्ता एकजुट का परिचय देते हुए सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, चुनाव संचालक नरेश यदु, जिला भाजपा उपाध्यक्ष संध्या भारद्वाज, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर मोंटी यादव, चंद्रहास देवांगन, रजनीकांत शर्मा मौजूद रहे। सर्वप्रथम चुनाव संचालक नरेश यदु ने स्वागत भाषण देते हुए मौजूद समस्त नेताओं में कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा की नगर की जनता को फैसला करना होगा की जो लोग सत्ता हासिल करने के लिए यादव को यादव से, सिन्हा को सिन्हा से, देवांगन को देवांगन से सतनामी भाई को सतनामी भाई से लड़ा कर अपनी रोटी सेंकने में लगे हुए है। ऐसे फुट डालो शासन करो के मंशा से राजनीति करने वाले कभी नगर का विकास कही सोच सकते। अगर नगर का विकास हम सब चाहते है। तो भाजपा के युवा प्रत्याशी ओसाभ प्रिंस यादव सहित समस्त भाजपा प्रत्याशीयो को भरी मतों से विजई बनाए ।वही जिला पंचायत सद्स्य मोंटी यादव ने जय यादव जय माधव का नारा देते हुए ओसाभ यादव के रूप में दमदार और युवा प्रत्याशी को मौका देने की बात कही। वही जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने नेता नहीं बेटा चुनकर और ओसाभ यादव को अर्जुंदा के सेवा हेतु मौका देने की अपील की। पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू ने ओसाभ प्रिंस यादव के विषय में बात रखते हुए कहा की हर समय लोगों की मदद के लिए हो या शासकीय योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की बात हो और ओसाभ प्रिंस यादव ने पार्षद रहते हुए अपने वार्ड में जो काम किया और लोगों की मदद की वह अत्यंत ही सराहनीय है। उनके इन प्रयासों और कर्मो को देखकर भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया है। निश्चित ही अगर वह ओसाभ यादव नगर पंचायत के अध्यक्ष चुने जाते हैं तो 24 घंटा लोगों के बीच मौजूद रहने वाले अध्यक्ष साबित होंगे।

### राज्य से पैसा लाने की जिम्मेदारी हम नेताओं की

भाजपा नेता यज्ञदत्त शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं से निवेदन किया कि अर्जुंदा नगर में वर्षों से कुछ नाम ही नगर पंचायत की राजनीति में काबिज है। और अगर नगर पंचायत अर्जुंदा में नगर के हिसाब से अगर कुछ काम नहीं दिखता, तो यह कहीं ना कहीं उनके ही असफलता का प्रतीक है। साथियों आपने सबको बार-बार देख लिया है। पर एक बार आप और ओसाभ प्रिंस यादव पर विश्वास करिए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं। नगर के विकास के लिए राज्य से पैसा दिलाने की जवाबदारी हम जिले के नेताओं की होगी। और वह ओसाभ प्रिंस यादव के जितने से अर्जुंदा के विकास का एक नया स्वरूप इन 5 वर्षों में आपको देखने को मिलेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा प्रत्याशी को ओसाभ प्रिंस यादव ने कार्यकर्ताओं में मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त करने के लगभग 20 साल बाद भी नगर अर्जुंदा को नगर पंचायत स्तर की कोई सुविधा प्राप्त नहीं हो पाई है। ना यहां बच्चों और युवाओं के लिए खेल मैदान है। ना ही गार्डन है। ना लाइब्रेरी है। ना जिम है। और तो और विकास के नाम पर गुणवत्ताहीन सड़क और नाली पिछले 20 वर्षों में बनाई गई है। महिलाओं के लिए तालाब के घाटों पर शेड निर्माण नहीं किया गया। कई वार्डों में पीने का पानी नहीं पहुंचता। आखिर जो लोग विपक्ष में चुनाव लड़ रहे हैं। वह तो नगर पंचायत बनने के पहले से लेकर नगर पंचायत प्रतिनिधित्व करते आए है। तो फिर क्यों इन समस्याओं को दूर नहीं कर पाए। जो लोग 20 सालों में काम नहीं कर पाए अगर एक बार मौका मिला तो पूरे योजनाबद्ध तरीके से नगर पंचायत अर्जुंदा को छत्तीसगढ़ में एक मॉडल के रुप में विकसित करेंगे। कार्यक्रम का आभार रजनीकांत शर्मा ने किया व संचालन विश्वास जीतू गुप्ता ने किया।

# नवीन बाजार में भाजपा चुनाव नगरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बाद जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सिन्हा का जन समर्थन के लिए सतत जन संपर्क के तारतम्य में भाजपा नगर स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया, जिसमें कलाकार पायल साहू एंड टीम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रत्याशी विजय सिन्हा ने कहा पालिका अध्यक्ष बनने से नागरिकों को प्रमुख रूप से शुद्ध पेयजल जो वर्षो से अटका है, सार्वजनिक सफाई का अभाव बढ़ा है, जल निकासी व ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन ठीक नहीं कर पाए, इस सबको दुरुस्त करना है। नगर विकास के महत्वपूर्ण कार्यो में बेमेतरा पिछड़ गया है, एक पालिका अध्यक्ष द्वारा स्वच्छ और स्वस्थ उन्नत वातावरण देकर,युवाओं को खेल कूद की उपयुक्त जगह, निर्वाध आवागमन हेतु अतिक्रमण मुक्त सड़कें और उन पर उपयुक्त सड़क प्रकाश की व्यवस्था देना शामिल होता है।यह कार्यक्रम भी आप जनता तक एक संदेश पहुंचाना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यकर्ता सम्मेलन को बेमेतरा विधायक दीपेश साहू भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल किसान नेता योगेश तिवारी चुनाव प्रभारी प्रदीप गांधी, पूर्व सांसद चुनाव संचालक हर्षवर्धन तिवारी संजीव तिवारी भाजयुमो अध्यक्ष योगेश वर्मा ने संबोधित किया मंच संचालन नीलू सिंह राजपुत द्वारा किया गया। भाजपा के सभी नेताओं ने कांग्रेस को हर मोर्चे पर विफल बताया भाजपा नेताओं ने कांग्रेस की विफलता और भाजपा की सफलता पर कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनसमुदाय का ध्यानाकर्षण किया। साथ ही भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सिन्हा सहित भाजपा के सभी 21 वार्डो के भाजपा पार्षद प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद देकर कमल खिलाने बहुमत का आशीर्वाद मांगा। आगे प्रत्याशी विजय सिन्हा ने सघन जनसंपर्क 12,13,14,15 में जारी रखते चुनाव मीडिया प्रभारी दीपक पाण्डे द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि उनका उद्देश्य समस्त नागरिकों को बेहतर और प्रभावी नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध करा, उनसे जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु सतत प्रयत्नशील रहते एक मजबूत अध्यक्ष का कार्यकाल निभाना है। सिन्हा ने नागरिकों को याद दिलाया नगर ने गत पांच सालों में कांग्रेस का काम देखा है। आवश्यक जल आपूर्ति, सीवरेज जल निकासी, व्यवस्थित सड़क, सफाई एवं कूड़ा निस्तारण, जन स्वास्थ्य केंद्र और मार्ग में प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं में फिसडडी साबित हुई है। आवश्यक जन सेवाओं पर विशेष ध्यान रख कर कार्य करने से ही नगर का सर्वांगीण विकास होता है खालिस राजनीति से नहीं। नगरीय चुनाव में तेजी लाते वार्ड 12,15 और 17 में कार्यालय उद्घाटन किया गया। प्रचार कार्यक्रम को सफल बनाने 21 पार्षदों सहित राजेश शर्मा अनिल रजक अमरीका निर्मलकर दीपक मोटवानी नारद साहू नरेश साहू गोलू कोसले रामानंद त्रिपाठी सतीष कसार संदीप यादव, राजेश दीवान, सुरेश पटेल, राकेश मोहन शर्मा, मनोज मिश्रा, धर्मेंद्र साहू नंदू गुप्ता योगेश वर्मा गणेश धीवर कमलेश ठाकुर छोटू साहू रामअवतार साहू, विनय साहू केशव साहू सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता जुटे रहे।

# विश्व कैंसर दिवस पर प्रतीक जैन ने ली केसर वर्मा की शिक्षा की जिम्मेदारी




पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर अपनी संस्था में सेमिनार लिया। उन्होंने बताया कि विश्व कैंसर दिवस हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है। शिक्षिका के इस आयोजन का उद्देश्य कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा उन्हें जानकारी देना है एवं इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में एक जुट करना है। उन्होंने कैंसर के विभिन्न प्रकारों पर भी प्रकाश डाला तथा बताया कि हमें इस बीमारी से डरना नहीं है, बल्कि इससे लड़ना है। जे.कैनेडी को कई महत्वपूर्ण कारणों से ओन्कोलॉजी के जनक के रूप में जाना जाता है। जिन्होंने कैंसर अनुसन्धान एवं उपचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण एवं अमिट छाप छोडी है। इस अवसर पर कक्षा 6 से भुनेश्वरी, केशरी एवं केसर वर्मा ने अपनी भावनाएं भी व्यक्त की। क्योंकि इन्होंने कैंसर की वजह से अपने करीबी को खोया है। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर प्रतीक जैन ने केसर वर्मा के बारहवीं तक की शिक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी ली है। क्योंकि केसर के पिताजी की मृत्यु कैंसर की वजह से 04/09/24 को हुई थी तथा उनके घर में माँ और छोटा भाई ही है। इसी सन्दर्भ में शिक्षिका ने शाला की छात्रा केसर एवं केशरी को सत्र 2024-25 की सम्पूर्ण शैक्षिक सामग्री भी प्रदान की थी।

# नवोदय विद्यालय में चयनित बच्चों का किया गया सम्मान, अंश पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अंश पब्लिक स्कूल बीजागोड़ विकासखण्ड साजा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया। साथ ही विद्यालय के बालक बालिका जिनका जवाहर नवोदय विद्यालय मे चयन हुए है। उन सभी को अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। साथ ही नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के प्रशिक्षक व मार्गदर्शक प्रधान पाठक मुकेश कुमार वर्मा को अतिथियों ने प्रतीक चिन्ह श्रीफल से सम्मानित किया। मुकेश वर्मा अंश पब्लिक स्कूल के बच्चों को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में एक अच्छे मार्गदर्शक की भूमिका निभाये थे। नवोदय चयनित बच्चे ओमसेन बिरनपुर, रूद्राणी यादव बीजागोंड़, उर्वशी साहू भरदालोधी, साथ ही विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए अंश शिक्षण समिति बीजागोड़ ने सम्मानित किया, स्वच्छता दीदी के रूप मे विद्यालय के आया दीदी को उपहार दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की तैल चित्र पर पुजा अर्चना कर हुआ, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान हुआ, अंश स्कूल की बेटियों ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत स्वागत डांस प्रस्तुत की, मुख्य अतिथि के रूप मे अंश शिक्षण समिति के अध्यक्ष कमलेश रजक रहे, अध्यक्षता विदयालय के प्रधान पाठक जगरचन वर्मा किये, अतिथि के रूप मे शिक्षक तारनदास मानिकपुरी, शिक्षक हेमंत कुमार टंडन, प्रधान पाठक दिनेश कुमार निषाद, प्रधान पाठक मुकेश कुमार वर्मा, पालक रीतु जंघेल, बालेश्वरी वर्मा रहे। कमलेश रजक ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुऐ शाला परिवार को बधाई दिया कि अंश स्कूल प्रति वर्ष ग्रामीण अंचल के बच्चों के लिए बहुत सुन्दर मंच तैयार करते है, जिसमें छोटी छोटी बेटे बेटियों नृत्य करते है, बड़ा अच्छा लगता है, प्रधान पाठक जगरचन वर्मा ने अपने शाला की वार्षिक गतिविधि को बहुत अच्छा से बताया, और कहा हमारे विद्यालय से प्रत्येक वर्ष 3 से 4 बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय मे चयन होता है। जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है, और हमारी विद्यालय के बच्चे क्षेत्र मे बेहतरीन गीत संगीत नृत्य के लिए जाने जाते है, आये समस्त पालकों को धन्यवाद भी दिया। फिर बच्चों की प्रस्तुति आरंभ हुई। जिसमें गणेश वंदना, उमर घुमर बाजे, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, डांडिया नृत्य, चकधुम धुम, बरसो रे मेघा मेघा, मां तुझे सलाम, रानी के फुंदरा, ओ माई फ्रेंड गणेशा, कुकरा बासत आबे सुवानृतय, बसदेवा गीत, धन धन मोर सोना रायपुर गुलाबी सरारा, पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब, कामेडी ड्रामा, डोंगरी म रे, रामायण, पापा मेरे पापा, हरदाही नाच, आदिवासी गीत, छोटे छोटे सपने, मंगनी म मांगे मया नी मिलय,1/2सांग, भरथरी गीत जय हो मोर छत्तीसगढ़ महतारी, बम बम भोले, रावण वध, बारहमासी गीत, इस तरह लोक नृत्य आदिवासी नृत्य, देश भक्ति गीत, जस गीत के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। शिक्षक लुकराम बंजारे ने कार्य क्रम की अंतिम प्रस्तुति के बाद कहा कि हमारे विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका बच्चों की हर एक गतिविधि पर बारिकी से ध्यान देते है। वार्षिकोत्सव की पुरी तैयारी काजल साहू, लीला जंघेल, हेमलता साहू, लिलेश्वरी जंघेल, जननी साहू, तुलसी साहू, दुर्गा साहू, ने की कार्यक्रम का मार्गदर्शन शिक्षिका लेखा रजक से लिया गया। जिन्होंने बहुत ही अच्छा मार्गदर्शन किये और हम सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने लेखा रजक को प्रतीक चिन्ह व श्रीफल से सम्मानित किये। सभी बच्चे अंतिम में होली गीत नृत्य के साथ अंतिम प्रस्तुति दी। इस प्रकार तिलेश्वर रजक ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

पायनियर



# सुरक्षित एवं शांतीपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने डीआईजी-एसएसपी सूरजपुर ने सीएसपी-एसडीओपी की ली बैठक

## अराजक तत्वों को चिन्हित कर पाबंद करने, निगरानी व गुण्डा बदमाशों की चेकिंग करने के निर्देश

- चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा कर्मियों के अलावा पेट्रोलिंग पार्टी लगातार रहेगी भ्रमणशील

पायनियर संवाददाता सूरजपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 को सुरक्षित एवं शांतीपूर्ण सम्पन्न कराने, चुनाव के पूर्व फोर्स के मूव्हमेंट, प्रभावी पेट्रोलिंग व मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त को लेकर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने मंगलवार, 04 फरवरी 2025 को सीएसपी, एसडीओपी व थाना प्रभारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने चुनाव को सुरक्षित एवं शांतीपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की बारीकियों से अवगत कराया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस राजपत्रित अधिकारियों को कहा कि चुनाव के दृष्टिगत चिन्हित किए गए संवेदनशील स्थानों की जानकारी लेते हुए चुनाव प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित की जाए, क्षेत्र के ऐसे अराजक तत्वों जो चुनाव प्रक्रिया को बाधित कर सकते है उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही कर पाबंद करने, चुनाव शांतीपूर्ण एवं सुरक्षित सम्पन्न कराने के लिए पूर्ण सजगता के साथ मुस्तैदी से सौपें गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान प्रत्येक पोलिंग बूथ पर कुछ ही समय के अंतराल में लगातार पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी वहां गश्त के लिए पहुंचेगी और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करेगी। चुनाव सामग्री वितरण केन्द्रों एवं पोलिंग पार्टी के सुरक्षित मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने हेतु पूर्ण सजगता के साथ ड्यूटी करने, अधिनस्थ सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान केन्द्र पर तैनात रहने के दौरान क्या करें, क्या न करें, पेट्रोलिंग पार्टी के कार्यो, सावधानियों, मतदान समाप्ति के बाद मतदान दल को सुरक्षित स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

**निगरानी, गुण्डा बदमाशों की करें चेकिंग**-डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने चुनाव को ध्यान में रखते हुए चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु थाना प्रभारियों को क्षेत्र में सक्रियता के साथ भ्रमण-पेट्रोलिंग करने, निगरानी बदमाश, माफी एवं गुण्डा बदमाशो, सजायाब, सस्पेक्ट की चेकिंग करने के निर्देश दिए ताकि चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। किसी भी स्थिति में अवैध सामग्री का परिवहन न हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी रितेश चौधरी, अनूप एक्का, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, थाना चौकी प्रभारी व पुलिस अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ब्रम्हाकुमारी जमनीपाली सेवा केंद्र द्वारा श्रीमद भगवत गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन

## अध्यात्मिक रहस्यों द्वारा खुशहाल जीवन

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com






प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जमनपाली सेवाकेंद्र द्वारा रामनगर में 7 दिवसीय श्रीमद भागवत गीता ज्ञान यज्ञ प्रवचन माला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाओं ने पर साई मन्दिर से कलश यात्रा निकाली गई । इस अवसर पर रामनगर साई मन्दिर के पुजारी श्री सतानंद महाराज, बीके रुक्मणी दीदी, बी.के बिन्दु दीदी, बी.के विद्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर किया गया, तपश्चात प्रवचन वक्ता राजयोगिनी तुलसी का स्वागत किया गया। गीता का अध्यात्मिक रहस्य बताते हुये दीदी जी ने कहा की गीता एक पवित्र ग्रंथ है जो भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया ज्ञान है। गीता का वर्णन करते हुए उन्होने बताया की कौरोवो के सारे भाईयो का नाम दू से शुरू होता है ओर दू अर्थात् दुख देने वाला। उन्होने कहा की कौरव अर्थात् देह अभिमान। दीदी जी ने कहा की हम सबको अवस्य ही गीता का अध्यन करना चाहिये। उन्होने कहा की आजकल मनुष्य चाँद तक तो पहुंच गये लेकिन अपने अन्दर को नही जान पाए है। हर व्यक्ति चहता है की हमे शांति मिले। अगर हम भगवान से रिश्ता जोडते है तो वे हमारा कदम कदम पर मदद करते है। अगर हम अपने संस्कारो को देवताये जैसे बनायेंगे तब ही हम उस राम नगरी में जा पायेंगे। हमे अपने जीवन मे ऐसे कर्म करना चाइये जो हमरी अंतिम घडी मे भी हम खुशी खुशी जा सकते है और उन्होंने बताया की हमारे बुलाने पे भगवन इस धरा पर आ चुका है तो हम क्यों नही अपने इस भाग दौड़ भरी वाली ज़िन्दगी से अपने लिए कुछ समय निकाल उनके द्वारा दिए जा रहे गीता ज्ञान को सुनके अपने जीवन को खुशहाल बनाए। भगवत के पहले दिन भारी संख्या में लोगों ने पुण्य लाभ लिया और अपने जीवन को खुशहाल बनाने का तरीका सिखा।

# सक्ती के सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी पर हुई मां शारदे की पूजा अर्चना एवं विद्या आरंभ कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 3 फरवरी को बसंत पंचमी के पावन मौके पर विद्यालय परिसर में मां शारदे सरस्वती की पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित आचार्य राजेंद्र प्रसाद शर्मा जी ने विधिवत मां शारदे की पूजा अर्चना संपन्न करवाई, ति वहीं इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कपूरचंद्र अग्रवाल, व्यवस्थापक मांगेराम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल,सह व्यवस्थापक कन्हैया गोयल, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य कुशलाल वर्मा, डमरू धर देवांगन, विनोद अग्रवाल, संघ परिवार के अजीत उपाध्याय, विद्यालय के प्राचार्य पुरन गिरी गोस्वामी, प्रधानाचार्य बलदाऊ प्रसाद साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे, कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलन कर भारत माता एवं वीणा वादिनी मां सरस्वती की आरती की गई तत्पश्चात विद्यालय परिवार के सदस्यों के बीच विधिवत पूजा अर्चना का कार्यक्रम हुआ, तथा कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ ही सरस्वती शिक्षा संस्थान के दिशा निर्देशानुसार विद्या आरंभ कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें विद्यालय के नव प्रवेशी बच्चों को स्लेट, पेंसिल एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई, कार्यक्रम में विद्यालय के अभिभावक भी काफी संख्या में मौजूद रहे तथा पूरे कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक, शिक्षिकाएं,भैया बहन मौजूद थे।

# माता परमेश्वरी देवी की शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया आत्मीय स्वागत





पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती शहर में देवांगन युवा संगठन द्वारा कुलदेवी माता परमेश्वरी देवी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में 3 फरवरी को शहर के अखराभाटा से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो की बैंड बाजे एवं आकर्षक झांकियो के साथ रथ पर माता परमेश्वरी देवी सवार थी तथा यात्रा के अखराभाटा से निकलने पर जगह-जगह उनका स्वल्पाहार एवं जलपान के साथ स्वागत किया गया तो वहीं शहर के संतोषी माता मंदिर के सामने अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल एवं अग्रसेन जयंती समारोह समिति वर्ष 2024 के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू के नेतृत्व में स्वागत किया गया तथा आगंतुक समाज बंधुओ को आइसक्रीम पानी तथा सभी को माला पहनाकर अभिनंदन भी किया गया, साथ ही मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा शक्ति की पूर्व अध्यक्ष रीना गेवाडीन सहित अन्य सामाजिक संगठनों में भी इस यात्रा का जोरदार स्वागत किया तथा स्वागत से अभिभूत देवांगन युवा संगठन के पदाधिकारीयो ने स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए कहा कि आप सभी के द्वारा किया गया यह सम्मान हमारे समाज के लिए सदैव यादगार रहेगा एवं हम सभी शक्ति शहर में इसी तरह से आपसी भाईचारे एवं सौहाद्र के साथ एक मिसाल कायम करें, माता परमेश्वरी देवी की शोभायात्रा में जहां देवांगन समाज की महिलाएं नवयुवक तथा बुजुर्ग जन उपस्थित रहे तो वही इस यात्रा में भारी भीड़ रही, एवं शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए यह यात्रा निकली।

# चुनावी जनसंपर्क में आयी तेजी, कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा, नगरवासियों का आशीर्वाद मिल रहा है



पायनियर संवाददाता तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

नगरपालिका चुनाव की तिथी जैसे जैसे नजदीक आती जा रही है, वैसे वैसे प्रचार प्रसार का दौर में गति आ रही है। तिल्दा-नेवरा नगरपालिका अध्यक्ष के चुनाव में काफी रोचकता देखा जा रहा है। कांग्रेस व भाजपा ने वर्मा समाज से अपना प्रत्याशी मैदान में उतारा है, कांग्रेस का उम्मीदवार लक्ष्मीनारायण वर्मा जो कि तीन पंचवर्षीय में पार्षद के रूप में जनता के मध्य पहचान बनाया है, वहीं नगरपालिका उपाध्यक्ष का भी दायित्व निर्वहन किया है, अब प्रत्यक्ष चुनाव के चलते अध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी हैं। माना जा रहा है कि लक्ष्मीनारायण वर्मा का युवा वर्ग में अच्छी पकड़ है, जिसके चलते चुनाव उनके समर्थकों का फौज देखी जा रही है। कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा जो नगर के प्रत्येक वार्डो में जनसंपर्क का दौर जारी रखा है, उनका कहना है कि नगर के मतदाता का अच्छा प्रतिसाद मिला रहा है, उन्होंने कहा कि कि नगर के वार्डो में उनका आत्मिय स्वागत किया जा रहा है, जिससे वह अभिभूत काफी अभिभूत हैं।

# जेएलएन डिग्री कालेज सक्ती में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गईं बसंत पंचमी



पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

स्थानीय जे.एल.एन. डिग्री कालेज सक्ती में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना भारतीय संस्कृति के परम्परानुसार उत्साहवर्धन के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती प्रतिमा पर पूजा कर आर्शीवाद लिये। महाविद्यालय के इतिहास के प्राध्यापक प्रो.अमित शर्मा द्वारा मंत्रोचारण कर विधि विधान से मां सरस्वती का पूजन कराया गया। बसंत पंचमी के दिन ज्ञान की देवी माता सरस्वती का जन्म दिवस मनाया जाता है एवं विधिपूर्वक पूजा अर्चना की जाती है। इस दिन से बसंत ऋतु का आगमन होता है। तथा इस ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण साथ ही स्नेही छात्र-छात्राओं ने अधिक संख्या में बड़ी उत्सुकता के साथ उपस्थित हुए, और माँ सरस्वती से आर्शीवाद लिये। हर्षोल्लास, उमंग के साथ विधि विधान के अनुसार पूजा, अर्चना कर प्रसाद मिष्ठान वितरण किया गया, जिसमें सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

# तिल्दा-नेवरा वार्ड क्रमांक 05 में मतदाताओं में दिखा नाराजगी

पायनियर संवाददाता तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com





नगरपालिका चुनाव को लेकर प्रत्याशी डोर टू डोर जन संपर्क में लगे हुए हैं, मतदाता भी विश्लेषण में लगे हुए हैं, कि नगर में किस पार्टी की सरकार बन सकती है ,देखा जा रहा है कि नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षद चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है, वहीं निवर्तमान पार्षदों के पुराने कार्यकाल को भी टटोला जा रहा है। तिल्दा-नेवरा नगर के वार्ड क्रमांक 05 जहां पर भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी चंद्रकला वर्मा निवर्तमान पार्षद रहा है, वहां के वार्डवासियों में काफी नाराजगी देखी गई है । वार्डवासियों का कहना है कि पूर्ववर्ती नगरपालिका सरकार चुनाव में चंद्रकला वर्मा, पार्षद चुनकर आयी, वार्डवासियों में काफी अपेक्षा था कि वार्ड के बुनियादी सुविधा से लेकर वार्ड विकास में बढ़-चढ़ हिस्सा लेंगी, लेकिन मतदाताओं के अनुसार यह सपना ख्याली पुलाव साबित हुआ, वार्डवासियों का कहना है कि चंद्रकला वर्मा पार्षद चुनाव जितने के पश्चात वार्ड में जश्न मनाने मिठाई बांटने आयी थी, उसके पश्चात वार्ड की क्या समस्या है, वार्डवासियों को क्या मुलभूत सुविधाएं मुहैया हो रही है ? इस ओर निहारा भी नहीं, इससे वार्डवासी काफी नाराज़ दिख रहे हैं। वार्डवासियों ने यहां तक की कहा कि वार्ड क्रमांक 05 में भाजपा पन्द्रह साल तक राज किया, इस दरम्यान तीन बार ही वार्ड की नालियों की सफाई की गई है सफाई व्यवस्था का बुरा हाल रहा, वार्ड विकास का सपना दिन में तारे देखने के बराबर है। नगरपालिका चुनाव मिशन 2025 को लेकर कांग्रेस भाजपा सहित अन्य दलीय व निर्दलीय कमर कस लिया है, वार्ड क्रमांक 05 में इस दफे कांग्रेस से पार्षद पद हेतु राजेश कोटवानी चुनावी संग्राम में डटे हुए है, जो इसके पूर्व भाजपा का सिपाही था, जिन्होंने हाल में नाराजगी के चलते कांग्रेस का दामन थाम लिया, अब वह कांग्रेस से बतौर अधिकृत चुनाव में टक्कर दे रहे है, वहीं भाजपा का गढ़ माने जाने वाली इस वार्ड में दिनेश पंजवानी भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी हैं, अब देखना यह है कि इस बार इस वार्ड के मतदाता का किसको अपना मुखिया चुनता है।

# खरौद के गांधी मैदान में व्हीलचेयर तलवारबाजी चैंपियनशिप सम्पन्न हुआ

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



17वी राज्यस्तरीय पैरालिम्पिक व्हीलचेयर तलवारबाजी चैंपियनशिप 03/02/2025 गांधी चौक खरौद नगर में सम्पन्न कार्यक्रम की शुरुआत शिवरीनारायण थाना प्रभारी सागर पाठक जी एवं वरिष्ठ नागरिक सोनाऊ राम गुप्ता (पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत), सुबोध शुक्ला ,रामलाल यादव, के द्वारा भारत माता के तैल्य चित्र पर पुष्प माला दीपप्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया ततपश्चात राज्य भर से आये विभन्न जिलों के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने अपना जोहर दिखाया जिसमे महिला खिलाड़ी 1- रामफूल मंगेशकर (अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) नेशनल - 1सिल्वर, 2 कांस्य पदक (2024) गुंडाधूर अवार्ड, मेजर ध्यानचंद, राजीव पाण्डेय अवार्ड 2- सीता साहू (राष्ट्रीय खिलाड़ी) नेशनल 1 कांस्य पदक (2024), मुख्यमंत्री अवार्ड 3- उत्तरा नवरंग ( राष्ट्रीय खिलाड़ी) शहिद पंकज अवार्ड मुख्यमंत्री नेशनल - कांस्य पदक (2024), सिल्वर (2023) 4- रोहणी साहू ( अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) नेशनल- गोल्ड 12, 14 सिल्वर, 12कांस्य 2014 से अब तक, गुंडाधूर अवार्ड, राजीवगांधी अवार्ड, मुख्यमंत्री अवार्ड 5- स्वाति साहू (राष्ट्रीय खिलाड़ी) नेशनल - सिल्वर 1 कांस्य 2 मुख्यमंत्री आवर्ड मेजरध्यानचंद अवार्ड (2025) पुरुष खिलाड़ी 1- हरीहर सिंह राजपूत (अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) वर्ल्डकप इटली 2021, 22रैंक नेशनल - कांस्य पदक (2023) स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया गांधीनगर गुजरात शहिद राजीव पाण्डे अवार्डी एवं मुख्यमंत्री ट्राफी अवॉर्डी 2- आशीष पटेल ( राष्ट्रीय खिलाड़ी) नेशनल - कांस्य पदक 2023 , सिल्वर 1, ब्रांज 7, पंकज विक्रम आवर्ड एवं मुख्यमंत्री ट्राफी अवार्डी 3- महेंद्र कुमार साहू (राष्ट्रीय खिलाड़ी) नेशनल- कांस्य पदक विजेता 2023 गोल्ड 4 सिल्वर 1 ब्रॉन्ज 17 शहीद पंकज विक्रम , राजीव पाण्डे एवं मुख्यमंत्री ट्राफी अवार्ड 4- बीरेंद्र नवरंग (राष्ट्रीय खिलाड़ी) नेशनल- कांस्य पदक (2023) कांस्य 2 5- गणेश श्रीवास ( राष्ट्रीय खिलाड़ी) नेशनल- कांस्य पदक (2023) ने पदक जीता समापन अवसर के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शेषराज हरबंस रहे उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल व प्रस्तिति पत्र प्रदान किया।

## चुनाव के प्रचार अभियान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विशाल रोड शो और कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया

# जब जब पसीना धन से टकराता है तो पसीना ही जीतकर आता है: गृहमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




नगरपालिका चुनाव के प्रचार अभियान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विशाल रोड शो और कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने शिरकत की।

भव्य रोड शो और नगर भ्रमण- रोड शो की शुरुआत बरपाली चौक स्थित बरपाली स्कूल से हुई, जिसमें गृहमंत्री विजय शर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगडे एवं भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रदीप नामदेव सहित सभी वार्डों के पार्षद प्रत्याशी एवं हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह रोड शो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर तक पहुंचा, जहां एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ÷यह चुनाव राजा और फ़कीर की लड़ाई है। जब पसीना धन से टकराता है, तो जीत पसीने की होती है उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए पिछले 10 वर्षों में हुए भ्रष्टाचार का उल्लेख किया और जनता से भाजपा को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, ऐसे में नगर के समग्र विकास के लिए नगर पालिका में भी भाजपा को समर्थन देना जरूरी है।

भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रदीप नामदेव ने सम्मेलन में संकल्प लिया कि यदि जनता उन्हें जीत दिलाती है, तो वे नगर की बुनियादी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करेंगे। उन्होंने कहा मैं वादा नहीं, संकल्प लेता हूं कि नगर में विकास की गंगा बहाऊंगा और हर कार्य को प्राथमिकता से करूंगा।

नगर भ्रमण के प्रमुख मार्ग - रोड शो बरपाली चौक से शुरू होकर मंझली तालाब, लायंस चौक, कोरवा पारा, शहीद स्मारक चौक, गौशाला रोड, सुभाष चौक, डोंगाघाट चौक, राधा कृष्ण मंदिर चौक, समलेश्वरी मंदिर चौक, कदम चौक, चौपाटी मार्ग से होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर तक पहुंचा। पूरे मार्ग में भाजपा समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की और जनता का अभूतपूर्व समर्थन देखने को मिला। भाजपा के पक्ष में बढ़ती लहर - नगरपालिका चुनाव में भाजपा के इस शक्ति प्रदर्शन से राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। इस रोड शो और कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए भाजपा ने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जबरदस्त माहौल बनाने का प्रयास किया। जनता के उत्साह और समर्थन को देखते हुए यह स्पष्ट हो रहा है कि नगर में भाजपा के पक्ष में लहर बन रही है।


## न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

क्रमांक क/वा/नजूल/2025 मुंगेली, दिनांक 28.01.2025

**निशांत पैगवार पिता धीरेन्द्र पैगवार,**
निवासी मोहल्ला एण्डुज वार्ड मुंगेली
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.).............................आवेदक

**बनाम**

**छ.ग.शासन**.............................................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **निशांत पैगवार पिता धीरेन्द्र पैगवार,** निवासी मोहल्ला एण्डुज वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला एण्डुज वार्ड मुंगेली स्थित भूमि शीट नंबर 46-बी, प्लाट नं. 39, 41/1, क्षेत्रफल क्रमशः 352, 45 वर्गमीटर नजूल भूमि का नजूल कर नवीनीकरण की अवधि दिनांक 31.03.2024 को समाप्त हो जाने के कारण पुनः नवीनीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 20.02.2025 को दिन के 03:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपेन मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 28.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)



## न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया जिला-बलौदाबाजार-भाटपारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क.
ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम का नाम पाटन

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता श्री जगदीश चन्द्र जाति सतनामी निवासी ग्राम सासाहौली तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने नानी श्रीमती लैनमती पिता श्री धुरूआ माता का नाम शुकरिया सतनामी की मृत्यु दिनांक 20.05.2009 (स्थान) ग्राम पाटन का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत पाटन तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 07/02/2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 07/02/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
निपनिया (छत्तीसगढ़)

# शिक्षक ने किया नाबालिग का दैहिक शोषण, गिरफ्तार

## रामचंद्रपुर विकासखंड का मामला, किशोरी 6 माह की प्रेगनेंट हुई तो हुआ खुलासा

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर ब्लॉक में प्रायमरी स्कूल का टीचर छह माह से विशेष जनजाति वर्ग की नाबालिग किशोरी का दैहिक शोषण कर रहा था। किशोरी जब प्रेगनेंट हो गई तो उसने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। घटना की रिपोर्ट त्रिकुंडा थाने में दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, रामचंद्रपुर ब्लॉक के प्रायमरी स्कूल में पदस्थ टीचर विक्रम सोनी का स्कूल के पास रहने वाले पंडो विशेष जनजाति परिवार के घर आना जाना था। टीचर परिवार की 17 वर्षीय किशोरी से बातचीत भी करता था। किशोरी के पिता कमाने के लिए बाहर चले गए थे।

### रेप के बाद दैहिक शोषण प्रेगनेंट हुई तो खुला मामला

अगस्त 2024 में विक्रम सोनी ने किशोरी को घर में अकेला पाकर उसके साथ रेप किया। इसके बाद वह किशोरी का दैहिक शोषण कर रहा था। जब दिसंबर माह में किशोरी ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी कि वह करीब पांच माह से प्रेगनेंट है। टीचर विक्रम सोनी ने उसके साथ रेप किया था। मामले की जानकारी मिलने पर किशोरी की मां ने पंडो समाज के लोगों को दी। इसकी रिपोर्ट 26 जनवरी को त्रिकुंडा थाने में दर्ज कराई गई।

### आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

मामले में पुलिस ने टीचर विक्रम सोनी के खिलाफधारा 64 2 ढ एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4,5 के तहत अपराध दर्ज किया। मामला सार्वजनिक होने पर शिक्षक डेढ़ माह पूर्व फरार हो गया था। वह किशोरी के परिजनों को धमकी भी दे रहा था। त्रिकुंडा पुलिस ने आरोपी विक्रम सोनी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है। विक्रम सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला विशुनपुरा ग्राम पंचायत महादेव पुर ब्लॉक रामचंद्र पुर जिला बलरामपुर मे पदस्थ एक साल से नाबालिक पण्डो विशेष पिछडी जनजाति छात्रा के साथ बहला फुसला कर योन शोषण कर रहा था, जिससे 5-6 महिने का नाबालिक पीडिता गर्भवती हो गई है, इसकी जानकारी पीडिता के अभिभावक गण पण्डो समाज को बताने पर दिनांक 26/1/2025 को डिण्डो चौकी मे एफआई आर दर्ज कराया गया था, एफआईआर दर्ज की जानकारी मिलते ही आरोपी विक्रम सहायक शिक्षक पुलिस के गिरफ्त से भाग गया था,आज दिनांक 4/2/2025 को डिण्डो पुलिस चौकी द्वारा आरोपी विक्रम सहायक शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### शिक्षा विभाग ने आदर्श आचार संहिता का किया उल्लंघन

आरोपी फरारी के दौरान पीडिता के परिजनों को जान से मारने पिटने का धमकी दिया जा रहा था, एक-डेढ माह से आरोपी विक्रम सहायक शिक्षक अपने स्कूल मे पढाने नहीं गया था, इस दौरान आरोपी अपने किए गये नाबालिक लडकी के साथ दुष्कर्म करने पर मामले को सलटाने मैनेजमेंट करने मे लगा था, इस दौरान फर्जी मेडिकल बनवा कर शिक्षा विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, आदर्श आचार संहिता लागू है इसके बाद भी आरोपी विक्रम सहायक शिक्षक अपने स्कूल मे अनुपस्थित रहने पर शिक्षा विभाग कोई कारवाही नहीं किया गया है। आरोपी विक्रम सहायक शिक्षक के कारण पीडिता अपनी पढ़ाई बीच मे ही छोड दी है।

## कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक, दिए कस्टम मिलिंग और धान उठाव में तेजी लाने के सख्त निर्देश



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में राईस मिलर्स कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के उठाव और कस्टम मिलिंग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने धान के उठाव की धीमी गति पर गंभीर चिंता व्यक्त की और राइस मिलर्स को सख्त निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से टॉप 5 राइस मिलर्स, जिनके कार्य की गति अत्यंत धीमी पाई गई, को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश खाद्य विभाग को दिए। कस्टम मिलिंग प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर देते हुए, कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की देरी अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खाद्य विभाग को भी कड़ी चेतावनी दी कि यदि विभागीय कार्यों में गति और गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि किसानों को जल्द से जल्द समर्थन मूल्य का लाभ मिले और धान मिलिंग कार्य समय पर पूरा हो। इसमें किसी भी प्रकार की देरी से किसान और प्रशासन दोनों को कठिनाई होती है। अतः इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों और मिलर्स को उन्होंने निर्देश दिया कि अगले कुछ दिनों में धान उठाव और कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूरे किए जा सकें। खाद्य विभाग के अधिकारियों को भी यह निर्देश दिए गए कि वे नियमित रूप से मिलर्स के कार्यों की निगरानी करें और किसी भी तरह की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई करें।

## जिले के 6 नगरीय निकायों में 6 अध्यक्ष पद के लिए कुल 20 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

### 6 निकायों के 90 वार्डों के लिए 267 अभ्यर्थी पार्षद पद के उम्मीदवार

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नगर पालिका निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले में चुनावी प्रक्रिया तेजी से जारी है। नगरीय निकायों का चुनाव 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। जिले में एक नगर पालिका परिषद और पांच नगर पंचायत है। जिले के कुल 6 नगरीय निकायों के 6 अध्यक्ष पद के लिए 20 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इनमें नगर पालिका परिषद गरियाबंद में 2, नगर पंचायत राजिम में 6, फिंगेश्वर में 4, छुरा में 2, कोपरा में 4 एवं नगर पंचायत देवभोग में 2 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इसी प्रकार प्रत्येक नगरीय निकाय में 15 वार्ड के हिसाब से छह नगरीय निकायों के कुल 90 वार्डों के लिए 267 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इनमें नगर पंचायत कोपरा में सर्वाधिक 54, नगर पंचायत फिंगेश्वर में 53, नगर पालिका परिषद गरियाबंद में 48, राजिम में 43, देवभोग में 38 एवं नगर पंचायत छुरा में 31 उम्मीदवार पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

## मधुमक्खियां के हमले से नगर की प्रतिष्ठित व्यापारी की गई जान

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक एक में जलकेश्वर पारा के पास असीम मधुमक्खी के छते ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। कुछ दिनों से कई लोगों को घायल किय जा रहा है आज उस समय हद हो गई जब नगर के एक खैनी व्यवसाय करने वाले सुरेश गुप्ता को मधुमक्खियां ने अपने चपेट में ले लिया मधुमक्खी से घायल हुए सुरेश गुप्ता ने वहीं पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना इलाज करवाने पहुंचे इलाज की प्रक्रिया चल ही रही थी कि उनका अचानक मौत हो गया। मौत की खबर आग की समान पूरे शहर में फैल गई उसके बाद अस्पताल में देखने वाले का ताता लग गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 10:30 बजे के लगभग 57 वर्षीय सुरेश गुप्ता अपनी निजी कार्य से जलकेश्वर पारा के तरफ गए हुए थे और उन पर मधुमक्खियां ने हमला कर दिया मधुमक्खियां से घायल सुरेश गुप्ता ने अपने इलाज हेतु 100 विस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे चिर परिचित कई डॉक्टरों ने उनसे उनका हाल जाना और कहा कि पर्ची कटवा कर अपना इलाज करा लीजिए। इलाज की प्रक्रिया चल ही रही थी कि अचानक उनकी मौत हो गई। मौत की खबर आग की तरह पूरे नगर में फैल गई, उसके बाद उनको देखने के लिए उनके सगे संबंधी एवं ईस्ट मित्रों का ताता लग गया। मधुमक्खियां के हमले से घायल के संबंध में कई तरह की चर्चा होने लगी लोगों ने चर्चा के दौरान बताया कि कुछ दिन पहले स्कूल जा रही छात्र स्नेहा पासवान पिता रोहित पासवान उम्र 17 वर्ष एवं होटल संचालक राजेश कश्यप उम्र 64 वर्ष व श्रद्धा गिरी को मधुमक्खी काटने से गंभीर रूप से घायल हो गए वही बताया जा रहा है कि मधुमक्खियां का हमला 100 बिस्तर अस्पताल तक भी पहुंच चुका है वही मधुमक्खियां से घायल कई व्यक्तियों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

### सुरेश गुप्ता का हुआ अंतिम संस्कार

सुरेश गुप्ता का अ समय मृत्यु होने से उनके परिजन एवं रिश्तेदारों में दुख का माहौल है वही यार दोस्तों ईस्ट मित्र भी बड़ी दुखी नजर आ रहे हैं। पीड़ित परिवारों के द्वारा सुरेश गुप्ता का अंतिम संस्कार नगर के शिव मंदिर घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

## धनोरा में बाजे गाजे के साथ निकली हनुमंत कथा की शोभायात्रा



पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से महावीर उद्यान में आयोजित श्री हनुमान कथा श्री राम कथा एवं शतचंडी यज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई कलश यात्रा महावीर उद्यान से बजरंग पर बाजार चौक मेन गली शीतल पर कर्मा मंदिर बमलेश्वरी पर गोल्डन चौक होते कथा स्थल महावीर उद्यान पहुंची। फिर विद्वान पंडितों के द्वारा पूजा पाठ कराया गया दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए एवं हाथ में केसरिया पताके लहराये जयकारा लगा रहे थे जय श्री राम जय हनुमान की प्रथम दिवस कथा वाचक पंडित दीपक महाराज दामोद बोरई वाले ने अखंड ज्योति प्रज्वलित करने के बाद वैदिक मंत्रों से व्यास पीठ का पूजा किया। तत्पश्चात पंडित दीपक महाराज ने अपने मुखारविंद से कथा प्रारंभ किया प्रथम दिवस की कथा में बताया कि श्री रामचरित मानस की जब रचना हुई ब्राह्मणों विद्वानों द्वारा इस ग्रंथ का बड़ा विरोध किया गया तब मधुसूदन स्वामी जी के के द्वारा इस ग्रंथ की महिमा गायी गई। फिर भी विरोध जारी रहा तब स्वयं काशी विश्वनाथ जीने इस पर अपनी मुहर लगा लगाई तथा जो रामचरित्र मानस अन्य ग्रंथों के नीचे दबा था पट खोलना पड़ा वही ग्रंथ सबसे ऊपर प्राप्त हुआ तब इसे लोगों ने स्वीकारा हैं। यह ग्रंथ लोगों को भक्ति व सरलता प्रदान करता है साथ ही जीवन का आदर्श स्थापित करने हेतु मार्गदर्शन करता है हनुमान जी ऐसी भक्ति एवं सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं की राम जी को ही अपने वश में कर लेते हैं। जो आज हम सभी को भक्ति समर्पण कर्म तथा सुखी जीवन के अनेकानेक रहस्यो बताता है।

### जय मां चंडी चंडिका देवी

शत् चंडी यज्ञ में बैठने वाले भक्तों का नाम ललित मंजू साहू, बाबू लाल प्रमिला साहू, गुलाब साहू सुनीता साहू, मारियाल साहू ज्योति साहू, मनोज पटेल हितेश पटेल, दिनेश साहू कांति साहू, कल्याण देवांगन अंजू देवांगन, योगेश साहू देवश्री साहू संतोषी पारा, राजू देवांगन गीता देवांगन यज्ञ में बैठने वाले जजमान है। श्री हनुमंत कथा एवं श्री राम कथा मे बैठने वाले जजमान रोशन साहू प्रभा साहू डोड़की जालबांधा, राजू यादव ललिता यादव सुभाष चौक बोरसी मनसुखा साहू लक्ष्मी साहू धनोरा इस आयोजन में मुख्य रूप से शामिल रहे। विनोद साहू नंद सेन वासुदेव सपरे रोमानाथ साहू कुंजलाल पटेल कुंभकरण पटेल सुनिल पेंटर झब्बू साहू सुखीराम साहू शिवचरण साहू गोलू साहू भोलू चिंटू मुन्ना गंधर्व जीवरखन ठेकेदार दिनेश साहू दिनेश यादव चेतन साहू बबलू साहू गज्जू रायपुरिया बबीता साहू देविका साहू दुर्गा साहू कोशील्या साहू छायाकिरण साहू ललिता यादव सुलोचना ठाकुर पूरईन साहू टिकेश्वरी साहू कु. नेहा छोटी वेदुकुमारी पूजा साहू डिम्पल साहू बड़ी संख्या में आदि भक्तगण मौजूद रहे। यह जानकारी दरबार प्रतिनिधि चंद्रकांत कोसरे एवं कुंजलाल साहू ने दी।

## जिला पंचायत सदस्य के लिए 69, जनपद सदस्य के लिए 435 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

### सरपंच के लिए 1323 एवं पंच पद के लिए 7113 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए नाम निर्देशन पत्र

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। 3 फरवरी तक निर्देशन दाखिल करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी। निर्धारित अंतिम तिथि तक जिले के 11 जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 69 अभ्यर्थियों ने 104 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए। इसी प्रकार 103 जनपद सदस्य पद के लिए 435 अभ्यर्थियों ने 476, सरपंच के 334 पद के लिए लिए 1323 अभ्यर्थियों ने 1394 एवं पंच के 4422 पद के लिए 7113 अभ्यर्थियों ने 7190 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए। कई प्रत्याशियों ने एक से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में चुनाव प्रक्रिया को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम और निर्वाचन नियमों के अनुसार सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला प्रशासन ने चुनावी प्रक्रिया को सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष पद के कांग्रेस प्रत्याशी हीरादेवी ने किया वार्ड 14 में सघन जनसंपर्क



पार्षद प्रत्याशी चेतना पटेल भी रही मौजूद

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष पद के कांग्रेस के प्रत्याशी हीरादेवी वर्मा ने सभी पार्षद प्रत्याशी व कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठजन व कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को वार्ड क्रमांक 14 में सघन जनसंपर्क किया। जिसमें नगर के आम जनता का सहयोग व समर्थन व उत्साह देखने को मिला। जिसमें वार्ड 14 में मतदाताओं के घर घर जाकर अध्यक्ष प्रत्याशी हीरादेवी वर्मा व वार्ड 14 के पार्षद प्रत्याशी चेतना पटेल ने सभी का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठजन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, पार्षद तोषण साहू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, गुलशन शर्मा, योगेश मांडले, टीकम दोण्डे, शैलेश देवांगन, संजय गिरी, धन्नजय नेताम, रामशिला नेताम, चंद्रकांत पटेल, भावेश साहू, ऋषि साहू, मन्नू, धनेश वर्मा,अविनाश, अंगद देवांगन, चंद्रकांत पटेल, वीरेंद्र गिरी, कैलाश देवांगन, मनिहार कुर्रे, टिकेश साहू, पुरेन्द्र चंद्राकर, भगवती पटेल, पुष्पा गायकवाड़, इंद्राणी, कामिनी मांडले, प्रमिला साहू,पद्मा साहू, तीजेश्वरी मांडले, तिरित बाई मधुकर,चंदा सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित थे।

## जागृति साहित्य समिति की 25 वी वर्षगांठ पर कवियों ने किया काव्य पाठ




पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

जागृति साहित्य समिति उतई के 25 वी वर्षगांठ को गायत्री परिसर उतई में धूमधाम से मनाया गया। इस सम्मेलन में दूर -दूर से पधारे साहित्यकार, साहित्य प्रेमी ने काव्य पाठ कर चार चांद लगा दिये। कलमकारों के कंठ से निकले काब्य पाठ और परिधान बसंत पंचमी और पच्चीसवी सालगिरह शिखर तक पहुँचाने में कोई कसर नही छोड़ी। सबसे पहले माँ सरस्वती की आराधना कर प्रथम नारी के रूप में बालोद से आई श्रीमती कुलेश्वरी साहू ने रचना पढ़ी। फिर जांजगीर चाम्पा में जन्मे ओजस्वी कवि, जो किसी पहचान के मोहताज नहीं। डॉ यशवंत यश सूर्यवंशी अपनी जोशिले प्रस्तुति से दर्शकों को आह और वाह करने पर मजबूर कर दिये। लालजी साहू ने छत्तीसगढ़ी रचना से माहौल बना दिये। वही नवेद रजा जी बहुत खूब काब्य पाठ किये। कुम्हारी के रघुनाथ देशमुख की ब्यंज्ञात्मक रचना को खूब सराहा। माला जी ने काब्य पाठ रुपी माला ऐसे पहनाई की उतारे नहीं उतर रहा। विष्णु राम कुर्रे ने हास्य ब्यंग की रचना से लोगों को हंसा हंसा कर पेट फूला दिये। इस कार्यक्रम के संयोजन, संयोजक और संचालक रमाशंकर सोनी शुरू से अंत तक लोगों को बांध कर इस कार्यक्रम को सफलता के सर्वोच्च शिखर पहुँचाने में सफल रहे।

## कक्षा 5वीं 8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा की सभी तैयारी करें

### कलेक्टर अग्रवाल ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में कक्षा पांचवी और आठवीं की परीक्षा के केंद्रीयकृत आयोजन की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को परीक्षा के सुचारू आयोजन की सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी राजिम कुंभ कल्प मेला के आयोजन के लिए विभागीय अधिकारियों को दिए गए दायित्वों का सक्रियता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में योजनाओं के सैचुरेशन की भी जानकारी ली। साथ ही स्कूली बच्चों के आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र निर्माण की जानकारी लेकर कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्ड ई केवाईसी, किसान सम्मान निधि, ई केवाईसी, लैंड सीडिंग एवं आधार अपडेशन की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग नवीन भगत सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में ई एचआरएमएस में क्रियान्वयन, फार्मर्स रजिस्ट्री, ई ऑफिस क्रियान्वयन, क्रीडा प्रोत्साहन योजना एवं लंबित शिकायतों के प्रकरणों आदि की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 9 फरवरी को जिले में होने वाली पीएससी परीक्षा की तैयारी के संबंध में भी आवश्यक जानकारी लेकर सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही एनएमएमएसई परीक्षा की भी तैयारी के संबंध में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

## नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव मे लापरवाही बरतने वालों पर होगी शख्त कार्यवाही : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, एडीएम अनिल वाजपेयी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव के सुचारू आयोजन के लिए प्रशिक्षण, कमिशनिंग और रेंडमाईज़ेशन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव से संबंधित सभी आवश्यक प्रशिक्षण समय पर पूरा किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। कमिशनिंग के तहत मतदान सामग्री की तैयारी और ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की जांच की प्रक्रिया पर जोर दिया गया, ताकि सभी मशीनें पूरी तरह कार्यशील हों और चुनाव के दिन उपयोग के लिए तैयार हों। रेंडमाइजेशन के तहत मतदान केंद्रों और मतदान कर्मियों का चयन निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करने पर भी चर्चा की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का भेदभाव या पक्षपात न हो। इसके लिए सॉफ्टवेयर आधारित रेंडमाइजेशन प्रणाली का उपयोग करने पर जोर दिया गया, ताकि सभी कर्मियों का आवंटन निष्पक्षता के साथ हो सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करें, जिससे चुनाव प्रक्रिया में कोई दिक्कत न हो। सभी संबंधित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन की कोई भी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना होगा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बैठक के दौरान केंद्रीय विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों से निर्माण कार्य को गति देने और गुणवत्तापूर्ण ढंग से इसे समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को जल्द से जल्द शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने आगामी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) की परीक्षा के संबंध में आवश्यक तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा केंद्रों पर विधिवत प्रबंध, सुरक्षा, और सभी सुविधाओं की उपलब्धता के लिए कलेक्टर ने विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। चुनावी प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने जिले में अवैध रूप से बेचे जा रहे शराब के मामलों पर भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिले में अवैध शराब बिक्री पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अवैध शराब बिक्री पर नियंत्रण रखने के लिए नियमित छापेमारी और निगरानी बढ़ाई जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर इस दिशा में समय पर कार्रवाई नहीं की गई, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा का कमल खिलाकर नगर को विकसित बनाने का समय आ गया है: अरुण साव

## नगर जनादेश मिलने पर भाटापारा के विकास कि जिम्मेदारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की रहेगी

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रामलीला मैदान मे रखा गया जिसमे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित हुये कार्यक्रम के उदबोधन भाषण में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत मकानों का निर्माण तेजी से पूरा किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम कोमोहन बांधे, सुनील यदु, ओमप्रकाश रात्रे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ट नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

**भाटापारा आने पर मन मे दर्द है**-अरुण साव ने कहा कि भाटापारा आने पर मेरे मन मे दर्द है कि आपके क्षेत्र से भाजपा के विधायक के रुप मे शिवरतन शर्मा नही बैठे है और यह दर्द हर कार्यकर्ताओं को भी होगा कि हम विधायक नही बना पाये, उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करती है। आप सभी इस बार भाटापारा नगपा मे भाजपा के 32






कमल खिलाने की अपील करता हूँ, पिछले 5 सालों मे भाटापारा विकास मे पिछड़ा है परंतु अब भाटापारा कि तकदीर व तस्वीर बदलने का समय आ गया है। अरुण साव ने कहा की पुरे प्रदेश में जनता जनार्दन एवं आप सभी कार्यकर्त्ताओ का यह उत्साह बता रहा है कि भाजपा के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों का विजय सुनिश्चित है, क्योंकि जनता भाजपा सरकार के महतारी वंदन से खुश है। अरुण साव ने आगे कहा की भाटापारा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के हमारे भाजपा के दमदार प्रत्याशी अश्वनी शर्मा एवं पार्षद प्रत्याशियों को देवतुल्य जनता का भरपूर समर्थन व आशीर्वाद मिल रहा है, निश्चित ही हमारी जीत प्रचंड मतो से होंगी, डिप्टी सीएम साव ने कहा कि, अश्वनी शर्मा सरल, सहज और जमीनी व्यक्तित्व वाले प्रत्याशी हैं, उनके नेतृत्व में भाटापारा शहर सुशासन एवं विकास के पथ पर अग्रसर होगा। जनता उनकी विकास परख सोच और संकल्प पर विश्वास जरूर जताएगी।

**शिवरतन शर्मा के कहने पर ही सिमगा नगर पंचायत से पालिका बना**-उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा कि नगर विकास के लिये 15 करोड़ कि राशि दी गई है उन्होंने कहा कि शिवरतन शर्मा के ही कहने से मैने सिमगा को नगर पंचायत से नगर पालिका बनाया पिछले सरकार ने शराबबंदी कि बात कहकर वादाखिलाफी किया व अनेक घोटाले हुये वही हमने नगपा मे जनता को अध्यक्ष चुनने का अधिकार दिया। वहीं 32 कमल खिलाने पर मेरा अगला भाटापारा आगमन स्वागत अभिन्दन करने हेतु होगा साथ ही आपके जनादेश मिलने पर भाटापारा के विकास कि जिम्मेदारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पर रहेगा। हमने शिवरतन शर्मा के ही कहने पर 8 दिनों के अंदर नगर पंचायत से नगरपालिका सिमगा बना कर दिया।

**नगपा मे भाजपा सत्ता मे आया तो नगर विकास के अनेक अवसर : शिवरतन शर्मा**-कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा नगपा के सत्ता मे काबिज होता है तो नगर विकास के अनेक अवसर खुलेंगे। सबसे पहले स्वच्छ सुन्दर व्यवस्थित शहर का निर्माण करना नगर के ऐतिहासिक तालाबों का सौन्दर्यीकरण व अनेक दुरगामी विकास कि योजनाएं है। उन्होंने कहा कि अपने विधायकी कार्यकाल मे अनेक मूलभूत कार्य हुये जिसमे से प्रमुख अन्डर ब्रीज निर्माण स्नाकोत्तर महाविद्यालय का दर्जा एग्रीकल्चर कालेज विधि महाविद्यालय अनेक मूलभूत सुविधाएं जो नगर को प्राप्त हुआ है, यह भाजपा का ही देन है।

# ऑटो एक्सपो में हर दिन कस्टमर का एक नया उत्साह क्विज प्रतियोगिता में हुए शामिल, बबल गेम का लिया मजा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ऑटो एक्सपो 2025 आयोजन को साइंस कॉलेज मैदान में अट्ठारह दिन पूरे हो चुके हैं लेकिन वाहन खरीदने वालों का उत्साह किसी भी दिन कम नहीं हो रहा है। हर दिन एक नया ग्राहक वर्ग अपनी जरूरत की वाहन खरीदने पहुंच जा रहे हैं। निजी व सरकारी नौकरी, व्यावसायी, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील से लेकर हर पेशे से जुड़े लोग ऑटो एक्सपो में पहुंच जरूर रहे हैं। इनमें से कई ऐसे हैं जो साल- दो -साल अपने वाहन का उपयोग कर रिफ्लेश कर देते हैं, वे अपनी इस जरूरत को इसलिए तब्दील कर रहे हैं क्योंकि यहां औसतन व्हीकल की कीमत पर फोर व्हीलर में लगभग 10 फीसदी, टू व्हीलर में 8 फीसदी और कमर्शियल में 10 फीसदी तक का लाभ मिल रहा है। फाइनेंस की आसान सुविधा भी है। युवा वर्ग न्यू मॉडल व ईवी को पसंद कर रहे हैं। वाहनों के अलावा एशेसरीज, फाइनेंस व अन्य



मिलाकर करीब 200 स्टॉल यहां पर हैं। काफी अच्छी संख्या में यहां उपस्थिति दिखी। विजिटर्स के मनोरंजन के लिए आकर्षक इवेंट का भी रोजाना आयोजन एक्सपो में किया गया है। राडा का फूल फार्म क्या है ये तो सब जानते है लेकिन एरियल वाशिंग पावडर व पारले जी बिस्किट का सही लोगो (निशान) क्या है बता पाने में असमंजस की स्थिति में दिखे ऑटो एक्सपो में पहुंचे ऐसे विजिटर्स जो कि क्विज प्रतियोगिता में शामिल होकर एंकर के सवालों का जवाब दे रहे थे। बड़ा ही मजेदार इवेंट था क्विज का, जिसमें वाहन से ही जुड़े नहीं बल्कि हर विषय को लेकर सवाल पूछे जा रहे थे। स्क्रीन पर डिसप्ले कर सवाल को आसान बनाने की कोशिश भी की जा रही थी। फिर भी कई सवालों में वे उलझ जा रहे थे। हां, ये जरूर देखने को मिला कि शत-प्रतिशत मौजूद लोगों ने बताया कि राडा मतलब रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन। वाहन कैसे चलाना है, परिवहन के नियमों का कैसे पालन करना है, यातायात पालन के कौन-कौन से निशान हैं.. जैसे सुरक्षा के सवाल भ किए गए। ऑटो एक्सपो में मैदान के बीचो-बीच बबल आर्टिस्ट का रोमांचित करने वाला गेम शो भी आकर्षित कर रहा है। इतनी खूबसूरती से बबल के घेरे में वह ले लेता है कि बच्चे ही नहीं बल्कि बड़े उम्र के लोग भी इसका मजा ले रहे हैं। जब तक आप घेरे को छूने की कोशिश करोगे वह गायब हो जाता है।

# शंकराचार्य आश्रम में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

माघ शुक्ल प्रतिपदा से नवमी सारस्वत नवरात्रि में बसंत पंचमी सर्वोत्तम पर्व है, ज्ञान की इच्छा रखने वाले इस नवरात्रि में महा सरस्वती जी की उपासना करते हैं। बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान विद्या एवं कला की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की उपासना का सर्वोत्तम पर्व है। नवरात्रि चार प्रकार की होती है दो गुप्त एवं दो प्रकट। गुप्त नवरात्रि में की गई साधना दिव्य अनुभूति प्राप्त कराती है। इस नवरात्रि की पंचमी अर्थात बसंत पंचमी विशेष इसलिए भी है क्योंकि इसमें बालकों का विद्यारंभ भी होता है लेखनी एवं पुस्तक का पूजन होता है जो सरस्वती का प्रतीक है। भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुन्दरी



ललिता प्रेमाम्बा महारानी भी अनन्त फल प्रदान करने वाली है ये श्री यंत्र की अधिष्ठात्री है इनकी पूजन से भोग और मोक्ष दोनों प्राप्त होते हैं अर्थात जब तक हम संसार में है तब तक सभी प्रकार का ऐश्वर्य हमें प्राप्त होता है और अन्त में परम पद प्राप्त होता है। यह उदगार बसंत पंचमी के पावन अवसर पर महा सरस्वती पूजन के साथ परम पूज्य 1008 यतिप्रवर दण्डी स्वामी डां इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज ने सम्मान समारोह में व्यक्त की। आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने बताया कि महाराज का इस पावन अवसर पर प्रबुद्ध जनों एवं गुरु परिवार के सभी भक्तों ने सम्मान किया। यह जानकारी देते हुए आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने बताया कि बसंत पंचमी पर भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुन्दरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का विशेष पूजन, श्री यंत्र पूजन, गुलाब पुष्पों से सहस्त्रार्चन, रुद्राभिषेक एवं लेखनी-पुस्तक पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी गुरु परिवार के भक्तों द्वारा परम पूज्य 1008 यतिप्रवर दण्डी स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज का सम्मान किया गया।

# क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बसंत पंचमी के सुअवसर पर खारुन नदी के किनारे गोमची स्थित मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से मुलाकात की। यह जानकारी देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ भाजपा के के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम पहुँचे थे। उन्होंने निवास रत वृद्धों से मुलाकात की। साथ ही आश्रम में उपलब्ध सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ भाजपा के के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने वृद्ध जनों को संबोधित किया। जामवाल ने कहा





बसंत पंचमी के सुअवसर पर आप बुजुर्गों से मुलाकात कर मन प्रफुल्लित है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी भी उपस्थित थी।

# गोपाल विट्ठल बने जीएसएमए बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी, गोपाल विट्ठल को जीएसएमए बोर्ड का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तब हुई जब टेलीफोनिका के चेयरमैन और सीईओ, जोसे मारिया एलवारेस पैलेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हाल ही में, गोपाल विट्ठल को दूसरी बार जीएसएमए बोर्ड का डिप्टी चेयर चुना गया था। इससे पहले, वह 2019 - 2020 के दौरान भी बोर्ड के एक महत्वपूर्ण सदस्य रह चुके हैं। उनके पास दूरसंचार क्षेत्र में गहरा अनुभव है और यह नियुक्ति उनकी



नेतृत्व क्षमता और विशेषज्ञता को दर्शाती है। जीएसएमए दूरसंचार उद्योग का एक वैश्विक संगठन है, जो 1100 से अधिक कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं के साथ-साथ हैंडसेट और डिवाइस निर्माता, सॉफ्टवेयर कंपनियां, नेटवर्क उपकरण प्रदाता और इंटरनेट कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा, इससे जुड़ी कई अन्य संस्थाएं भी दूरसंचार उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

## धान उठाव के सम्बन्ध में कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक

**सूरजपुर।** खरीफविपणन वर्ष 2024 25 में समितियां में उपार्जित अनिराकृत धान के निराकरण के संबंध में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने राइस मिलर्स की बैठक ली। इस दौरान सभी मिलर्स को जिन्हें मिलिंग क्षमता अनुसार दो माह का डी ओ जारी नहीं हुआ है उन्हें डीओ जारी करने के निर्देश दिए।

# यूजेनिक्स हेयर साइंसेज: क्रिकेट दिग्गजों और सेलेब्रिटीज का सबसे भरोसेमंद हेयर ट्रांसप्लांट ब्रांड

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

यूजेनिक्स हेयर साइंसेज ने हेयर रिस्टोरेशन में अपनी स्थिति को मजबूतकिया है और यह क्रिकेट के दिग्गजों, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और बॉलीवुड हस्तियों के एकप्रतिष्ठित सर्कल द्वारा विश्वसनीय है। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, हैदराबाद और भुवनेश्वर मेंअत्याधुनिक क्लिनिक के साथ, यूजेनिक्स हेयर ट्रांसप्लांट सॉल्यूशन्स के लिए एक प्रमुखगंतव्य बन चुका है, जो वैज्ञानिक विशेषज्ञता को कला के साथ सहजता से जोड़ता है। क्रिकेट के आइकॉन मोहम्मद शमी, रवि शास्त्री, मोहम्मद अजहरुद्दीन और माइकल बेवेन ने यूजेनिक्स पर भरोसा जताया है, और उन्होंने इसके उन्नत हेयर ट्रांसप्लांट तकनीकों की ट्रांसफामेटिव शक्ति का अनुभव किया है। प्राकृतिक, सहज और दीर्घकालिक परिणामदेने के लिए प्रसिद्ध, यूजेनिक्स अब क्रिकेट की दुनिया और उसके बाहर के प्रमुख




चेहरों कानिर्विवाद विकल्प बन चुका है। भारतीय क्रिकेट स्टार मोहम्मद शमी, जिन्होंने यूजेनिक्स में हेयर रिस्टोरेशन प्रक्रिया करवाई, ने साझा किया, यह प्रक्रिया मेरे ऑफ-फील्ड जीवन को फिर से ऊर्जावान बना चुकी है। यूजेनिक्स ने मेरीअपेक्षाओं को पार कर दिया है, और परिणाम अद्भुत रहे हैं। 4,500+ ग्राफ्ट ट्रांसप्लांट करवा चुके शमी की सफलता की कहानी इस क्लिनिक की क्षमता को उजागर करती है, जो न्यूनतम असुविधा के साथ असाधारण परिणाम प्राप्त करता है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने यूजेनिक्स पर अपने विश्वास की पुष्टिकरते हुए कहा, जब बात हेयर ट्रांसप्लांट की हो, तो सभी रास्ते यूजेनिक्स की ओर जाते हैं—कहीं और नहीं।

# होम लोन एक्सपो-2025 का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पंजाब नैशनल बैंक के द्वारा 07-08 फरवरी 2025 को होटल उत्सव इन, मेक इन इंडिया चौक, तेलीबांधा रायपुर में होम लोन एक्सपो-2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रायपुर शहर के सभी नामी बिल्डर उपस्थित रहेंगे। पीएनबी के अंचल प्रमुख आशीष कुमार चतुर्वेदी ने समाचार पत्र को अवगत कराया कि यह सभी रायपुरवासियों तथा छत्तीसगढ़ के निवासियों को देश के किसी भी हिस्से में घर को सुगम बनाने हेतु तथा अपने घर का सपना साकार करने का एक सुनहरा अवसर है। इस एक्सपो में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में जानकारी देने के लिए सोलर डीलर/ बैंक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। पीएनबी समस्त गृह स्वामियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत, सुगमतापूर्वक आसान किश्तों में ऋण उपलब्ध करवा रही है। अंचल प्रमुख चतुर्वेदी द्वारा किसी भी



बैंक/वित्तीय संस्था से होम-लोन सुविधा प्राप्त ग्राहकों से भी अपील की है कि अपनी वर्त्तमान गृह ऋण की ब्याज दर की जानकारी व स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट यदि बैंक को उपलब्ध करवाते है तो उन्हें बेहतर ब्याज-दर उपलब्ध प्रदान कर ऋण खाता पंजाब नैशनल बैंक में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिससे ग्राहक दिए जाने वाले ब्याज पर हजारों रु. की बचत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त बैंक द्वारा होम डेकोर के इंटीरियर डिज़ाइनर इत्यादि से भी संपर्क किया जा रहा है। जिससे होम-लोन ग्राहकों को एक स्थान पर सम्पूर्ण जानकारी दी जा सके।

# ईवीएम का प्रदर्शन कर अभ्यर्थियों को बताई गई मतदान करने की प्रक्रिया



पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी एस जयवर्धन के निर्देशानुसार ''जाबो कार्यक्रम जागव वोटर'' जागरूकता अभियान अंतर्गत मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम मशीन का प्रदर्शन कर जिले भर में नागरिकों एवं अभ्यर्थियों को मतदान करने की प्रक्रिया बताई जा रही है। इसी तारतम्य में नगर पालिका सूरजपुर द्वारा सीएमओ सूरजपुर की उपस्थिति में जिला संयुक्त कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में अभ्यर्थियों को ईवीएम मशीन से मतदान की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मशीन में अध्यक्ष पद हेतु शुरू में सफेद कागज पर अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों का नाम रहेगा, जिसमें मतदाता को अपने पसंद के उम्मीदवार का चयन उसके सामने के बटन को दबाकर करना है। इसके बाद एक छोटी बीप की आवाज सुनाई देगी। इसी प्रकार पार्षद पद हेतु मशीन में अध्यक्ष पद के नीचे पार्षद पद हेतु गुलाबी रंग के कागज पर पार्षद पद के उम्मीदवारों के नाम होंगे।

# सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर में बसंत पंचमी के अवसर पर संस्था में सरस्वती माता की मूर्ति स्थापित की गई



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर बड़ी धुमधाम के साथ टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टॉफ व विद्यार्थियों द्वारा पीले वस्त्र धारण करके ज्ञानदायनी सरस्वती माता का माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन कर मूर्ति स्थापित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत बी.एस.सी. नर्सिंग एवं जी.एन.एम. के छात्र/छात्राओं द्वारा अपनें-अपनें क्लास रूम में सरस्वती माता का पूजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवी वैष्णव ने सभी छात्र/छात्राओं को बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आप लोग पूरी यूनिवर्सिटी में टॉप करो और कॉलेज एवं अपनें समाज का नाम रोशन कर आगे बढ़ो। इसकी जानकारी संस्था की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवी वैष्णव के द्वारा दी गई।

## सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने यातायात पुलिस कोरबा का महा अभियान

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कोरबा पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

बीते कुछ महीनो से शहर सहित जिले के अलग-अलग क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस कोरबा ने महा अभियान छेड़ा हुआ है जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी आईपीएस रविंद्र मीणा और यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डीके सिंह के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस कोरबा लापरवाह और बेपरवाह वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है

यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर अपने स्टाफ के साथ आए दिन सड़क पर नजर आ रहे हैं और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे हैं मंगलवार को यातायात पुलिस





कोरबा के द्वारा शहर की अलग-अलग सड़कों में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई इस दौरान दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों को रुकवा कर अल्कोहल मीटर से जांच की गई और जांच के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने की पुष्टि होने पर नियमानुसार उन पर कार्रवाई की गई है यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने बताया कि इस तरह का अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा उन्होंने सभी वाहन चालकों से आग्रह किया है कि वह अपना और अपने परिवार का ध्यान रखते हुए किसी भी सूरत में नशे की हालत में वाहन ना चलाएं यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा आने वाले दिनों में नाबालिकों के द्वारा दो पहिया वाहन का उपयोग करने पर भी कार्यवाही की जाएगी इसके लिए पहले ही यातायात पुलिस ने लगभग सभी विद्यालयों में पहुंचकर जागरूकता अभियान चलाया था

इस अवसर पर यातायात पुलिस कोरबा के उप निरीक्षक मालिक राम ईश्वरी लहरें रामनारायण रतरे हेड कांस्टेबल संतोष सिंह सीएसईबी चौकी से जितेंद्र यादव हेड कांस्टेबल गोविंद सिंह एवं मेहमान कुर्रे का योगदान रहा।

# नगर पंचायतों में ईवीएम का प्रदर्शन करके मतदान के लिए किया जा रहा है लोगों को जागरूक



पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस जयवर्धन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत जाबो (जागव-वोटर) कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में ईवीएम प्रदर्शन और प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत बिश्रामपुर के विभिन्न स्थलों में ईवीएम का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम के प्रदर्शन के दौरान मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

# बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम हेतु प्राचार्य मिशन मोड में कार्य करें : कलेक्टर व्यास

## यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत प्राचार्यों, बीईओ और एबीईओ की समीक्षा बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर रोहित व्यास ने यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले के प्राचार्यों, बीईओ और एबीईओ की समीक्षा बैठक ली और कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्री बोर्ड के परीक्षा परिणाम की समीक्षा की। कलेक्टर व्यास ने बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए प्राचार्यों को ग्राम के जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेने के लिए निवेदन करने की बात कही और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पालक-शिक्षक बैठक में आयोजित करने कहा। उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षा हेतु काफी कम समय बचा है। इसलिए व्यक्तिगत रूप से सभी को विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। जो बच्चे परिणाम अच्छा दे रहे है उन्हें राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान दिलाने के लिए और जो बच्चे सामान्य है उनके बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए ध्यान केंद्रित कर कार्य करें। सभी सामूहिक रूप से राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में जशपुर के बच्चों को स्थान दिलाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। शिक्षक विद्यार्थियों के आदर्श होते हैं इसलिए उसके अनुरूप ही विद्यालय में बच्चों के प्रति शिक्षक का व्यवहार होना चाहिए। आगामी बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत मिशन 40 डेज की गतिविधियों को निर्धारित समय पर पूर्ण करे और संडे क्लास, उपचारात्मक कक्षा नियमित आयोजित करे। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में जिले का 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य उन्होंने रखा है। प्राचार्यों को कम अच्छे विद्यार्थियों के स्तर के अनुरूप परीक्षा की तैयारी कराने को कहा। वे चाहते है कि इस बार भी जशपुर जिला प्रदेश की मेरिट सूची में प्रथम स्थान पर रहे। शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा ने समीक्षा करते हुए कहा कि स्कूल के कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं के परीक्षा का समय आ गया है। विद्यालय के बच्चों को शिक्षक पर्याप्त समय दे। बच्चों के विषयगत प्रत्येक शंकाओं का समाधान शिक्षक करें। जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर ने कहा कि सभी प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी ले कि विद्यालय के शत-प्रतिशत परीक्षा में पास हो। बोर्ड परीक्षा के लिए कम समय शेष है इसलिए पूरी मेहनत और लगनता के साथ रणनीति बनाकर बच्चों के हित में कार्य करे और प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। उन्होंने ने प्राचार्यों से विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और परीक्षा परिणाम बेहतर करने के प्रयासों की जानकारी ली। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने मिशन 40 डेज में किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राचार्यों से लेते हुए कहा कि प्री बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के सभी बच्चे सम्मिलित हो और प्रश्न को समझ कर सभी प्रश्न हल करे। इसी तरह बोर्ड परीक्षा में भी सभी प्रश्न हल करें। सभी विषय शिक्षक बच्चों प्री बोर्ड 2 की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन करें, कि बच्चे ने सभी प्रश्न हल किए है या नहीं और उनकी गलतियों से उन्हें अवगत कराते हुए उसका समाधान करें। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, यशस्वी जशपुर के सदस्य संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय सहित शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में नवीन शिक्षक संघ की मांग पर लगाई मुहर

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com



नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा आहूत शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के बाद जारी स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र मे बिंदु क्रमांक 10 व बिंदु क्रमांक 18 मे प्रदेश के शिक्षकों के लिए स्थानांतरण नीति व विषयवार भर्ती, पदोन्नति के संबंध मे उल्लेखित किया गया है। दोनो महत्वपूर्ण मांग के लिए नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत के नेतृत्व मे संघ का प्रतिनिधि मंडल मांग पत्र के माध्यम से लगातार शासन प्रशासन के पास मांग को उठाते आ रहे है। साथ ही जिलाध्यक्ष राजनांदगांव छन्नूलाल साहू, कोरबा चंद्रिका पाण्डेय, बालोद वेदप्रकाश साहू, दुर्ग संजीव मानिकपुरी, कांकेर प्रकाश चंद कांगे, बलविंदर कौर, बलौदाबाजार सतीस टंडन, मुंगेली रमन शर्मा, रायपुर चंद्रशेखर रात्रे, गंगा शरण पासी, जांजगीर अमित मेसी, सैय्यद रफीक, कोरिया हरीकांत अग्निहोत्री, धमतरी वैदराम सहित सभी पदाधिकारियों द्वारा जिला एवं प्रदेश मे जन-प्रतिनिधियों व अधिकारियों को ज्ञापन सौपकर शासन प्रशासन को नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रमुख मांगो से ध्यानकर्षण कराया गया। प्रदेश पदाधिकारी उमा जाटव,ज्योति सक्सेना, गीता चंद्राकर, नंदिनी देशमुख, रूपेंद्र सिन्हा, अजय कड़व, दुष्यन्त कुम्भकार,अमितेश तिवारी, ब्रिज नारायण मिश्रा,नरेश गुप्ता,शंकर लाल भार्गव मनोज चंद्रा सभी ने कहा कि प्रदेश, जिला, ब्लॉक व संकुल पदाधिकारियों व सदस्यो के सहयोग से आज दो महत्वपूर्ण मांग पर सफलता मिली है। और आने वाले समय मे नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ द्वारा किये जा रहे महत्वपूर्ण मांग पूर्व सेवा अवधि की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से देय समयमान, कर्मोन्नति वेतनमान के आधार पर वेतन व पेशन की गणना व प्रदेश के शासकीय कर्मचारियो के केसलेस इलाज के संबंध मे भी जल्दी ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्णय लिया जायेगा। जिसके लिए प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत के नेतृत्व मे लगातार शासन प्रशासन का ध्यानकर्षण कराया जा रहा है। नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत ने माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा आहूत स्कूल शिक्षा विभाग के समीक्षा बैठक के बाद स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश के बिंदु क्रमांक 10 व 18 का स्वागत करते हुए नवीन शिक्षक संघ के मांग पर प्रदेश के शिक्षकों हित मे निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री, राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय एवं समस्त विभागीय अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पूर्व सेवा की अवधि की गणना कर देय समयमान, कर्मोन्नति वेतनमान के अनुसार वेतन व पेंशन एवं प्रदेश के कर्मचारियों के केसलेस इलाज पर जल्दी ही निर्णय लेने की अपील किया है।

# 'बीमा क्षेत्र में एफडीआई वृद्धि अनुचित है इसे वापस ले केंद्र सरकार

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री के द्वारा पेश किए गए बजट में बीमा क्षेत्र में एफ्डीआई सीमा को मौजूदा 74त्न से बढ़ाकर 100% करने की घोषणा की गई है। भारत सरकार का यह निर्णय पूरी तौर पर अनुचित है और इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिए कीमती संसाधनों को जुटाने और अपने नागरिकों के प्रति राज्य के दायित्व को पूरा करने के लिए इसके गंभीर परिणाम होंगे। इस कड़ी में संगठन के आव्हान पर 4 फरवरी को एफडी आई की यह वृद्धि वापस लेने की मांग करते हुए देश भर में बीमा कर्मी द्वारा प्रदर्शन आयोजित किए गए। AHEA ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ्डीआई) की सीमा बढ़ाने के फैसले के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए, इस कदम को वापस लेने की मांग की है। AIIEA ने साथ ही यह भी कहा कि वह सरकार को बीमा कानून जैसे बीमा अधिनियम 1938, एलआईसी अधिनियम 1956 और आईआरडीए अधिनियम 1999 में संशोधन करने के प्रतिगामी प्रस्ताव के खिलाफगंभीर चेतावनी देती है। AIEA ने सरकार से अपनी आर्थिक नीतियों को कॉर्पोरेट पक्षधर से हटाकर जन-केंद्रित उपायों की ओर मोड़ने की मांग की है। AIIEA का स्पष्ट मानना है कि सरकार को कॉर्पोरेट क्षेत्र के मुनाफे से ऊपर आम लोगों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# पार्षद प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में जमकर, प्रचार प्रसार के लिए मेहनत कर रहे

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी तोरण लाल साहू सहित पार्षद प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में जमकर, प्रचार प्रसार के लिए मेहनत कर रहे हैं । 3 फरवरी को वार्ड क्रमांक 10 12 व 14 जाम कर धुआंधार प्रचार किया गया इस दौरान बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद व भाई बहनों का जमकर सहयोग भाजपा प्रत्याशियों को मिला। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी तोरण लाल साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में नगर के सभी वार्डों में एक वातावरण बना हुआ है। नगर की जनता इस बार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को अध्यक्ष पद पर देखना चाहती है। कांग्रेस के भ्रष्टाचारों से तंग आकर नगर की जनता नगर का विकास चाहती है। नगर के बुनियादी सुविधाओं एवं विकास के नाम पर इस बार नगर की जनता भाजपा को चुनेगी ऐसा माहौल नजर आ रहा है। जिसका उदाहरण वार्ड में प्रचार के दौरान देखने मिल रहा है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तन मन धन से चुनाव में लगे हुए हैं जिसका भी लाभ चुनाव में हम सभी को मिलेगा इस अवस वार्ड 10, 12 एवं 14 में जनसंपर्क किया गया अध्यक्ष के साथ वार्ड की पार्षद प्रत्याशी मालती निषाद मौजूद थी। प्रचार के दौरान नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष पुरोबी वर्मा, शीतल नायक, नंदा पसीने, नवीन साहू राहुल शर्मा, कासिम कुरैशी मुस्ताक अहमद, दादु गुप्ता,मोनू चौधरी ,किरण सिन्हा, रमेश मित्तल सहित सैकड़ो लोगों उपस्थित थे।

# नगरीय निकायों के निर्वाचन प्रेक्षक और कलेक्टर की उपस्थिति में रेण्डमाईजेशन कार्य सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकायों के निर्वाचन प्रेक्षक सुनील कुमार चंद्रवंशी और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन रोहित व्यास की उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभा कक्ष में नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 हेतु रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विश्वास राव मस्के, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल, नगर पालिका निर्वाचन 2025 के अभ्यर्थी सहित संबंधित रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी राजनैतिक दल और नगर पालिका निर्वाचन 2025 के अभ्यर्थियों को आग्रह किया है कि आगामी बोर्ड परीक्षा को देखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग कम आवाज के साथ उपयोग करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि रात्रि 10.00 बजे के बाद किसी भी प्रकार का तेज आवास में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं करना है।

# जिला पंचायत सदस्य हेतु भरे गए निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई

## कुल 14 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 99 नाम निर्देशन पत्र दाखिल



पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकायों में चुनाव के साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में प्रशासन द्वारा तीव्र गति से की जा रही है। चुनाव आयोग के निर्देशों के परिपालन करने के साथ ही बारीकियों का ध्यान रखते हुए अधिकारी-कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से चुनाव कार्य में डटे हुए हैं। जशपुर में जिला पंचायत सदस्य हेतु कुल 14 निर्वाचन क्षेत्र के लिए 99 नाम निर्देशन पत्र भरे गए हैं। इन सभी निर्देशन पत्रों का संवीक्षा आज जिला पंचायत सभागार कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी अभिषेक कुमार एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रदीप राठिया, टीपी भावे एवं कुसुम बड़ा द्वारा किया गया। संवीक्षा कार्य का ऑब्जर्वर सुनील चंद्रवंशी द्वारा निरीक्षण भी किया गया। ज्ञात हो कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन पत्र 27 जनवरी से 3 फरवरी तक भरे गए थे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा उपरान्त 6 फरवरी तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण हेतु मतदान क्रमशः 17 फरवरी, 20 फरवरी, 23 फरवरी की प्रातः 7 बजे से अपराह्व 03 बजे तक की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य स्तर पर परिणामों की घोषणा प्रथम द्वितीय और तृतीय चरण हेतु क्रमशः 20 फरवरी, 23 फरवरी और 25 फरवरी को की जाएगी।

# कलेक्टर ने 15 साल से अधिक कंडम गाड़ियों की निलामी प्रकिया करवाने के दिए निर्देश

■ टीएल में अनुपस्थित श्रम अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की और प्रकरणों का निराकरण समाधान कारक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विलोपन करने से पहले सही जानकारी लेकर ही लंबित प्रकरणों का विलोपन करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर व्यास ने बैठक में अधिकारियों को 15 साल से अधिक कंडम गाड़ियों को निलामी करवाने के निर्देश दिए हैं और 15 साल से कम अवधि की गाड़ियों की जानकारी सभी विभागों को भेजने के लिए कहा। ताकि उन गाड़ियों का भी निलामी प्रकिया करवाई जा सके। कलेक्टर ने श्रम अधिकारी विजय लकड़ा को बैठक में बिना बताए अनुपस्थित होने और मुख्यालय से बाहर रहने के कारण नोटिस जारी करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा अभी वर्तमान में पूरे राज्य में आचार संहिता प्रभावशील हैं विशेष परिस्थिति को छोड़कर कोई भी अधिकारी और कर्मचारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगा । ई-आफिस के अपने विभाग की सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी भेजने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू और सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# साई बाबा पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन अतिथियों ने किया बच्चो का उत्सवर्धन

पायनियर संवाददाता ◂ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com





नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 में संचालित साई बाबा पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा तीसरी से लेकर कक्षा नवमी तक के विद्यार्थी भाग लिए मेले के आयोजन करने का उद्देश्य स्कूल में बच्चों को आत्मनिर्भरता की सीख देना है। बच्चों ने अलग-अलग तरह के खाद्य पदार्थ और खेल खिलौने सहित अन्य प्रकार की दुकान लगाई और सामानों की बिक्री की। शिक्षकों ने बाल मेले में हर स्टॉल पर पहुंच कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। डायरेक्टर मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लिया। हमने कुल 25 स्टॉल लगवाई थी जिसमें बच्चों ने अलग-अलग प्रकार के स्टॉल लगाए। स्टॉल पर साफ -सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखा गया है, इसके साथ खाद्य पदार्थों की कीमत ज्यादा नहीं रखी गई थी। इस दौरान बच्चों का उत्साहवर्धन शिक्षकों एवं अतिथियों के द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में अरुण कुमार केशरी, शर्मिला गुप्ता, शैलेष कुमार गुप्ता, एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक राकेश झा, डॉ.राकेश गुप्ता सहित अभिभावक गण एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिक गण उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा में समाज के लगभग 500 से अधिक महिला पुरुष एवं बच्चे भी सम्मिलित हुए

# पारिवारिक मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





परिक्षेत्रीय साहू समाज शहीद चौक बजरंग चौक के अध्यक्ष छन्नू साहू के नेतृत्व में पारिवारिक मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा एवं अति विशिष्ठ अतिथि लैलन साहू, दामनी साहू संगीता साहू एवं परिक्षेत्रीय अध्यक्ष गण उपस्थित थे. कार्यक्रम स्थल दुर्गा मंदिर शहीद चौक पर प्रातः 10 बजे अतिथियों के द्वारा समाज के ध्वज का ध्वजारोहण किया गया. समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणी मां कर्मा की पूजा अर्चना एवं आरती की गई। समाज की बेटियों के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई । इस कलश यात्रा में समाज के लगभग 500 से अधिक महिला पुरुष एवं बच्चे भी सम्मिलित हुए जो गांधी चौक की मां कर्मा मंदिर में पूजा अर्चनाकर भ्रमण करते हुए वापस सभा स्थल दुर्गा मंच के पास पहुंचा. सभी वर्गो के लिए खेल का आयोजन किया गया था। जिसमें कुर्सी दौड़ में लक्ष्मी साहू प्रथम राधिका द्वितीय युवती मंच कुर्सी दौड़ कामिनी प्रथम लीना द्वितीय पुरुष वर्ग छन्नू साहू प्रथम धनीराम द्वितीय। बिंदिया लगाओ प्रथम बिंदिया साहू द्वितीय महिला खिलेश्वरी साहू द्य बालिका उर्वशी साहू प्रथम डिंपल ड्यूटी मटका फोड़ निलेश्वरी प्रथम छाया देवी द्वितीय मटका फोड़ पुरुष रामेश्वर प्रथम विकास साहू, द्वितीय जलेबी दौड़ महिला वर्ग दामिनी प्रथम रोशनी द्वितीय पुरुष वर्ग पंकज प्रथम उत्तम दास द्वितीय। बालक वर्ग प्रथम मेहुल द्वितीय सेक्टर दौड़ रोषिता प्रथम गोमती साहू द्वितीय, एक्टर साहू पुरुष वर्ग हेमंत साहू प्रथम कपिल दास द्वितीय। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति दी गई परिक्षेत्र साहू समाज की महिला शक्ति द्वारा बेहतरीन सुआ गीत पेश किया गया जिसमें महिला अतिथियों को भी सुवा गीत में नित्य कर माहौल को आनंद मय बना दिया। मिक्स छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत तोर बोली गुरतुर लगे गजा मूंग खोमेश्वरी, मयंक, आकृति और के द्वारा बेहतरीन प्रस्तुत दी गई। सबसे बेहतरीन प्रस्तुति घनिष्ठा और ओजल के द्वारा दी गई द्य जिसने बच्चों को साथ-साथ दर्शकों को भी झूमने को मजबूर कर दिया। मां शक्ति की आराधना नवरात्रि पर्व का गीत आरुग आरुग करशा, आरुग हे बाती। कार्यक्रम में राजकुमार साहू के द्वारा साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त मां कर्मा आरती युक्त फोटो समाज में उपस्थित सभी परिवारों एवं अतिथियों को दिया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषणउन परीक्षेत्रीय अध्यक्ष छन्नू साहू के द्वारा दिया गया उन्होंने सभी तिथियां को आयोजन में आकर सम्मान बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया। अतिथि संबोधन में कार्यक्रम के वरिष्ठ अतिथि लैलन कुमार साहू ने कहा कि समाज को एकता के सूत्र में जोड़ने के लिए हम सबको एक होकर समाज उन्नति के लिए कार्य करना होगा। जब भी समाज के लोग नेतृत्व करने के लिए आगे आते हैं उनका समर्थन दे। उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन करे। स्कूली बच्चे जो पढ़ने में तेज हो और किसी कारणवश पढ़ाई नहीं कर पा रहे हो उनका सहायता अवश्य करें। ताकि बच्चे आगे

# नगरीय निकायों हेतु 84 मतदान केंद्रों में 11 फरवरी को होंगे मतदान

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगरीय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु जिले में कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में तैयारी तीव्र गति से की जा रही है। समस्त नगरीय निकायों के चुनाव 11 फरवरी को आयोजित किए जाएगें। इसी तरह पंचायत चुनाव हेतु प्रथम चरण में 17 फरवरी को बगीचा, द्वितीय चरण में 20 फरवरी को जशपुर, मनोरा, दुलदुला, कुनकुरी एवं तृतीय चरण में 23 फरवरी को फरसाबहार, पत्थलगांव एवं कांसाबेल में आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन चुनाव के लिए प्रशासनिक स्तर पर पूरी तैयारी करने के साथ ही लोगों को जाबो कार्यक्रम के तहत मतदान के महत्व को बताने सहित ई.व्ही.एम से मत डालने के तरीके के बारे में जगह-जगह प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक भी कर रहा है। नगरीय निकाय हेतु जशपुर जिले में कुल मतदान केंद्रों को संख्या 84 है। जिसमें जशपुर नगर पालिका में 20 वार्डों हेतु 24, नगर पंचायत कुनकुरी, बगीचा, पत्थलगांव और कोतबा में 15-15 वार्डों के लिए 15-15 मतदान केंद्र स्थापित किए गए है। इसी तहत त्रिस्तरीय पंचायत के लिए 1229 मतदान केंद्र स्थापित किए गए है। जिसमें जनपद पंचायतों हेतु जशपुर में 94, मनोरा में 108, बगीचा में 245, कुनकुरी में 129, दुलदुला में 72, फरसाबहार में 158, कांसाबेल में 130 और पत्थलगांव में 293 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# सायबर ठगीः बैंक खातों को किराए पर देने और किराए पर लेने वाले 9 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**चंद पैसो के लिए बैंक खाता, एटीएम, सिम उपलब्ध कराने वाले लोगों पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही**



पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

पुलिस ने सायबर ठगी मामले में म्यूल बैंक खाता धारक समेत संवर्धक/ ब्रोकर के विरूद्ध कार्यवाही की हैं। बैंक खातों को किराए पर देने एवं किराए पर लेने वाले लोग पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पुलिस ने प्रकरण में संलिप्त बालोद जिले सहित अन्य जिलों के कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। बताया गया है कि मामले में संलिप्त और भी आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। चंद पैसो के लिए बैंक खाता, एटीएम, सिम उपलब्ध कराने वालो व्यक्तियों पर बालोद पुलिस की यह जिले में पहली और बड़ी कार्यवाही हैं। जिसका खुलासा एसपी एसआर भगत ने मंगलवार को कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में किया। एसपी एसआर भगत ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समनवय पोर्टल के माध्यम से बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र बालोद शाखा के म्यूल एकांउट खाता धारको का अवलोकन पर पाया गया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र आईएफसी कोड एमएएचबी0002398 में कुल बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 10 खाता धारकों के एकाउंट में देश के अलग अलग राज्यों में अनेको लोगो से हुए अलग अलग सायबर फ्राड जिसकी कुल रकम करीबन 3 लाख 19 हजार 145 रूपये को अलग अलग 10 खातो में प्राप्त किया गया है। उपरोक्त कुल 10 बैंक खातों में अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए बैंक खातो का इस्तेमाल कर रकम प्राप्त करना पाया गया तथा उन खातों में आनलाईन ठगी के रकम प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया की इन खातो के संबंध में अन्य राज्यों से आनलाईन शिकायत पंजीबद्ध होना पाया गया है। संदिग्ध उक्त कुल 10 बैंक खातो का उपयोग आनलाईन ठगी के रकम प्राप्त करने में प्रयोग होने व अवैध धन लाभ अर्जित करने के लिए उपयोग में लिया जाना तथा उपरोक्त खाता धारको द्वारा यह जानते हुए कि उक्त रकम छल से प्राप्त किया गया रकम है तथा कई

### अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही

उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र बैंक के खाता धारको को नोटिस जारी कर थाना बुलाकर पुछताछ किया गया। जिस पर आरोपियों द्वारा देश के अलग अलग हिस्सों से साइबर ठगी की राशि को अपने एकाउंट में लेना स्वीकार किया गया। तथा बैंक खाता को किराए पर देने एवं किराए पर लेने वाले के उपर कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि अब तक 3 लाख 19 हजार 145 लाख का ट्रांजेक्शन डिटेल की जानकारी प्राप्त की गई है। मामले में कुल 9 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है, जिनमें 4 खाताधारक है, और 5 खाता उपलब्ध कराने वाले संवर्धक ब्रोकर। और अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। एवं अन्य म्यूल खाता धारको के सबंध में जानकारी प्राप्त हुई है, जिस पर कार्यवाही किया जाना है।

### ऑनलाइन ठगी करने वालो पर रखी जा रही सतत निगरानी

दरअसल दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के पर्वेक्षण व एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में बालोद थाना क्षेत्र में आनलाईन के माध्यम से लोगों से ठगी करने वालो पर सतत नजर रखी जा रही है। उक्त म्युल एकांउट पर कार्यवाही में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पाण्डेय, सायबर प्रभारी उप निरीक्षक जोगेन्द्र साहू, सायबर सेल प्र.आरक्षक रूमलाल चुरेन्द्र, विवेक शाही, आरक्षक भोप सिंह साहू, संदीप यादव, विपिन गुप्ता, मिथलेश यादव, पूरन प्रसाद, योगेश पटेल, गुलझारी साहू, योगेश गेडाम, थाना बालोद से सउनि रामप्रसाद गजभिये, प्रधान आरक्षक दुर्योधन यादव, आरक्षक बनवाली साहू, मोहन कोकिला, खिलेश नेताम का विशेष योगदान रहा।

### ये है खाताधारकों

बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्राम हीरापुर निवासी उमेश कुमार निषाद पिता संतराम (उम्र 28), ग्राम तरौद निवासी अभिषेक चौरे पिता अशोक चौरे (उम्र 21), ग्राम हर्राठेमा निवासी जितेंद्र कुमार पिता शान्ता राम गावड़े (उम्र 24) एवं बालोद नगर के जवाहर पारा वार्ड-11 निवासी खिलेंद्र रायपुरिया पिता रामसेवक रायपुरिया (उम्र 25) को गिरफ्तार किया गया हैं।

### खाता उपलब्ध कराने वाले संवर्धक ब्रोकर

बालोद थाना क्षेत्रान्तर्गत सजंय नगर दशहरा तालाब के पास निवासी नारायण सोलवंशी उर्फ बबलू पिता भुखऊ राम (उम्र 37), रायपुर जिले के डीडी नगर थाना अंतर्गत वार्ड-69 इंद्रप्रस्थ कालोनी रायपुरा निवासी उत्कर्ष गुप्ता पिता हर्रशद गुप्ता (उम्र 38), नवापारा राजिम निवासी करण यादव पिता अशोक यादव (उम्र 25) व हिमांशु ईसरानी पिता गोविंद ईसरानी (उम्र 26) और गरियाबंद जिला निवासी अजमल रजा उर्फबाबर पिता गुलाम मोहम्मद (उम्र 27) को गिरफ्तार किया गया हैं।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने प्रचार हेतु ईवीएम मशीन की लाइव डेमो का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह एक दिवसीय बस्तर जिले के प्रवास के दौरान जगदलपुर शहर के संजय बाजार के समीप जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मतदान प्रणाली में प्रयुक्त की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की लाइव डेमोंस्ट्रेशन का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से मशीन के उपयोग और महापौर, पार्षद प्रत्याशियों के लिए मतदान करने के संबंध में चर्चा किए। साथ ही डेमोट्रेशन कार्य में लगे अधिकारियों से मशीन की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने संजय बाजार के समीप स्वामी आत्मानंद स्कूल के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया.उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सिंह ने मतदान केंद्र पर दिवाल लेखन की सराहना की, इसके साथ ही संगवारी बूथ, महिला मतदान केंद्र की व्यवस्था का भी संज्ञान लिया।

# अगला विधान सभा चुनाव टीएस बाबा के चेहरे पर लड़ेगी कांग्रेस : चरण दास महंत



पायनियर संवाददाता ➤ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के नेता डॉ. चरण दास महंत द्वारा नगरीय निकाय चुनाव दौरान उनका एक बयान सुर्खियों में है। अंबिकापुर में नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के दौरान डा. महंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अगला विधानसभा चुनाव टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ेगी। उनके इस बयान से प्रदेश के राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। नगरीय निकाय चुनाव में महापौर प्रत्याशी के प्रचार के लिए अंबिकापुर पहुंचे डॉ. चरणदास महंत ने टीएस सिंहदेव की मौजूदगी में आम सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम लोग एक जुट नहीं होने की वजह से पिछला चुनाव हार गए थे, लेकिन अब हम सब लोग एक साथ रहेंगे। महाराज (टीएस सिंहदेव) की अगुवाई में अगला विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सामूहिक नेतृत्व में अगला विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा. निश्चित रूप से अगली बार प्रदेश में हमारी सरकार बनेगी।

## जनता के साथ साथ अब कांग्रेस ने भी किया भूपेश बघेल से किनारा : किरण देव



रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के उस बयान पर कटाक्ष किया है, जिसमें महंत ने अगला विधानसभा चुनाव पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ने का ऐलान किया है। देव ने कहा कि महंत का यह बयान कांग्रेस के भीतर चल रहे सत्ता-संघर्ष और गुटीय घमासान का ही परिचायक है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की पूरी विचारधारा ही भ्रष्टाचार-केंद्रित है। कांग्रेस नेताओं का संकल्प भ्रष्टाचार करना ही है। कांग्रेस की यह विचारधारा भूपेश बघेल और एजाज ढेबर को बनाती है, फिर उसे 'यूज एण्ड थ्रो' कर देती है, फिर नए बघेल और ढ़ेबर तलाशती है जो जनता से लूट कर सकें। यही कांग्रेस की विचारधारा है। कांग्रेस के डीएनए में रचा-बसा भ्रष्टाचार कभी खत्म नहीं होगा, चाहे नेतृत्व कांग्रेस में कोई भी करे। कांग्रेस को अपने नित-नए 'एटीएम' खोलने वाले नेता चाहिए, वह कौन होगा, कांग्रेस को उससे कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता ने इस बात को माना था कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में प्रदेश में भयंकर भ्रष्टाचार हुआ, घपले-घोटाले हुए, छत्तीसगढ़ महतारी के खजाने को लूटा गया, जनता के अधिकारों को छीना गया। और अब, जबकि जनता ने कांग्रेस से किनारा कर लिया तो अब कांग्रेस भी बघेल से किनारा कर रही है। एक तरह से बघेल के नेतृत्व को महंत ने ठुकरा दिया है। अगले विधानसभा चुनाव में अभी चार साल चल पड़े हैं, लेकिन उसके पहले ही महंत ने इस बात की घोषणा करके कहीं-न-कहीं बघेल को एक संदेश दे दिया है कि उनका नेतृत्व कांग्रेस को स्वीकार नहीं है। कुछ समय पहले तक एक ही नारा चलता था- भूपेश है, तो भरोसा है; और आज कांग्रेस पार्टी का ही भरोसा उन पर नहीं रहा। भाजपा इस बात को बार-बार कहती आई है कि कांग्रेस में लड़ाई केवल सत्ता की है। कांग्रेस का इतिहास रहा है कि सत्ता की प्राप्ति के लिए वह कुछ भी कर जाती है। कांग्रेस के लोग 5 साल कुर्सी की लड़ाई में लगे रहे, लूट की लडाई में लगे रहे कि कौन ज्यादा लूट सकता है? इस बात को महंत ने प्रमाणित भी कर दिया कि जिस प्रकार की खेमेबाजी, गुटबाजी कांग्रेस में नजर आ रही है कि कांग्रेस के लोगों में केवल सत्ता के लिए ही बड़ी लड़ाई चल रही है।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिका निर्वाचन 2025 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस. जयवर्धन के निर्देशन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सूरजपुर कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभाकक्ष में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का कमिशनिंग कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण में दिया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पी.सी. सोनी, प्राचार्य एवं शंभु प्रसाद निशाद, प्राचार्य द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर के स्तर पर कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट में की जाने वाली तैयारियों को विस्तार पूर्वक बताया गया एवं कंट्रोल यूनिट के कंडिडेट सेट बटन के माध्यम से वार्ड नंबर सेट करना, बूथ नंबर सेट करना, पदों की संख्या, पहले पद के लिए अभ्यर्थियों की संख्या एवं सीटों की संख्या सेट करना, दूसरे पद हेतु कैंडिडेट संख्या एवं सीट संख्या सेट करना के बारिकियों से अवगत कराया गया। बैलेट यूनिट के तैयारियों के अंतर्गत मतपत्र स्क्रीन पर अध्यक्ष एवं पार्षद के मत पत्रों को सही ढंग से लगातार बैलेट पेपर स्क्रीन को एड्रेस टैग से सील्ड करना, अध्यक्ष पद और पार्षद पद के पदनाम बटनों को ढंकना, चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों तथा नोटा बटन को खुला रखना, अंतिम लाल रंग का इण्ड बटन को खुला रखना, स्लाइड स्विच को सही स्थिति में सेट करना, बैलट यूनिट के टॉप और बॉटम को एक-एक एड्रेस ट्रेग लगाकर सील्ड करना, बैलेट यूनिट के बॉटम पर पिंक पेपर सील लगाने के बारे में जानकारी दी गई।

# नगरीय निकाय निर्वाचन में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आगामी 11 फरवरी को जिले सहित प्रदेशभर में नगरीय निकाय के निर्वाचन होने वाले हैं। इसी के परिपेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह के निर्देशानुसार नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डों में ईवीएम मशीन का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिससे नगरवासी ईवीएम की कार्यप्रणाली से अवगत हो और उनका विश्वास बढ़े। इसी तारतम्य में नगर पालिका परिषद गोबरा-नवापारा में आमजनों के लिए ईवीएम मशीन का प्रदर्शन किया गया। साथ ही मतदाता जागरूकता वैन के माध्यम से एक मशीन से दो वोट करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को आगामी निर्वाचन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने जागरूक किया जा रहा है।



# चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर को एम.सी.एच. सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की 03 सीटों की मंजूरी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के कैंसर विभाग (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) को राष्ट्रीय कैंसर दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (चिकित्सा शिक्षा -1) ने नेशनल मेडिकल कमीशन (एन.एम.सी.) को निर्देशित किया है कि चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विषय में सुपर स्पेशलाइजेशन पाठ्यक्रम (एम.सी.एच.) के लिए 03 सीटों की स्वीकृति प्रदान की जाए। इससे यह महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम इसी शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ किया जा सकेगा।

### प्रदेश में कैंसर उपचार को मिलेगा नया आयाम

उल्लेखनीय है कि चिकित्सा महाविद्यालय के कैंसर विभाग में पहले से एम.डी. (रेडियोथेरेपी) की 6 मान्यता प्राप्त सीटें पहले से संचालित की जा रही हैं। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विषय में सुपर स्पेशलाइजेशन पाठ्यक्रम की स्वीकृति के बाद अब प्रदेश के कैंसर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल पाएगी। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी और सर्जिकल आंकोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि रायपुर मेडिकल कॉलेज मध्य भारत का पहला शासकीय चिकित्सा संस्थान है, जहां यह विशेष पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। महाविद्यालय के एन.एम.सी. सेल के चेयरमैन डॉ. अरविंद नेरल ने बताया कि गत वर्ष इस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन कुछ कमियों के कारण एन.एम.सी. ने एल.ओ.पी. (लेटर ऑफ परमिशन) जारी नहीं किया था। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इन कमियों को दूर कर दो बार पुनर्विचार के लिए अपील की गई। हाल ही में एन.एम.सी. के निर्देशानुसार सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. आशुतोष गुप्ता को व्यक्तिगत रूप से नई दिल्ली भेजा गया, जहां स्टाफ, अधोसंरचना, उपकरण, क्लिनिकल सुविधाओं और उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की गई। संतोषजनक मूल्यांकन के बाद एन.एम.सी. ने एम.सी.एच. पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की।

### कैंसर मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

एम.सी.एच. सर्जिकल ऑन्कोलॉजी पाठ्यक्रम के शुरू होने से कैंसर के मरीजों को उन्नत शल्य चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। प्रदेश को सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के सुपर-विशेषज्ञ मिलेंगे। चिकित्सा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और शोध के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से छत्तीसगढ़ के कैंसर रोगियों को अत्याधुनिक उपचार की सुविधा मिलेगी और चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर कैंसर उपचार और शोध के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403